
बैशाख कृष्ण पक्ष दशमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 3 मई 2024
वर्ष 5, अंक 166, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार
बरेली
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



तेजी से होता था प्रारंभिक आकाशगंगाओं का विकास 14

नंद घर मुहिम से जुड़े मनोज वाजपेयी 13










## केंद्र सरकार ने कहा, हमारे नियंत्रण में नहीं सीबीआई

नई दिल्ली, एजेंसी

- प. बंगाल सरकार के एक वाद पर सुप्रीम कोर्ट में दिया जवाब

केंद्र सरकार ने गुरुवार को उच्चतम न्यायालय में कहा कि केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) उसके 'नियंत्रण' में नहीं है। केंद्र ने पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से दायर वाद पर अपनी आपत्तियों में यह बात कही।

दरअसल बंगाल सरकार ने अपने वाद में कहा है कि सीबीआई राज्य की पूर्वानुमति के बिना कई मामलों में अपनी जांच आगे बढ़ा रही है। पश्चिम बंगाल सरकार ने संविधान के अनुच्छेद 131 के तहत केंद्र के खिलाफ शीर्ष अदालत में एक मूल मुकदमा दायर किया है जिसमें आरोप लगाया गया है कि सीबीआई प्राथमिकी दर्ज कर रही है और अपनी जांच आगे बढ़ा रही है जबकि राज्य ने अपने अधिकार क्षेत्र में संघीय एजेंसी को मामलों की जांच के लिए दी गई आम सहमति वापस ले ली है। केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ को बताया कि राज्य ने जो वाद दायर किया है और उसमें जिन मामलों का जिक्र है वे केन्द्र ने दर्ज नहीं किए हैं बल्कि सीबीआई ने दर्ज किए हैं।

# 'शहजादे' को प्रधानमंत्री बनाने के लिए उतावला है पड़ोसी मुल्क

आणंद (गुजरात), एजेंसी

**गुजरात में गरजे मोदी, कहा-कांग्रेस पाकिस्तान की मुरीद**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कांग्रेस को 'पाकिस्तान का मुरीद' करार देते हुए आरोप लगाया कि भारत की सबसे पुरानी पार्टी आज जब 'मर' रही है तो उसके लिए पड़ोसी मुल्क के नेता दुआ कर रहे हैं और 'शहजादे' को प्रधानमंत्री बनाने के लिए उतावले हैं क्योंकि देश के दुश्मन यहां एक कमजोर सरकार चाहते हैं। मध्य गुजरात के आणंद शहर में आणंद और खेड़ा लोकसभा सीट पर भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने यह आरोप भी लगाया कि कांग्रेस देश के संविधान में बदलाव कर मुस्लिमों को अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) समुदायों का आरक्षण देना चाहती है।

लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस को पाकिस्तान के साथ जोड़ने का मोदी का बयान ऐसे समय में आया है जब एक दिन पहले पाकिस्तान में इमरान खान की कैबिनेट में मंत्री रहे चौधरी फवाद हुसैन ने कथित तौर पर अपने सोशल मीडिया हैंडल पर राहुल गांधी का एक वीडियो साझा किया था और उनकी तारीफ की थी। मोदी ने कटाक्ष किया कि संयोग देखिए, आज भारत में कांग्रेस कमजोर हो रही है। मजा ये है कि यहां कांग्रेस मर रही है और वहां पाकिस्तान रो रहा है। कांग्रेस के लिए अब पाकिस्तानी नेता दुआ कर रहे हैं। शहजादे (राहुल गांधी की ओर इशारा करते हुए) को प्रधानमंत्री बनाने के लिए पाकिस्तान उतावला है। उन्होंने कहा कि यह आश्चर्य की बात नहीं है क्योंकि हम पहले से ही जानते हैं कि कांग्रेस पाकिस्तान की 'मुरीद' है। पाकिस्तान और कांग्रेस की साझेदारी का पर्दाफाश हो गया है।

### निजीकरण लागू कर आरक्षण छीन रही सरकार : राहुल



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केन्द्र की मोदी सरकार पर अंधाधुंध तरीके से निजीकरण लागू करके दलितों, आदिवासियों और पिछड़े वर्गों से गुपचुप तरीके से आरक्षण छीनने का गुरुवार को आरोप लगाया और कहा कि उनकी पार्टी सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों को मजबूत करने और रोजगार के दरवाजे खोलने की गारंटी देती है। कांग्रेस नेता ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि आरक्षण समाप्त करने का नरेन्द्र मोदी के अभियान का मंत्र है-'न रहेगा बांस न बजेगी बांसुरी' मतलब न तो सरकारी नौकरियां रहेंगी और न ही आरक्षण देना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार निजीकरण से सरकारी नौकरियों को खत्म कर चुपके-चुपके दलितों, आदिवासियों और पिछड़ा वर्ग से आरक्षण छीन रही है। उन्होंने कहा कि 2013 में सार्वजनिक क्षेत्रों में 14 लाख स्थायी पद थे जो 2023 तक आते आते सिर्फ 8 .4 लाख ही बचे हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि बीएसएनएल, सेल, भेल जैसे सार्वजनिक क्षेत्र के शीर्ष उपक्रमों को बरबाद करके सार्वजनिक क्षेत्र से कम से कम छह लाख स्थाई नौकरियां छीन ली गईं।


# अब यूपी में बन रहीं मिसाइल और तोप... पाकिस्तान में बरसेंगे गोले

## गृहमंत्री अमित शाह ने चुनावी जनसभा में कांग्रेस और सपा पर साधा जमकर निशाना

## वोट बैंक खिसकने के डर से रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में नहीं गए विपक्षी

- राहुल की भारत जोड़ो यात्रा का कांग्रेस ढूंढो यात्रा से होगा समापन

कार्यालय संवाददाता, बरेली



**अमृत विचार :** गृहमंत्री अमित शाह ने यह कहते हुए समाजवादी पार्टी पर निशाना साधा कि उसके शासन में यूपी में देसी कट्टे बनाने के कारखाने थे, अब मिसाइल और तोप बन रही हैं जो पाकिस्तान पर गोले बरसाने का काम करेंगी। उन्होंने कांग्रेस पर अयोध्या में राम मंदिर के मामले को 70 साल तक लटकाने का आरोप लगाते हुए कहा कि मोदी सरकार में राम मंदिर बनने के बाद प्राण प्रतिष्ठा भी हुई लेकिन कांग्रेस और सपा के नेता निमंत्रण के बाद भी वोट बैंक खिसकने के डर से वहां नहीं गए।

गृहमंत्री गुरुवार को बरेली के हार्टमन रामलीला मैदान पर भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा के सामने घमंडिया इंडी गठबंधन चुनाव लड़ रहा है। शहजादे राहुल बाबा ने चुनाव की शुरुआत भारत जोड़ो यात्रा से की थी, लेकिन आज बरेली में कहकर जा रहा हूं कि चार जून के बाद कांग्रेस ढूंढो यात्रा से इसका समापन होगा।

उत्तर प्रदेश की जनता एक बार फिर गुंडाराज और परिवारवाद को नकारकर भाजपा के विकासवाद को चुनने जा रही है। दो चरणों के चुनाव में कांग्रेस दूरबीन लेकर ढूंढने से भी नजर में नहीं आ रही है। प्रधानमंत्री मोदी सेंचुरी मारकर 400 की दौड़ में बहुत आगे निकल चुके हैं। अमित शाह ने कहा कि यह चुनाव नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री, देश के अर्थतंत्र को संसार में तीसरे नंबर का अर्थतंत्र और तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने का चुनाव है। आतंकवाद और नक्सलवाद को समाप्त करने का चुनाव है। सपा-कांग्रेस को तुष्टीकरण की राजनीति करने वाली पार्टी बताते हुए कहा कि कांग्रेस के लोग धारा 370 को 70 साल से संभाले थे। प्रधानमंत्री ने दूसरे कार्यकाल में इसे समाप्त कर इस देश को आतंकवाद से मुक्त किया है। इस दौरान मंच पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, लोक निर्माण विभाग के मंत्री जितिन प्रसाद, मंत्री कपिल देव अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### बदायूं में बोले शाह, ये देश के विकास का चुनाव

**बदायूं, अमृत विचार :** गृहमंत्री अमित शाह ने गुरुवार को इस्लामिया इंटर कॉलेज के मैदान में भाजपा प्रत्याशी दुर्विजय सिंह के समर्थन में चुनावी रैली को संबोधित किया। अपने बीस मिनट के भाषण में सपा और कांग्रेस पर तंज कसे। आंतकवाद से लेकर राम मंदिर निर्माण, धारा 370 हटाने और पुलवामा हमले तक का जिक्र किया। साथ ही उत्तर प्रदेश में हो रहे विकास की बात की। गृहमंत्री ने कहा कि यह चुनाव देश को दुनिया के तीसरे नंबर का अर्थतंत्र बनाने, आतंकवाद-नक्सलवाद समाप्त करने के साथ ही विकास का चुनाव है। कहा कि बाबा विश्वनाथ, अयोध्या के बाद अब सोमनाथ मंदिर को सोने का बनाने जा रहे हैं। कश्मीर में धारा 370 हटे पांच साल हो गए, वहां खून की नदियां छोड़ो किसी की कंकर चलाने की हिम्मत नहीं है। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि मल्लिकार्जुन खरगे कहते हैं राजस्थान और यूपी वालों का कश्मीर से क्या लेना-देना है। खरगे साहब 80 पार कर गए, मगर यूपी वालों को नहीं जानते हो। यहां का बच्चा-बच्चा कश्मीर के लिए जान देने का तैयार है। कहा कि सपा का मतलब सिर्फ परिवारवाद है। इसीलिए स्थानीय यादवों का बदायूं से चुनाव लड़ने का कभी नंबर नहीं आया।

### एक नजर

**सिसोदिया ने हाईकोर्ट में लगाई जमानत की गुहार**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ने दिल्ली आबकारी नीति मामले में जमानत के लिए गुरुवार को दिल्ली उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। सिसोदिया की जमानत याचिका को तत्काल सुनवाई के लिए भेजा गया और इस पर तीन मई को सुनवाई होगी। 'आप' नेता ने दोनों मामलों में जमानत मांगी है, एक ईडी द्वारा दर्ज है और दूसरे की जांच सीबीआई कर रही है।

**दिल्ली-दुबई के बीच ए350 विमान का परिचालन शुरू**

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया ने बुधवार को दिल्ली-दुबई उड़ान मार्ग पहली बार ए350 विमान का परिचालन किया। अंतर्राष्ट्रीय मार्ग पर ए350 विमान के साथ एयरलाइन की यह पहली उड़ान है। कंपनी की योजना आने वाले महीनों में और अधिक विदेशी मार्गों पर इस विमान का इस्तेमाल करने की है। टाटा समूह के स्वामित्व वाली यह एयरलाइन अब दिल्ली और दुबई के बीच दैनिक सेवा संचालित कर रही है।

# बृजभूषण नहीं, बेटा लड़ेगा कैसरगंज सीट से चुनाव

## भाजपा ने कैसरगंज से करण भूषण सिंह पर जताया भरोसा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- रायबरेली से मंत्री दिनेश प्रताप सिंह को बनाया प्रत्याशी



करण भूषण सिंह



दिनेश प्रताप सिंह

**अमृत विचार :** नामांकन की आखिरी तारीख से एक दिन पहले भाजपा ने गुरुवार को रायबरेली और कैसरगंज लोकसभा सीट से भी अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी। भाजपा ने कैसरगंज लोकसभा सीट से सांसद बृजभूषण शरण सिंह को टिकट न देकर उनके छोटे पुत्र करण भूषण सिंह को उम्मीदवार घोषित किया है। वहीं, रायबरेली से राज्य सरकार में मंत्री दिनेश प्रताप सिंह को टिकट दिया गया है। करण भूषण सिंह जहां पहली बार लोकसभा चुनाव में किस्मत आजमाएंगे वहीं, दिनेश प्रताप सिंह पिछली बार भी रायबरेली से सोनिया गांधी के खिलाफ भाजपा से चुनाव लड़ चुके हैं। दोनों सीटों पर शुक्रवार को नामांकन का अंतिम दिन है।

बृजभूषण के बेटे करण भूषण सिंह उत्तर प्रदेश कुश्ती संघ के अध्यक्ष हैं। इससे पहले वह भारतीय कुश्ती महासंघ के उपाध्यक्ष भी रह चुके हैं। जबकि बृजभूषण के बड़े बेटे प्रतीक भूषण सिंह भाजपा से गोंडा सदर विधान सभा से विधायक हैं। दरअसल, कैसरगंज सीट पर बृजभूषण की मजबूत पकड़ है। ऐसे में पहले से ही कयास लगाए जा रहे थे कि भाजपा उनके किसी परिजन को टिकट दे सकती है। बृजभूषण खुद भी चुनाव लड़ना चाहते थे, लेकिन महिला पहलवानों वाले प्रकरण से उनकी उम्मीदवारी खतरे में पड़ गई।

### रायबरेली में प्रियंका व अमेठी से राहुल लड़ेंगे चुनाव

**लखनऊ।** कांग्रेस ने अमेठी व रायबरेली सीटों से आधिकारिक तौर पर प्रत्याशियों की घोषणा भले ही न की हो पर पार्टी की ओर से बनाए गए माहौल से साफ संकेत मिल रहे हैं कि अमेठी से राहुल व रायबरेली सीट से प्रियंका गांधी चुनाव लड़ेंगी। इस बीच, प्रदेश कांग्रेस ने कहा कि तीन मई को अमेठी में पार्टी नेता राहुल गांधी का रोड शो होगा। इसके लिए प्रशासन से अनुमति मिल गई है। पार्टी सूत्रों के अनुसार दोनों सीटों पर प्रत्याशियों की आधिकारिक तौर पर देर रात तक घोषणा होने की संभावना है। गुरुवार को दोनों सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा व नामांकन पत्र लिए जाने को लेकर गहमागहमी रही। चर्चा रही कि पार्टी की ओर से दोनों नेताओं के लिए नामांकन पत्र ले लिए गए हैं पर इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी।

**अमेठी में राहुल गांधी का रोड शो आज**

# लोगों की जान के पीछे भी पड़ी है भाजपा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सपा प्रमुख ने कहा- वैक्सीन लगवाकर भाजपा ने लोगों की जिंदगी से किया खिलवाड़
- आंवला प्रत्याशी नीरज मौर्य के समर्थन में देवचरा में चुनावी जनसभा को किया संबोधित



**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने कोरोना वैक्सीन के मुद्दे पर भाजपा पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग संविधान के साथ लोगों की जान के पीछे भी पड़े हुए हैं। जनता को जबर्दस्ती जो वैक्सीन लगाई गई थी, उससे अब जान का खतरा पैदा हो गया है। वैक्सीन लगाने के बाद लोगों को जो सर्टिफिकेट दिया गया था, अब वे उसी को देखकर वोट डालने जाएंगे।

सपा प्रमुख गुरुवार को देवचरा बाजार के पास आंवला लोकसभा क्षेत्र के पार्टी प्रत्याशी नीरज मौर्य के समर्थन में जनसभा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अब तो यह बात कोर्ट से भी आ गई है कि जिन लोगों को वैक्सीन लगाई गई है, उनमें से 80 फीसदी को कोई न कोई बीमारी हो सकती है। उन्होंने कहा कि घर जाकर सोच-विचार करना कि भाजपा ने लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ किया है या नहीं। बोले, जिन लोगों के पास वैक्सीन लगवाने का सर्टिफिकेट है, वे चिंता में पड़ गए हैं कि कहीं वह बीमार न पड़ जाएं। अखिलेश ने कहा कि वह भाजपा के झांसे में नहीं आए और वैक्सीन नहीं लगवाई, लेकिन भाजपा ने और सभी को वैक्सीन लगा दी। अब वे लोग सर्टिफिकेट देखकर ही वोट डालने जाएंगे। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा की सरकार विपक्ष से डरी हुई है। दिल्ली के मुख्यमंत्री को झूठे मुकदमे में फंसा कर जेल भेज दिया। यही झारखंड के मुख्यमंत्री के साथ किया। विपक्ष के बड़े नेताओं के साथ ब्लॉक और गांव के नेताओं पर भी भाजपा झूठे मुकदमे लगा रही है। अखिलेश ने कहा कि भाजपा की हालत हारते हुए उस पहलवान जैसी हो गई है जो लड़ने के बजाय काटना और नोचना शुरू कर देता है। जनसभा में विधायक अताउर रहमान, पूर्व सांसद वीरपाल सिंह यादव, पूर्व विधायक महिपाल सिंह, आरके शर्मा, विजयपाल, जिला और महानगर के अध्यक्षों के साथ तमाम नेता मौजूद रहे।

### भाजपा ने क्षत्रिय समाज को किया अपमानित

सपा प्रमुख ने भाजपा पर क्षत्रिय समाज को अपमानित करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सपा की सरकार के दौरान महाराणा प्रताप के सम्मान में अवकाश घोषित किया था लेकिन अब उन्हें मानने वाले समाज को भाजपा अपमानित कर रही है।

## जिंदा है गोल्डी बराड़ मौत की खबर गलत

**वाशिंगटन।** अमेरिका के कैलिफोर्निया राज्य की पुलिस ने इन खबरों को खारिज किया है कि फ्रेस्नो शहर में हुई गोलीबारी में मारा गया व्यक्ति कनाडा निवासी आतंकवादी सतिंदरजीत सिंह उर्फ गोल्डी बराड़ था। बराड़ को पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या की घटना का मास्टरमाइंड बताया जाता है।

फ्रेस्नो बी अखबार की खबर के अनुसार, फेयरमोंट-होल्ट एवेन्यू की एक गली में गैंगवार की घटना में मारे गए व्यक्ति की पहचान 37 वर्षीय जेवियर ग्लैडनी के रूप में हुई है। पुलिस ने यह भी कहा कि यह घटना भारत में हुई मूसेवाला की हत्या से जुड़े मामले से संबंधित नहीं है।

# 2जी स्पेक्ट्रम फैसले में संशोधन की केंद्र की याचिका अस्वीकार

नई दिल्ली, एजेंसी

- सुप्रीम कोर्ट की रजिस्ट्री का फैसला



सुप्रीम कोर्ट की रजिस्ट्री ने 2जी स्पेक्ट्रम मामले में न्यायालय के 2012 के फैसले में संशोधन के अनुरोध वाली केंद्र की याचिका को विचारार्थ स्वीकार करने से संभवतः इनकार कर दिया है।

कोर्ट ने अपने फैसले में कहा था कि सरकार देश के प्राकृतिक संसाधनों के हस्तांतरण में नीलामी का रास्ता अपनाने के लिए बाध्य है। सूत्रों ने बताया कि शीर्ष अदालत की रजिस्ट्री ने सरकार की याचिका को गलत व्याख्या वाली और स्पष्टीकरण के अनुरोध की आड़ में फैसले पर पुनर्विचार का प्रयास करार दिया। रजिस्ट्रार ने सुप्रीम कोर्ट नियमावली 2013 के प्रावधानों के अनुरूप इसे स्वीकार करने से इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट के नियम के अनुसार, रजिस्ट्रार इस आधार पर याचिका लेने से इनकार कर सकता है कि इसमें कोई उचित कारण नहीं है, लेकिन याचिकाकर्ता इस तरह के आदेश के 15 दिनों के भीतर प्रस्ताव के माध्यम से अपील कर सकता है। शीर्ष अदालत ने दो फरवरी 2012 के अपने फैसले में जनवरी 2008 में दूरसंचार मंत्री के रूप में ए. राजा के कार्यकाल के दौरान विभिन्न कंपनियों को दिए गए 2जी स्पेक्ट्रम लाइसेंस रद कर दिए थे।

## बर्ड फ्लू को लेकर प्रदेश में अलर्ट

**लखनऊ।** झारखंड के रांची स्थित राजकीय कुक्कट फार्म में बर्ड फ्लू का मामला सामने आने के बाद पशुपालन विभाग ने प्रदेश में अलर्ट जारी किया है। सभी जिलों में सर्विलांस के लिए रैपिड रिस्पांस टीम सक्रिय कर पक्षियों के सैंपल लेने के निर्देश दिए गए हैं।

निदेशक रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र पशुपालन विभाग डॉ. पीएन सिंह ने बताया कि बर्ड फ्लू को लेकर सभी मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारियों को सावधानी और रोकथाम के निर्देश दिए गए हैं। जिलों पर रैपिड रिस्पांस टीम को सक्रिय किया है। जो पोल्ट्री फार्म, दुकान, पक्षी अभ्यारण्य, नेशनल पार्क, जलाशय बार्डर से लगे क्षेत्रों में सर्विलांस करेंगी।

# प्रज्ज्वल रेवन्ना के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी

कलबुर्गी (कर्नाटक), एजेंसी

**सेक्स स्कैंडल मामला**



- 24 घंटे में पेश न होने पर एसआईटी करेगी गिरफ्तार

कर्नाटक के गृहमंत्री डॉ. जी परमेश्वर ने गुरुवार को कहा कि महिलाओं के यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहे हासन से जनता दल (एस) सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना को गिरफ्तार करने के लिए लुकआउट सर्कुलर जारी किया गया है। प्रज्ज्वल इस समय विदेश में हैं। इस वजह से एसआईटी के सामने पेश होने के लिए सात दिन और मांगे जाने पर उन्होंने कहा कि 24 घंटे से अधिक समय देने का प्रावधान नहीं है। मंत्री ने संवाददाताओं से कहा कि यह लुकआउट नोटिस यह पता चलने के तुरंत बाद जारी किया गया कि प्रज्ज्वल रेवन्ना विदेश चले गए हैं। सभी बंदरगाहों और हवाई अड्डों को इस बारे में बता दिया गया है। प्रज्ज्वल रेवन्ना पूर्व प्रधानमंत्री और जद (एस) संरक्षक एचडी देवेगौड़ा के पोते और विधायक व पूर्व मंत्री एचडी रेवन्ना के बेटे हैं। इसके पहले हाल के दिनों में हासन में कथित तौर पर सांसद से जुड़े कुछ वीडियो क्लिप प्रसारित होने लगे थे। वे हासन से एनडीए उम्मीदवार हैं।


## दिल्ली महिला आयोग के 223 कर्मी बर्खास्त

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) के 223 संविदा कर्मचारियों को बर्खास्त करने संबंधी प्रस्ताव को मंजूरी दे दी जिसके बाद इस सिलसिले में एक आदेश जारी किया है। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। दिल्ली सरकार के महिला एवं बाल विकास (डब्ल्यूसीडी) विभाग ने डीसीडब्ल्यू को इन संविदा कर्मचारियों को बर्खास्त करने का निर्देश दिया है। उसका कहना है कि उन्हें उचित प्रक्रिया का पालन किए बिना काम पर रखा गया था। वहीं दिल्ली महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष और आम आदमी पार्टी (आप) की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल ने इस आदेश की आलोचना की है।

# मुख्यमंत्री बोले-गठबंधन को जाने वाला वोट होगा महापाप

## एटा में जनता का किया आह्वान- सपा-कांग्रेस से रहें सावधान, भाजपा उम्मीदवार राजवीर सिंह के समर्थन में की जनसभा

संवाददाता, एटा



**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस और सपा गठबंधन पर जमकर हमला बोला। कहा कि कांग्रेस-सपा गठबंधन से सावधान रहें। इनको जाने वाला वोट पाप की वजह होगा। कांग्रेस देश का इस्लामीकरण, तालिबानीकरण करके विभाजित करने का प्रयास कर रही है। जाति-समुदाय से हटकर मोदी जी के पक्ष में मतदान करें।

एटा के सैनिक पड़ाव में गुरुवार को भाजपा प्रत्याशी राजवीर सिंह राजू भैया के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबूजी कल्याण सिंह का सपना साकार हुआ है। अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर का निर्माण हुआ है। एक ओर मंदिर बना तो दूसरी और माफिया का राम-नाम सत्य हो गया। अब आपके सामने भगवान राम का विरोध करने वाले और राम भक्तों की टोली दोनों हैं। निर्णय आपको करना है। उन्होंने कहा कि पहले देश सुरक्षित नहीं था। पूरे देश में आतंकवादी हमले होते थे। अब कहीं जोर से पटाखा फूट जाए तो पाकिस्तान सफाई देता है कि उसका इसमें हाथ नहीं है। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस और सपा गठबंधन से सावधान रहने की अपील की। कहा कांग्रेस पिछड़ी जाति, अनुसूचित जाति के आरक्षण में से मुसलमानों को हिस्सा दे देगी। ये गुमराह कर वोट मांग रहे हैं। उन्होंने गोमाता- गोमांस का जिक्र कर माहौल को संजीदा करने का भी प्रयास किया। कहा कांग्रेस-सपा गोमांस खाने वालों के साथ है। ऐसे में गठबंधन को जाने वाला वोट पाप का कारण बनेगा। वोट देने में सावधानी बरतें। इस चुनाव में हमें व्यक्ति नहीं देखना, जाति नहीं देखनी, सिर्फ मोदी जी को देखना है। उन्होंने जनसभा में मौजूद जनता को भाजपा प्रत्याशी को जिताने का संकल्प दिलाया।

### कल्याण सिंह के प्रति जगाई संवेदना

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के प्रति जनसभा में मौजूद लोगों की संवेदना को उभारने का प्रयास किया। कहा कि कल्याण सिंह मुख्यमंत्री रहे, गवर्नर भी रहे, कई बार विधायक और सांसद रहे। उनकी मृत्यु हुई तो समाजवादी पार्टी ने संवदेना के दो शब्द व्यक्त नहीं किए। मुख्यमंत्री ने जनता से सवाल करते हुए कहा कि बाबूजी कल्याण सिंह को अपमानित करने वाली, राम को नकारने वाली और जनता के साथ खिलवाड़ करने वाली सपा और कांग्रेस आपका वोट पाने की अधिकारी है क्या? जनता ने जवाब दिया नहीं।

## एक नजर

### बेटियों को पीटा, बचाने पर मां को भी धमकाया

बरखेड़ा। थाना क्षेत्र के गांव इगरहा मुड़िया निवासी उषा पत्नी तिलकराम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके पति ने सात वर्ष पूर्व संबंध विच्छेद करके एक अन्य महिला से विवाह कर लिया था। पति की दूसरी पत्नी नीतू ने गुरुवार को पीड़िता की पुत्री पूनम व नीलू के साथ गाली गलौज की। विरोध करने पर पुत्रियों की पिटाई कर दी। जब इसकी जानकारी मिली तो वह मौके पर पहुंची और बीच बचाव कराया। इस पर आरोपी महिला ने मारने की धमकी दी। इंस्पेक्टर अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच करा रहे हैं।

### किशोरी को बहलाकर ले जाने की रिपोर्ट

बरखेड़ा। थाना क्षेत्र के एक ग्रामीण ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह 24 अप्रैल को काम पर गए थे। इस बीच उनकी सोलह वर्षीय पुत्री को गांव पृथ्वीपुर निवासी मोहम्मद नाजिम बहला फुसलाकर भगा ले गया। आरोपी के कहने पर पुत्री करीब ढाई लाख कीमत के जेवर और 50 हजार रुपये घर से ले गई। पुत्री की काफी तलाश की गई लेकिन पता नहीं चल सका। आरोपी के परिजन भी बेटी का पता बताने के बजाए धमका रहे हैं। इंस्पेक्टर अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी की तलाश की जा रही है। मामले को गंभीरता से लेते हुए छानबीन चल रही है।

### खेत में सुरक्षा के लिए लगाई बल्ली तोड़ी

बरखेड़ा। सिमरिया ताराचंद गांव के निवासी रामपाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गावं के ही रमेश चंद्र , रंजीत उर्फ टिंकू और संजीव कुमार से उनका पुराना विवाद है। पीड़ित खेत में गन्ने की फसल बोई गई थी। 29 अप्रैल को आरोपियों ने फसल की सुरक्षा के लिए मेड़ पर लगाई बल्ली व रस्सी तोड़ दी। इसका विरोध करने पर आरोपियों ने गाली गलौज कर मारने की धमकी दी। मारपीट भी की गई। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच में जुट गई है।

### युवक बेहोशी हालत में श्मशान घाट में मिला

पूरनपुर। कोतवाली क्षेत्र के गांव भगवंतापुर निवासी हरिओम पुत्र आसाराम करीब बीस दिन पूर्व रहस्यमय ढंग से लापता हो गया था। काफी खोजबीन के बाद भी युवक का सुराग नहीं लग सका था। गुरुवार को हरिओम गांव के पास शमशान घाट में बेहोशी की हालत में पड़ा मिला। जानकारी लगते ही परिजन शमशान घाट पहुंच गए। युवक को उपचार के लिए पूरनपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया है। जहां वह अभी कुछ बता नहीं पा रहा।

# बरेली हाईवे पर संभलकर करें सफर...यहां हर कदम पर हादसों का डर

## प्रशासन के सड़क हादसों की रोकथाम के दावों के बीच टूटे-फूटे डिवाइडर, स्ट्रीट लाइट न रिफ्लेक्टर, हादसे तो होंगे ही

संवाददाता, ललौरीखेड़ा (पीलीभीत)

**अमृत विचारः** इन दिनों सड़क हादसों की रोकथाम के लिए प्रशासन की ओर से चिन्हित ब्लैक स्पॉट पर सुधार कार्य करा रहा है। मकसद है कि नियमों के प्रति वाहन चालकों को जागरुक और सड़कों पर सुधार करके बढ़ती संख्या पर रोक लगाई जाए। मगर धरातल पर कई जगह बदइंतजामी अब भी हावी है। शहर से लेकर मुख्य मार्गों पर अधूरे इंतजाम हैं। सबसे खराब स्थिति बरेली हाईवे की है।

एक्सीडेंट जोन एरिया ग्राम ललौरीखेड़ा के पास बेपरवाह तस्वीर सामने है। डिवाइडर पर लगवाई गई स्ट्रीट लाइटें दो साल बाद भी रोशनी नहीं दे सकी हैं। कई जगह से डिवाइडर पर लगा जाल क्षतिग्रस्त हो चुका है तो कहीं टूटे फूट डिवाइडर मुसबीत बने हैं। ऊपर से दिन-रात हाईवे पर छुट्टा पशुओं का जमावड़ा रहता है। बरेली हाईवे पर ललौरीखेड़ा गांव के पास आए दिन हादसे होते हैं। यहां पुलिस चौकी, ब्लॉक कार्यालय, सीएचसी, एसएसबी कार्यालय समेत कई स्कूल व बाजार हैं। बताते हैं कि यहां दो साल से अधिक समय पहले डिवाइडर बनवाए गए। इसके बाद पोल लगाकर स्ट्रीट लाइट लगवा दी गई थी। जिसमे लाखों रुपए भी खर्च हो गए। मगर लंबे समय से हाईवे पर राहगीरों को रोशनी नहीं मिल सकी है। जबकि इस क्षेत्र में वाहनों की रफ्तार कइयों की जान भी ले चुकी है। नजदीक में ही एसएसबी कार्यालय है। एसएसबी के जवान अपने संधाधनों से घायलों की मदद करते रहे हैं। इसके अलावा छुट्टा पशुओं का भी जमावड़ा लगा रहता है। रात के वक्त एक किमी का ये इलाका अंधेरे में डूबा रहता है। जिससे अधिक दिक्कत होती है।


बरेली हाईवे पर ललौरीखेड़ा के पास डिवाइडर पर छुट्टा पशुओं का जमावड़ा। ● अमृत विचार


स्ट्रीट लाइट खराब होने पर रात के वक्त बरेली हाईवे पर ललौरीखेड़ा के पास पसरा अंधेरा। ● अमृत विचार

### टनकपुर हाईवे पर भी औपचारिक सुधार कार्य

टनकपुर हाईवे पर गौहनिया चौराहा के पास स्थित तालाब की रेलिंग बीते दिनों क्षतिगसत हो गई थी। रेलिंग का क्षतिग्रस्त हिस्सा तालाब में ही समां गया था। इसकी शिकायतें हुई तो जिम्मेदारों ने संज्ञान लेते हुए सुधार के निर्देश तो दिए लेकिन किया गया कार्य औपचारिक ही रहा। क्षतिग्रस्त हिस्से में सिर्फ मिट्टी डालकर बांस बल्ली लगा दी गई है। जिसे स्थायी इंतजाम नहीं कहा जा सकता। इसके अलावा रोशनी का भी पर्याप्त इंतजाम नहीं हो सका है।


टनकपुर हाईवे पर गौहनिया तालाब में क्षतिग्रस्त रेलिंग के स्थान पर लगाए गए बांस।


बरेली हाईवे पर ललौरीखेड़ा के पास बने डिवाइडर की क्षतिग्रस्त रेलिंग।


ललौरीखेड़ा ब्लॉक के पास हाईवे पर हर वक्त छुट्टा पशु रहते हैं। लाइट तो करीब दो साल से जली ही नहीं। अंधेरा होने की वजह से हादसे भी होते हैं। सिर्फ आश्वासन और दावे किए जाते हैं।धरातल पर काम भी दिखना चाहिए।
**– हरगोपाल, ग्राम हरचुईया**


हाईवे का इलाका होने के बाद भी अव्यवस्था हावी है। एक तरफ रात के वक्त रोशनी नहीं होती। छुट्टा पशु भी बड़ी संख्या में डिवाइडर के पास बैठे रहते हैं। जिससे कभी भी हादसा हो सकता है। सुधार कराया जाना चाहिए।
**– राजपाल, गांव कल्यानपुर खास**

डिवाइडर पर जो लोहे का जाल लगाया है। वह भी कई जगह से क्षतिग्रस्त है। लाइटें जलती ही नहीं है। आए दिन दुर्घटना होती हैं, उसके बाद भी कोई सुधि लेने वाला नहीं है। रात के वक्त आवागमन में दिक्कत अधिक है।
**– शेर सिंह, ग्राम खेड़ा**

# उधार लिए 4.80 लाख हड़पे, मांगने पर धमकाया

- सुनगढ़ी पुलिस ने पिता-पुत्र के खिलाफ दर्ज की एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** कैंसर पीड़ित दोस्त से व्यापार में लगाने के लिए एक व्यक्ति ने 4.80 लाख रुपये उधार लिए। दो माह में रकम लौटाने का वादा किया था। मगर बाद में कई बार तगादा करने के बाद भी रुपये नहीं लौटाए। सुनगढ़ी पुलिस ने आरोपी पिता-पुत्र के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

सुनगढ़ी थाना क्षेत्र के ग्राम मीरापुर तकिया निवासी सुधीर दीक्षित ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह कैंसर के मरीज हैं। उनकी मित्रता मोहल्ला बाग गुलशेर खां के रहने वाले पुरुषोत्तम यादव से थी। दोस्ती के चलते दोनों का एक-दूसरे के घर आना-जाना था। कुछ समय पूर्व पुरुषोत्तम यादव ने व्यापार में लगाने के लिए 4.80 लाख रुपये उधार लिए थे। कहा था कि दो माह के भीतर रकम वापस कर देगा। मगर अभी तक रकम नहीं लौटाई। रुपये वापस मांगने पर 12 अगस्त 2023 को आरोपी ने एक नोटरी शपथ पत्र दिया, जिसमें दो बार में रुपये लौटाने की बात कही थी। अक्टूबर 2023 तक रकम लौटाने का वादा कर दिया था। कई बार चक्कर लगाए लेकिन आरोपी टालमटोल करता रहा। पीड़ित को अपने इलाज के लिए रुपये की जरूरत है। ऐसे में 23 अप्रैल 2024 को तब रुपये मांगने के लिए गए तो पुरुषोत्तम यादव और उसके पिता राम औतार यादव ने साफ इनकार कर दिया। गाली गलौज करते हुए झगड़ा करने लगे। दोबारा आने पर जान से मारने की धमकी दी गई। इंस्पेक्टर पवन कुमार पांडेय ने बताया कि मामले में धोखाधड़ी, अमानत में खयानत, गाली गलौज और धमकाने की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। विवेचना में साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# छात्र बोला- शिक्षक पढ़ाते नहीं केवल टाइमपास करने आते हैं

- एसडीएम से फोन कर खाने की गुणवत्ता की शिकायत भी की
- दुर्जनपुर कलां गांव के विद्यालय का मामला, मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार ने दी हिदायत

संवाददाता, पूरनपुर


**अमृत विचारः** सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले एक छात्र ने फोन पर एसडीएम से घटिया क्वालिटी का मिड डे मील मिलने की शिकायत की। उसने कहा स्कूल में शिक्षक पढ़ाते नहीं केवल टाइम पास करते हैं। इसके बाद एसडीएम के निर्देश पर नायब तहसीलदार गांव पहुंचे और शिक्षक से जानकारी लेते हुए शिक्षण कार्य सुधारने के निर्देश दिए। उन्होंने मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता भी सुधारने को कहा। मामला चर्चा का विषय बना रहा। परिषदीय स्कूलों में शिक्षण कार्य और मध्यान्ह भोजन योजना की एक बच्चे ने पोल खोल दी। दो दिन पहले दुर्जनपुर कलां के एक परिषदीय स्कूल के छात्र ने फोन पर एसडीएम से शिकायत की। छात्र ने कहा कि स्कूल में शिक्षक खाली बैठे रहते हैं,पढ़ाते नहीं है। सिर्फ टाइम पास करने के लिए आते हैं। बच्चों को खुद ही किताब पढ़ने के लिए कहकर आपस में बातें करने लगते हैं। उसने एसडीएम से कहा कि स्कूल में मिलने वाला मिड डे मिल भी खराब दिया जा रहा है। सब्जी, दाल आदि भी खाने योग्य नहीं दी जाती। व्यस्तता के चलते एसडीएम ने खंड शिक्षा अधिकारी को निर्देश देते हुए मामले को दिखवाने को कहा लेकिन शिक्षा विभाग ने मामले नजरअंदाज कर दिया। अधिकारियों के न सुनने पर छात्र ने पहले एसडीएम फिर नायब तहसीलदार अभिषेक त्रिपाठी के पास फोन किया और अपनी शिकायत दोहराई। गुरुवार को नायब तहसीलदार अभिषेक त्रिपाठी दुर्जनपुर कला गांव पहुंचे। हालांकि इस दौरान स्कूल बंद हो चुका था लेकिन उन्होंने स्कूल में पढाने वाले शिक्षक को बुलाया और उनसे शिक्षण कार्य और मिड डे मील की जानकारी ली। उन्होंने फोन करने वाले बच्चों के बारे में भी जानकारी जुटाई लेकिन उसका पता नहीं चल सका। नायब तहसीलदार ने शिक्षक से शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा बच्चों को मेन्यू के मुताबिक गुणवत्ता वाला मिड डे मील दिया जाए। दोबारा शिकायत मिलने पर तहसीलदार ने कार्रवाई की चेतावनी दी।

फोन पर छात्र ने सरकारी स्कूल में शिक्षा व्यवस्था खराब होने की शिकायत की । गांव पहुंचकर शिक्षक को सुधार करने के लिए कहा गया है। मिड डे मील मेन्यू के मुताबिक देने को कहा गया है।
**– अभिषेक त्रिपाठी**, नायब तहसीलदार

## एडवांस में हाजिरी लगाकर शिक्षक लापता

संवाददाता, बरखेड़ा

**अमृत विचारः** बेसिक शिक्षा विभाग का एक शिक्षक ने अपनी एडवांस में उपस्थिति रजिस्टर में दर्ज कर दी गई। उपस्थिति रजिस्टर का फोटो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद खलबली मच गई है। मामला भैंसहा ग्वालपुर गांव के उच्च प्राथमिक विद्यालय का बताया जा रहा है। यहां पर तैनात एक शिक्षक की ओर से तीन मई 2024 की तिथि में भी अपनी हाजिरी लगा दी गई। जबकि गुरुवार को दो मई थी। ऐसे में एक दिन की एडवांस हाजिरी लगाने पर मामला चर्चा का विषय बन गया। रजिस्टर का फोटो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ। विद्यालय के प्रधानाध्यापक साधूराम वर्तमान में चिकित्सा अवकाश पर चल रहे हैं। विद्यालय का चार्ज एक अनुदेशक पर चल रहा है। प्रधानाध्यापक ने बताया कि शिक्षक इसी विकास क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय बकैनिया तालुके महद मे कार्यरत थे। तत्कालीन खंड शिक्षा अधिकारी के द्वारा 18 में 2023 को इनका अटैचमेंट हमारे विद्यालय में किया गया था। मामला संज्ञान में आया है। अभी अवकाश पर चल रहा हूं। वापसी के बाद जानकारी कराई जाएगी।


सोशल मीडिया पर वायरल हुआ उपस्थिति रजिस्टर का फोटो।

# पूर्व सभासद ने रंगदारी वसूलने व गुमराह करने का लगाया आरोप

- मुफ्त में प्लाट नहीं मिलने पर भू माफिया ठहराने का भी आरोप

संवाददाता, बिलसंडा

**अमृत विचारः** नगर पंचायत के पूर्व सभासद ने रौतापुर मार्ग पर जिस महिला से जमीन का बैनामा कराया, उसी जमीन पर अवैध कब्जा का आरोप लगाते हुए कुछ लोगों ने अधिकारियों को ट्वीट कर न केवल गुमराह किया, बल्कि वीडियो वायरल कर भू माफिया करार देने का प्रयास कर दिया। अब मामले में पूर्व सभासद ने उक्त लोगों पर रंगदारी वसूलने समेत कई गंभीर आरोप लगाते हुए तहरीर दी है।

मोहल्ला हाथीखाना की पूर्व सभासद प्रियंक तिवारी उर्फ मुल्लन ने बताया उन्होंने नगर के रौतापुर मार्ग पर करीब सवा बीघा जमीन रौतापुर निवासी नीरज गुप्ता की पत्नी साधना गुप्ता से खरीदी थी। उसका बैनामा भी 23 मार्च 2024 को करा लिया। इसके के बाद जब जमीन को समतल कराना शुरू किया। आरोप है कि नगर के ही कुछ लोगों ने मौके पर आकर इसी जमीन से एक प्लाट लेने की मांग की। इन्कार किए जाने पर आरोपियों ने न केवल व्यवधान डालने की कोशिश की ,बल्कि पूर्व सभासद को भू माफिया करार देते हुए अधिकारियों को ट्वीट कर गुमराह कर दिया। जबकि उसने जमीन का बैनामा कराया है। पूर्व सभासद का आरोप है कि गुरुवार को आरोपियों ने रास्ते में घेर कर धमकाया और प्लाट न देने पर भू माफिया करार देते हुए छवि खराब करने की धमकी दी है। पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने पर तलब करते हुए जांच शुरू कर दी है।

### अधिवक्ता के निधन पर संयुक्त बार एसोसिएशन ने की शोकसभा

पीलीभीत, विधि संवाददाताः पूरनपुर के अधिवक्ता आदित्य अवस्थी का बुधवार शाम दुर्घटना में निधन हो गया। उनके निधन पर जिला संयुक्त बार एसोसिएशन के अध्यक्ष धीरेंद्र मिश्र की अध्यक्षता में शोकसभा हुई। दोपहर बाद जिला जज जितेंद्र कुमार सिन्हा ने भी अधिवक्ताओं और न्यायिक अधिकारियों की संयुक्त शोकसभा में दिवंगत को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। फुल कोर्ट रेफरेंस भी पारित किया। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विजय कुमार डूंगरा कोटी ,विशेष न्यायाधीश चंद्र मोहन मिश्रा, स्पेशल जज शिवा पांडे, महेश आनंद झा, विवेक पांडे ,कुलविंदर सिंह, अशोक बाजपेई, संतराम राठौर, आनंद मिश्रा, जयप्रकाश वर्मा, ओमकार गुप्ता, अरुण भारद्वाज, स्नेह लता आदि मौजूद रहे।

# सड़क पर निर्माण के लिए खेत से जबरन खोदी मिट्टी

- अधिवक्ता ने डीएम से की शिकायत, चार गुना प्रतिकर अदा करने की मांग

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचारः** पीडब्ल्यूडी द्वारा बनाई जा रही सड़क पर एक ठेकेदार ने अधिवक्ता की बिना अनुमति खेत से मिट्टी निकाल ली। मौलिक अधिकारों का हनन करने का आरोप लगाते हुए उन्होंने मामले की शिकायत डीएम से की है। अधिवक्ता ने प्रतिघन मीटर की दर का चार गुना प्रतिकर अदा करने की भी मांग की है। तहसील क्षेत्र के गांव कबीरपुर कसगंजा के रहने वाले अधिवक्ता लालाराम ने डीएम को दिए शिकायती पत्र में कहा कि उनका एक खेत गांव के किनारे गाटा संख्या 162 रकवा 0.422 हेक्टर है। गेहूं काटने के बाद उनका खेत खाली पड़ा है। गुरुवार सुबह करीब चार बजे उनके खेत से कुछ लोगों ने मिट्टी खोदकर निकाल ली और उसे रोड पर डाल दी। मिट्टी निकालने से पहले उन्हें अवगत नहीं कराया गया और न ही अनुमति ली गई। अधिवक्ता ने संविधान के अनुच्छेद का उल्लंघन करते हुए इसे मौलिक अधिकारों का हनन बताया। उन्होंने लेखपाल और रोजगार सेवक और ठेकेदार पर द्वेष भावना के तहत खेत से मिट्टी निकालने का आरोप लगाया है। अधिवक्ता ने बिना अनुमति उनके खेत से मिट्टी निकाले जाने पर निर्धारित दर से प्रति घन मीटर की दर का चार गुना प्रतिकार देने की मांग की है।

# मिट्टी के अवैध पटान पर कार्रवाई साढ़े पांच लाख का जुर्माना डाला

- खनन अधिकारी ने मौके पर जाकर की जांच, पूरनपुर में असम हाईवे के किनारे का मामला
- दो भूखंड स्वामियों पर हुई कार्रवाई, जुर्माना समय पर जमा कराने को नोटिस जारी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** पूरनपुर में दो भूखंड स्वामियों को प्लाट का मिट्टी से पटान करवाना महंगा साबित हुआ। खनन अधिकारी की जांच में मामला अवैध पटान का निकला। इस पर डीएम के निर्देश पर खनन अधिकारी ने दोनों भूखंड स्वामियों पर 5.50 लाख रुपए का जुर्माना लगा नोटिस जारी किया है।

असम हाईवे किनारे पूरनपुर के गांव खमरिया में जीशान व कमर खां अलग-अलग दो भूखंडों मिट्टी का पटान करवा रहे थे। मामले की शिकायत हुई तो तीन दिन पूर्व खनन अधिकारी अशोक कुमार मौके पर जांच के लिए पहुंचे। इस दौरान जीशान और कमर खां ने बताया कि मिट्टी शाहजहांपुर से आ रही है। इसकी अनुमति वहीं से ली गई है। इस पर खनन अधिकारी ने दोनों से संबंधित अभिलेख मांगे। बताते हैं कि उस दौरान दोनों व्यक्ति इससे संबंधित कोई अभिलेख नहीं दिखा सके थे। इस पर खनन अधिकारी ने दोनों को दो दिन के भीतर अभिलेख प्रस्तुत करने की बात कहते हुए कार्य को रुकवा दिया था। दो दिन बीतने के बाद भी दोनों संबंधित अभिलेख प्रस्तुत नहीं कर सके। पटान को अवैध मानते हुए रिपोर्ट डीएम संजय कुमार सिंह को दी गई। खनन अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर दोनों भूखंड स्वामियों पर जुर्माना लगाया गया है। इसमें कमर खां पर 3.50 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। दूसरे भूखंड पर मिले जीशान खां के प्लाट की जांच कराई गई, तो वह प्लाट रजत सक्सेना नाम से होना पाया गया। इस पर भूखंड स्वामी पर करीब दो लाख का जुर्माना लगाया गया है। दोनों भूखंड स्वामियों को जुर्माने की रकम जमा करने को नोटिस जारी किए हैं।

**जागरूकता** तीन दिवसीय कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए महानिदेशक आयुष नागेन्द्र प्रताप सिंह

# आयुर्वेद विश्व की प्राचीनतम चिकित्सा पद्धति, इसके सिद्धांत पूर्ण वैज्ञानिक

- आज दुधवा और कल पीलीभीत टाइगर रिजर्व का भ्रमण करेगा शिक्षक व शोध छात्रों का दल

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** ललित हरि राजकीय स्नातकोत्तर आयुर्वेद महाविद्यालय में वनौषधि परिचय एवं लोक चिकित्सा विषय पर तीन दिवसीय कार्यशाला गुरुवार को आयोजित की गई।

जिसकी शुरुआत मुख्य अतिथि महानिदेशक आयुष नागेन्द्र प्रताप सिंह ने कराई। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद विश्व की प्राचीनतम चिकित्सा पद्धति है। इसके सिद्धांत पूर्ण वैज्ञानिक है। वैज्ञानिक धरातल पर उनकी परख निरन्तर हो रही है। आयुर्वेद के शिक्षकों/पीएचडी एवं परास्नातक शोध छात्रों के दल को वनौषधियों के परिचय एवं उनकी चिकित्सकीय उपादेयता पर शोध को बढ़ावा देने का सुझाव दिया। संस्था के प्राचार्य सुदीप सहाय बेदार ने अतिथियों का स्वागत किया। उपस्थित शिक्षकों का परिचय कराया। मुख्य विकास अधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने आयुर्वेदिक औषधियों की औषधीम उपादेयता के विषय में अपने संस्मरण सुनाए। आयुर्वेद को भविष्य की चिकित्सा पद्धति भी बताया। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. आलोक कुमार ने कहा कि आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति आधुनिक चिकित्सा पद्धति से प्राथमिक चिकित्सा एवं जीर्ण रोगों की चिकित्सा में श्रेष्ठ है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विश्व आयुर्वेद परिषद के राष्ट्रीय संगठन मंत्री योगेश चन्द मिश्र ने आयुर्वेद को पूर्ण वैज्ञानिक चिकित्सा बताते हुए शिक्षकों एवं छात्रों से आयुर्वेद में श्रद्धा एवं विश्वास रखने का आग्रह किया। डा. मीना देवगडे ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में देशभर के विभिन्न आयुर्वेद संस्थानों से आए 40 शिक्षक, संस्थानों में अध्ययनरत 13 शोध छात्रों ने भाग लिया। विशेषज्ञ के रूप में प्रोफेसर मोहन लाल जायसवाल (जयपुर), कौशल (रांची), राकेश कुमार तिवारी (बरेली), अनिल शुक्ला (भोपाल), मीना (दिल्ली), डा. हरिशंकर मिश्र रहे।

शिक्षकों एवं शोध छात्राओं का यह दल तीन मई को दुधवा राष्ट्रीय उद्यान और चार मई को पीलीभीत टाइगर रिजर्व का भ्रमण करेगा। अंत में महानिदेशक, आयुष ने ललित हरि राजकीय स्नातकोत्तर आयुर्वेद महाविद्यालय और चिकित्सालय के चिकित्सालय, छात्रावास, एकेडमिक ब्लॉक के विभिन्न विभागों, फार्मेसी, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक यूनानी अधिकारी कार्यालय, पीलीभीत शहर की आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथी डिस्पेंसरियों का निरीक्षण भी किया।



कार्यशाला को संबोधित करते महानिदेशक आयुष नागेन्द्र प्रताप सिंह। ● अमृत विचार

### एमओआईसी ने एएनएम और सीएचओ से मांगा स्पष्टीकरण

पूरनपुर, अमृत विचारः समीक्षा बैठक से नदारद रहने पर एएनएम और सीएचओ से स्पष्टीकरण मांगा गया है। संतोषजनक जवाब नहीं देने पर स्वास्थ्य कर्मियों के वेतन में से कटौती की जाएगी। मंगलवार को सीएमओ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में समीक्षा बैठक की थी। सिसमें कई एएनएम और सीएचओ नहीं पहुंचे थे। सीएमओ ने ऐसे कर्मियों का वेतन काटने के निर्देश दिए थे। इसको लेकर गुरुवार को प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अनिकेत गंगवार ने 10 एएनएम और पांच सीएचओ को बैठक में न पहुंचने पर स्पष्टीकरण मांगा है। सभी स्वास्थ्य कर्मियों को नोटिस भेजे गए हैं। डा.अनिकेत ने बताया कि बैठक में न पहुंचने की सही वजह न बताने पर कर्मियों का वेतन काटा जाएगा।।

# दहेज के लिए विवाहिता को जिंदा जलाने की कोशिश

- शहर के मोहल्ला मोहम्मद वासिल की घटना,पति समेत आठ के खिलाफ केस दर्ज

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** ससुरालियों ने विवाहिता की पिटाई की। पेट्रोल छिड़ककर आग लगाने का प्रयास किया, लेकिन भागकर पीड़िता ने अपनी जान बचा ली। कोतवाली पुलिस ने पति समेत आठ के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की है। शहर के मोहल्ला मोहम्मद वासिल की निवासी उजमा पुत्री नसीम ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि उसका निकाह 20 सितंबर 2021 को मोहल्ले के ही हसीब से हुआ था।

कुछ समय से ससुराल वाले पीड़िता को दहेज के लिए प्रताड़ित कर रहे थे। एक मई को ससुराल वालों ने गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट की गई। आरोप है कि जान लेने की नियत से पेट्रोल पीड़िता के ऊपर छिड़क दिया और आग लगाने की कोशिश की। किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। मायके आकर पूरी बात बताई, उसके बाद तहरीर दी गई। पुलिस ने मामले में पति हसीब, सास छोटी, रईस, ससुर अयूब, देवर आसिफ, काशिफ, ननद सीमा, सना के खिलाफ जानलेवा हमला करने, दहेज उत्पीड़न आदि धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाल नरेश त्यागी ने बताया कि मामले की जांच चल रही है। साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।




# ई-रिक्शा से ढोए जा रहे स्कूली बच्चे...सारे नियम ताख पर

## परिजन गंभीर और न सिस्टम संजीदा, जर्जर सड़कों पर कई बार ओवरलोड होने पर पलट भी चुके हैं ई-रिक्शा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** स्कूली वाहनों में नौनिहालों की जिंदगी से खुलेआम खिलवाड़ जारी है। यातायात नियमों को धज्जियां उड़ाते हुए डग्गामार वाहनों में बच्चों को ढोया जा रहा है। शिक्षा विभाग, स्कूल प्रबंधन, परिवहन विभाग, पुलिस समेत अभिभावक हर कोई अपनी जिम्मेदारी से बचता दिखाई दे रहा है। हालांकि जिम्मेदार सड़क सुरक्षा के नाम पर लंबी चौड़ी बातें करते आ रहे हैं, इसके बावजूद शहर की सड़कों पर अनफिट स्कूली वाहन और ई-रिक्शों से बच्चों को ढोया जा रहा है। आए दिन होने वाले हादसों के बावजूद न तो जिम्मेदार सरकारी तंत्र संजीदा दिखाई दे रहा है, न ही बच्चों के अभिभावक। कुल मिलाकर देखा जाए तो बच्चों को स्कूल पहुंचाने और वापस घर लाने तक का सफर जोखिम भरा नजर आ रहा है। जिले में करीब 100 से अधिक प्राइवेट स्कूलों को संचालन होता है। जिनमें अधिकांश स्कूलों के पास स्वयं के वाहन हैं। जिनसे स्कूली बच्चों को घर से स्कूल ले लाया जाता है। परिवहन विभाग के पास जिले भर में 206 स्कूली वाहन पंजीकृत है। जिसमें बस, मैजिक और वैन शामिल हैं। खास बात यह है कि इनमें भी जो वाहन पंजीकृत हैं, उनमें अधिकांश वाहनों की फिटनेस पर आए दिन सवाल उठते रहते हैं। पिछले कुछ सालों से ई-रिक्शा का चलन तेजी से बढ़ा है। शहर की सड़कों पर बेतरतीब दौड़ रहे अधिकांश ई-रिक्शा पंजीकृत भी नहीं है। कायदे के मुताबिक इन पर पांच या फिर सात बच्चों तक ही बैठाए जा सकते हैं। मगर, जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते अधिकांश ई-रिक्शा चालक अधिक कमाई के चक्कर में 10 से 15 स्कूली बच्चों को बिठाकर मासूमों की जान से खिलवाड़ करते नजर आ रहे हैं। शहर के हाईवे समेत प्रमुख सड़कों पर दौड़ रहे ऐसे वाहन पुलिस समेत परिवहन विभाग के अफसरों के सामने से भी गुजरते हैं, लेकिन उन पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। कई बार घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जिसमें क्षमता से अधिक बच्चे होने की वजह वाहन हादसे शिकार हो गए।


ई-रिक्शे में क्षमता से अधिक बैठे स्कूली बच्चे। ● अमृत विचार


बाइक पर स्कूली बच्चों को बिठाकर ले जाता बाइक सवार। ● अमृत विचार

### पूर्व में भी हो चुकी हैं घटनाएं

एक दिन पूर्व असम हाईवे पर स्कूली बस और प्राइवेट बस में टक्कर लगने से छह स्कूली बच्चे घायल हो गए। करीब साल भर पूर्व अमरिया में एक बोलेरो पलट गई थी। जिसमें कई बच्चे चोटिल हो गए थे। इस वाहन का फिटनेस भी नहीं था। इसके अलावा रामलीला रोड, स्टेशन रोड समेत कई जगह रिक्शा पलटने से बच्चे घायल हो चुके हैं।

### लापरवाही में अभिभावक भी जिम्मेदार

बच्चों को अच्छी शिक्षा मिले, इसके लिए अभिभावक नामी गिरामी स्कूलों के चक्कर लगाते हैं। स्कूल संचालक भी मोटी फीस वसूलते हैं। मगर, इसके बावजूद कई स्कूलों में अधिकांश बच्चे ऑटो, ई-रिक्शा और मैजिक से ढोए जा रहे हैं। इसमें से अधिकतर वाहन नियमों पर खरे नहीं उतरते हैं। इसमें अभिभावक भी खासे जिम्मेदार है।

> अभियान चलाकर समय-समय पर स्कूली वाहनों की जांच की जाती है। मानक के विपरीत स्कूली वाहनों का संचालन मिलने पर कार्रवाई की जा रही है। इसे गंभीरता से लेते हुए चेकिंग कराई जाएगी।
>
> **- वीरेंद्र सिंह, एआरटीओ**

### चालक के खुद के बैठने की जगह नहीं

ई-रिक्शे में बच्चों को स्कूल भेजना खासा जोखिम भरा है। बच्चों को स्कूल ले जाने वाले ई-रिक्शों पर नजर डाले तो अधिकतर ई-रिक्शों में बच्चों की संख्या क्षमता से कहीं अधिक होती है। बच्चे ठीक से बैठ भी नहीं पाते। इतना ही नहीं, रिक्शा चालक अपनी सीट पर इतने बच्चों को बिठा लेते हैं कि उन्हें हैंडिल मोड़ने तक में काफी मशक्कत करनी पड़ती है, इसके बावजूद वह हाईवे समेत सड़कों पर दौड़ते देखे जा सकते हैं।


रिक्शे पर बच्चों को ले जाकर जाता रिक्शा चालक। ● अमृत विचार

## बरात में कहासुनी की रंजिश में युवक को किया लहूलुहान

**पीलीभीत, अमृत विचारः** बरात में हुई कहासुनी की रंजिश में बांके से युवक के सिर में वार कर लहूलुहान कर दिया। पुलिस ने मामले में पांच के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। ग्राम रुपपुर कृपा के बचन सिंह ने सुनगढ़ी थाने में दी गई तहरीर में बताया कि 26 अप्रैल की रात गांव गुटैहा में बरात थी। जिसमें उनका छोटा भाई हरिशंकर शामिल होने गया था।

गांव के ही सर्वेश, राजू, परमेश, लालू उर्फ प्रवीन और सुखलाल भी बरात में थे। प्रवीन ने खाने की प्लेट उनके भाई के मार दी। जिससे भाई की शर्ट खराब हो गई। इसी बात पर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। उस वक्त संभ्रांत लोगों ने मामला शांत करा दिया। दूसरे दिन 27 अप्रैल की सुबह दस बजे भाई हरिशंकर ड्यूटी पर जा रहा था। इस बीच आरोपियों ने रास्ते में रोक हमला कर दिया। बांके से सिर में वार करके लहूलुहान कर दिया गया। शोर पर आसपास के लोग जमा हुए तो आरोपी धमकी देकर भाग गए। जानकारी मिलने पर परिवार वाले पहुंचे और घायल को सुनगढ़ी थाने ले गए। फिर वहां से जिला अस्पताल भर्ती कराया गया। इंस्पेक्टर सुनगढ़ी पवन कुमार पांडेय ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच करा रहे हैं।

## सड़क हादसे में मौत अज्ञात पर रिपोर्ट

**घुंघचिहाई, अमृत विचारः** सड़क हादसे में दो युवकों की मौत के मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज की। हादसा 28 अप्रैल को हुआ था। जनपद शाहजहांपुर के ग्राम कंधरपुर निवासी विशाल (19) अपने मित्र बिलसंडा थाना क्षेत्र के ग्राम खजुरिया निवासी रवि(18) के साथ मौसेरे भाई की शादी समारोह में शामिल होने गांव वेवहा जा रहे थे। इसी बीच गुलड़िया भट्ठे के पास पहुंचते ही रात करीब नौ बजे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। जिसमें दोनों की मौत हो गई थी। मृतक विशाल के पिता प्रेमपाल की तरफ से दी गई तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# क्राइम इंस्पेक्टर बताकर ग्रामीण को लूटा सिपाही की संलिप्तता मिलने पर जांच शुरू

संवाददाता, पूरनपुर

- कार में सवार होकर आए थे चार आरोपी, छानबीन में जुटी पुलिस

**अमृत विचारः** सड़क किनारे खड़े युवक से कार में सवार होकर आए चार लोगों ने नगदी और मोबाइल लूट लिया। विरोध करने पर एक आरोपी ने खुद को इंस्पेक्टर क्राइम बताया। फिर युवक की पिटाई भी कर दी। पुलिस सूचना मिलने पर छानबीन में जुट गई। जिसके बाद एक सिपाही की संलिप्तता उजागर हुई। कार को बरामद कर कुछ लोगों को हिरासत में ले लिया है। सिपाही को कोतवाली बुलाकर जानकारी की जा रही है। आज पुलिस घटना का खुलासा कर सकती है।

नगर के मोहल्ला ढका जमीमा के रहने वाले कमर पुत्र मुन्ने मियां ने बताया कि वह गुरुवार शाम ब्लॉक रोड पर मजार के पास खड़े थे। इस दौरान एक कार उनके पास आकर रुकी। कार से चार लोग बाहर आए और उन्होंने अचानक कमर की तलाशी लेनी शुरू कर दी। कमर ने जब विरोध किया तो एक ने खुद को क्राइम इंस्पेक्टर बताते हुए उसकी जेब से 12,500 रुपये और मोबाइल छीन लिया। विरोध करने पर चारों ने कमर की पिटाई लगाई। जब तक वह कुछ समझ पाता तब तक चारों कार लेकर फरार हो गए। घटना के बारे में पता चलते ही काफी लोग मौके पर पहुंच गए लेकिन कार सवारों का कहीं पता नहीं चल सका। घटना के बाद घबराए कमर कोतवाली पहुंचे और कार्रवाई के लिए कोतवाली पुलिस तहरीर दी। जिसके बाद कोतवाली पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई। देर शाम कार को बरामद कर लिया गया। कुछ संदिग्ध भी हिरासत में ले लिए गए। जिनसे पूछताछ की जा रही है। सूत्रों की मानें तो कस्बे में तैनात एक सिपाही के घटना में शामिल होने की बात सामने आने पर पुलिस उससे भी पूछताछ कर रही है।

> घटना की जांच पड़ताल की जा रही है। जो भी लोग शामिल हैं। उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जांच चल रही है, जल्द खुलासा होगा।
>
> **- आलोक सिंह, सीओ पूरनपुर**

### ...तो इस तरह दिया गया वारदात को अंजाम

इस मामले में संलिप्त बताए जा रहे सिपाही को कार खरीदनी थी। वह घटना में इस्तेमाल की गई कार को टेस्ट ड्राइव के बहाने लेकर गया। फिर अपने साथियों को बैठाने के बाद वारदात कर डाली। हालांकि मामला सिपाही से जुड़ा होने के चलते अभी अफसर खुलकर कुछ बोल नहीं रहे है। देर। शाम सिपाही को कोतवाली बुलाने के बाद इसे लेकर चर्चाएं तेज हो गई।

## पति समेत छह पर दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट लिखाई

**पीलीभीत, अमृत विचारः** दहेज में पांच लाख रुपये की मांग पूरी न होने पर विवाहिता की पिटाई कर दी गई। उसकी चार माह की पुत्री को भी पीटा। जहानाबाद पुलिस ने पति समेत छह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

मोहल्ला कच्ची हवेली के अनमोल ने बताया कि उसकी शादी डेढ़ साल पहले हुई थी। ससुराल वाले दिए गए दहेज से संतुष्ट नहीं थे। अतिरिक्त दहेज में पांच लाख रुपये की मांग कर रहे थे। इसे पूरा न करने पर आरोपियों ने शारीरिक और मानसिक रुप से प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। 29 अप्रैल को मारपीट करते हुए जिंदा जलाने की धमकी दी। चार माह की पुत्री को भी पीटा। मौका पाकर पीड़िता ने यूपी 112 पर कॉल कर दी। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और पीड़िता को बचाया। जहानाबाद पुलिस ने मामले में पति अमन कुमार, मोहित आदि के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# रिपोर्ट लिखते ही स्कूल में ताला डाल शिक्षक गायब

संवाददाता, बिलसंडा


गांव मीरपुर हीरपुर में प्राथमिक विद्यालय के गेट के बाहर खड़े गैस एजेंसी के कर्मचारी।

- गांव मीरपुर हीरपुर के प्राथमिक विद्यालय में दो दिन पहले रसोइया की मौत का मामला
- खुद को बीमार बताकर लिया मेडिकल अवकाश, स्कूल खुलने का इंतजार करते रहे बच्चे

**अमृत विचारः** गांव मीरपुर हीरपुर में रसोइया की मौत के मामले में कराई एफआईआर के बाद प्रभारी प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय में ताला डालकर चला गया। बृहस्पतिवार को बच्चे घंटों बाहर खड़े रहकर स्कूल खुलने का इंतजार करते रहे। उधर, बुधवार की शाम को ही मृतक रसोईया का गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया गया था। थाना करेली क्षेत्र के गांव मीरपुर हीरपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय में सोमवार को खाना बनाते वक्त सिलेंडर से आग लग गई थी। जिसकी चपेट में आने से दोनों रसोईयां गंभीर रूप से झुलस गई थीं। जिनमें से एक रसोईया रामसनेही की मंगलवार को जिला अस्पताल शाहजहांपुर में उपचार के दौरान मौत हो गई। इस घटना से गुस्साए परिजनों ने बुधवार को प्राथमिक विद्यालय में शव रखकर प्रदर्शन किया था। मृतक रसोइया के पुत्र वीरपाल की ओर से प्रभारी प्रधानाध्यापक विजय कुमार, प्रधान रामवती, प्रधान पति मेवाराम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी। बताते हैं कि रिपोर्ट दर्ज होने के बाद प्रभारी प्रधानाध्यापक विजय कुमार स्कूल नहीं पहुंचे। एकल शिक्षक होने की वजह से बृहस्पतिवार को स्कूल में ताला लटका रहा। हालांकि फोन पर जब प्रभारी प्रधानाध्यापक से स्कूल न खोले जाने की जानकारी की तो उन्होंने खुद को बीमार होना बताकर मेडिकल लीव पर जाने की बात कही। उधर मृतक रसोईया के पुत्र वीरपाल ने बताया कि आग लगने पर जब उसकी मां गंभीर रूप से झुलस गई थी, तो शिक्षक ने उनके शरीर पर पानी डाल दिया था। जिससे उसकी हालत और अधिक बिगड़ गई थी। इतना ही नहीं घटना के बाद जब परिजनों के शिक्षक से निजी अस्पताल में भर्ती कराने को कहा ताकि बेहतर उपचार हो सके लेकिन शिक्षक ने निजी अस्पताल में भर्ती करने से इनकार कर दिया था। स्कूल में ताला लटका होने से बच्चों की पढ़ाई भी ठप रही। प्रभारी प्रधानाध्यापक विजय कुमार ने बताया कि उनकी तबीयत खराब है, जिसकी वजह से मेडिकल लीव ली है। इस वजह से स्कूल बंद है।

### बैरंग लौटे गैस एजेंसी के कर्मचारी

सिलेंडर से लगी आग की घटना के बाद बृहस्पतिवार को नगर की तुलसा गैस एजेंसी से दो कर्मचारी विद्यालय पहुंचे, लेकिन ताला लटका होने की वजह से वैरंग वापस लौट गए। एजेंसी से आए कर्मचारी विशाल एवं कमलेश कुमार ने बताया कि उन्हें विद्यालय में पहुंचकर सिलेंडर और रेगुलेटर एवं पाइप को चेक करना था, कि आखिर किस वजह से आग लगी।

# लोन जमा करने के नाम पर 2.43 लाख रुपये ठगे

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- कोर्ट के आदेश पर सुनगढ़ी पुलिस ने दर्ज की नामजद रिपोर्ट

**अमृत विचारः** कोर्ट के आदेश पर सुनगढ़ी पुलिस ने मोहल्ला कुंवरगढ़ की निवासी कमला जायसवाल की ओर से धोखाधड़ी और अमानत में खयानत की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। जिसमें लखीमपुर जनपद के गोला थाना क्षेत्र के सर्वोदय नगर के चंदा बाबू शर्मा और राधेश्याम को आरोपी बनाया गया है। पीड़िता ने बताया कि उसके भाई ओमप्रकाश जायसवाल ने वर्ष 2011-12 में इंडियन बैंक शाखा पीलीभीत जोकि अब इलाहाबाद बैंक में समाहित हो चुकी है।

उससे ऋण लिया था। लॉकडाउन के बाद आर्थिक समस्या होने पर ऋण समय से जमा नहीं हो सका। आठ जुलाई 2022 को भाई का निधन हो गया। इसके बाद सितंबर 2022 को पीड़िता के घर आरोपी आए और खुद को बैंक कर्मी बताकर ऋण जमा करने के लिए कहा।पीड़िता ने ये कहकर टाल दिया कि वह जल्द इसे जमा करा देगी। 26 सितंबर 2022 को आकर आरोपी 35 हजार रुपये ले गए। इसके बाद अलग-अलग तिथि में हजारों रुपये ले गए। कुल 2.43 लाख रुपये की ठगी की गई। मगर उसकी रसीद नहीं दी। फरवरी 2023 में बैंक से फोन आने पर पता चला कि आरोपियों ने रकम ले तो ली लेकिन बैंक में जमा नहीं की है। पुलिस से शिकायत की गई लेकिन जांच के नामपर टाल दिया गया। तब कोर्ट की शरण ली गई। सुनगढ़ी पुलिस कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच में जुट गई है।

## रुपये के लेनदेन में दो पक्षों में चले लाठी डंडे

**अमरिया, अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के कैंचूटांडा गांव निवासी साबरी पत्नी कासिम शाह और कस्बा अमरिया निवासी अखलाक अहमद पुत्र रियाज़ अहमद ,दिलशाद पुत्र इशसक अहमद के बीच रुपये के लेनदेन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है।

गुरुवार दोपहर को पुराने विवाद को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। कुछ ही देर में विवाद बढ़ा और मारपीट होने लगी। दोनों पक्ष के लोग लाठी-डंडे लेकर आमने-सामने आ गए। एक दूसरे पर हमला कर दिया। एक पक्ष से साबरी और दूसरे पक्ष से अखलाक अहमद, दिलशाद घायल हो गए। थाने पहुंचकर एक दूसरे के खिलाफ हमला करने की तहरीर दी गई। एसओ बृजवीर सिंह ने बताया कि घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। मामले की जांच करा रहे हैं।

# अवैध चरस रखने पर महिला आरोपी को चार वर्ष कारावास

विधि संवाददाता, पीलीभीत

- स्पेशल जज एनडीपीएस एक्ट चन्द्रमोहन मिश्र ने सुनाई सजा

**अमृत विचारः** स्पेशल जज एनडीपीएस एक्ट चन्द्रमोहन मिश्र ने एक मामले की सुनवाई के बाद शहर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खपरैल गौटिया निवासी मुन्नी देवी पत्नी झम्मन लाल को अवैध चरस की तस्करी करने के आरोप में दोषी पाते हुए चार वर्ष कठोर कारावास और 40 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अभियोजन कथानक के अनुसार 16 सितंबर 2017 को कोतवाली के एसआई राजकुमार भारद्वाज मय पुलिस टीम सदर कोतवाली क्षेत्र में शांति व्यवस्था और देखरेख में थे। गश्त करते हुए खपरैल गौटिया से बिलगवां रेलवे क्रॉसिंग की तरफ आए। रेलवे क्रॉसिंग से खपरैल गौटिया की तरफ एक महिला आती दिखाई दी। पुलिस को देखकर सकपकाई और जीटीआई की तरफ जाने लगी। जीटीआई गेट के सामने पुलिस ने महिला को पकड़ लिया। उसने अपना नाम मुन्नी देवी बताया। तलाशी पर उसके कब्जे से 500 ग्राम अवैध चरस बरामद की गई। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। पुलिस ने विवेचना के बाद आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। मामले की सुनवाई स्पेशल जज एनडीपीएस एक्ट चन्द्रमोहन मिश्र के न्यायालय में हुई। न्यायालय ने आरोपी महिला मुन्नी देवी को अवैध चरस तस्करी का दोषी पाते हुए सजा सुनाई।

# मनमानीः कांटे से मशीन अटैच होने पर भी घटतौली कर रहा कोटेदार

संवाददाता, बिलसंडा

- पर्ची निकालते वक्त कांटे पर खाद्यान्न नहीं ईंट रख कर रहा खेल
- डीएम से शिकायत, ग्रामीणों ने एक वीडियो भी सौंपी

**अमृत विचारः** राशन की दुकानों पर घटतौली रोकने के लिए कांटे से मशीन अटैच कर दी गई, लेकिन कुछ कोटेदारों ने इसमें भी खेल कर दिया। एक कोटेदार की शिकायत डीएम से की गई है। जिसमें आरोप है कि कोटेदार कांटे पर ईट,बांट रखकर पर्ची निकाल रहा है। इसका वीडियो भी ग्रामीणों ने शपथ पत्र के साथ दिया है। मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की है। ग्राम पंचायत पसगवां निवासी कल्याण सिंह समेत कई ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को शपथ पत्र के साथ दिए गए शिकायत पत्र में बताया कि उनके गांव का राशन कोटेदार मशीन के कांटा अटैच होने पर बांट एवं ईंट का वजन रखकर पर्ची निकाल रहा है। इतना ही नहीं उपभोक्ताओं से अंगूठा लगवा कर जिस दिन पर्ची निकालता है, उस दिन खाद्यान्न का वितरण ही नहीं करता, बल्कि अगले दिन आधा किलो प्रति यूनिट के हिसाब से कम करके ही खाद्यान्न वितरण करता है। जबकि पर्ची निकालने के दौरान ही अटैच कांटे से खाद्यान्न तौल कर दिए जाने की व्यवस्था है। आरोप है कि कोटेदार ने घटतौली का नया तरीका अपना रखा है। घटतौली किए जाने के इस नए तरीके की वीडियो भी वायरल हुई, लेकिन पूर्ति विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की। उधर ग्रामीणों का कहना है कि कोटेदार बड़े पैमाने पर खाद्यान्न वितरण के मामले में हर महीने घटतौली कर रहा है। कई बार विभागीय अधिकारियों से शिकायत भी की, लेकिन साठ-गांठ के चलते कोई कार्रवाई नहीं की गई। डीएम से शिकायत करने वालों में कल्याण सिंह के अलावा सत्येंद्र कुमार, रवि कुमार, संदीप सिंह, लखविंदर सिंह, छेदा लाल ,मनीषा देवी ,जय सिंह सुरेश चंद्र आदि थे। उधर आरोपी कोटेदार भगवान सिंह ने घटतौली किए जाने के आरोपों को गलत बताया। कहा कि कुछ लोग उन्हें बदनाम करना चाहते हैं। इस वजह से फर्जी शिकायत करते हैं।

**निरीक्षण** उप गन्ना आयुक्त ने जिले में चल रहे गन्ना सर्वे का कार्य हर कीमत पर 15 जून से पहले पूरा करने के दिए निर्देश

# ध्यान रखें ...गन्ने का नहीं केवल गन्ने की पौध का होगा सर्वे

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** उप गन्ना आयुक्त ने जनपद में चल रहे गन्ना सर्वे कार्य का औचक निरीक्षण किया। किसानों से बातचीत कर कराए जा रहे सर्वे के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को सर्वे नीति का पालन करते हुए पारदर्शिता के साथ 15 जून से पहले सर्वे कार्य पूरा कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के बाद हुई गोष्ठी में किसानों को गन्ना फसल प्रबंधन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शासन से जारी सर्वे नीति के अनुसार टीमों की ओर से गांवों में जाकर खेतों में बोई गन्ने की फसल का सर्वे किया जा रहा है। इस बार केवल पौध गन्ने का ही सर्वे कराया जा रहा है, जबकि पेड़ी का सत्यापन किया जा रहा है। इधर बृहस्पतिवार को उप गन्ना आयुक्त राजीव राय ने गन्ना विकास परिषद पीलीभीत के गांव कुकरीखेड़ा में चल रहे सर्वे कार्य का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने सर्वे कार्य में लगे गन्ना पर्यवेक्षक रामविलास एवं चीनी मिल के गन्ना पर्यवेक्षक अरविंद कुमार से किए जा रहे सर्वे के बारे में पूछताछ की। उप गन्ना आयुक्त ने जिला गन्ना अधिकारी को सर्वे नीति का शत प्रतिशत पालन कराते हुए पूरी पारदर्शिता के साथ 15 जून से पहले सर्वे कार्य पूरा कराने के निर्देश दिए। कहा कि इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाएं। साथ ही उन्होंने सभी पर्यवेक्षणीय अधिकारियों को अपने कार्य-क्षेत्र में नियमित रूप से सर्वे कार्य का निरीक्षण करने के भी निर्देश दिए।


कुकरीखेड़ा गांव में सर्वे कार्य का निरीक्षण करते उप गन्ना आयुक्त। ● अमृत विचार

### किसानों से की साठा धान न लगाने की अपील

निरीक्षण के बाद उप गन्ना आयुक्त कुकरीखेड़ा गांव में कृषक गोष्ठी में पहुंचे। यहां उन्होंने गन्ना फसल प्रबंधन के बारे में किसानों को विस्तार से जानकारियां दी। उन्होंने गन्ना फसल में कीट एवं रोग प्रबंधन, सिंचाई एवं खरपतवार नियत्रण के बारे में बताया और किसानों से अनुरोध किया कि सभी किसान बेहतर उपज प्राप्त करने के लिए पेड़ी-प्रबंधन पर विशेष ध्यान दें। जिला गन्ना अधिकारी खुशीराम भार्गव ने किसानों को साठा धान से पर्यावरण को होने वाले नुकसान के बारे में बताते हुए किसानों से सरकार द्वारा प्रतिबंधित साठा धान की फसल न लगाने की अपील की। निरीक्षण के दौरान ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक रामभद्र द्विवेदी, सहकारी गन्ना विकास समिति सचिव प्रदीप अग्निहोत्री, एलएच चीनी मिल के जीएम गन्ना केबी शर्मा समेत फील्ड कर्मचारी मौजूद रहे।

## बाइक और मोपेड की आमने-सामने हुई टक्कर में चार घायल

**बीसलपुर, अमृत विचारः** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भदारा निवासी हरपाल अपनी पत्नी कमलेश कुमारी के साथ मोपेड पर सवार थे। दूसरी मोपेड पर शिशुपाल और उसके भाई हरपाल की पत्नी राजेश्वरी देवी, एक वर्षीय पुत्र अनु को लेकर बैठी थी। सभी लोग दियोरिया कोतवाली क्षेत्र के ग्राम महेशापुर से एक दावत में शामिल होकर बुधवार रात लौट रहे थे। कटना पुल पर पहुंचते ही दोनों मोपेड को बाइक ने टक्कर मार दी। जिसमें हरपाल, कमलेश कुमारी, राजेश्वरी देवी और बाइक सवार पंकज घायल हो गए। सीएचसी में प्राथमिक इलाज देने के बाद चारों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## छप्पर में लगी आग, हजारों का नुकसान


हादसे की जानकारी देता पीड़ित परिवार।

संवाददाता, बरखेड़ा

**अमृत विचारः** बरखेड़ा क्षेत्र के गांव दौलतपुर पट्टी निवासी अकबर अली पुत्र हामिद अली मजदूरी करते हैं। बुधवार को वह अपने घर से काम करने गए हुए थे। घर पर उनकी पत्नी एवं तीन बच्चे थे। शाम को पत्नी बच्चों के साथ घर के बाहर दरवाजे पर बैठी हुई थी। उसी दौरान किसी तरह अचानक छप्पर पोश मकान में आग लग गई। आग की लपटें उठने पर लोग जमा हो गए। ग्रामीणों ने पानी डालकर आग पर काबू किया। हालांकि तब तक छप्पर में रखा चारपाई, बिस्तर, अनाज कीमती लकड़ी आदि करीब बीस हजार का सामान जलकर राख हो गया। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका। हादसे के चलते हड़कंप मचा रहा।

कैलाश आई एवं जनरल हॉस्पिटल
सभी टी.पी.ए. आयुष्मान कार्ड, लाल कार्ड, पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना द्वारा नाखूना, मोतियाबिन्द ऑपरेशन, पित्त की थैली की पथरी, अपेन्डिसाइटिस, हार्निया, हाइड्रोसिल, पेट के समस्त ऑपरेशन की सुविधा
फ्री
भर्ती मरीजों की बायोप्सी एवं खून की जाँचें फ्री की जाती हैं।
ओ.पी.डी. ब्लड प्रेशर, शुगर की जाँच, आँख की धुलाई, कम्प्यूटर द्वारा चश्में की जाँच प्रतिदिन फ्री की जाती है।
नाश्ता, रहना, दवाईयां, चश्मा, लेन्स फ्री
अखबार की कटिंग लाने व ऑपरेशन कराने पर रु. 500/- तक का गिफ्ट
किप्स सुपर मार्केट के सामने, 60 एम. आई.जी. जनकपुरी पार्क के पास, बरेली
सम्पर्क करें : संजीव कुमार पाडेय चेयरमैन
9837892555
9412192305

हर दर्द का इलाज करते हैं
डॉ. रूप किशोर
समय प्रातः 10 से दोपहर 3 बजे तक
गठिया
फालिज
जोड़ों एवं नसों का दर्द
झनझनाहट
सुन्नपन
फातिमा हॉस्पिटल
जगतपुर रोड, बरेली
9267043010

## कम खरीद पर पांच एसडीओ को कारण बताओ नोटिस जारी

**पीलीभीत।** जनपद में सहकारिता विभाग के क्रय केंद्रों पर गेहूं खरीद कम होने पर डीएम ने पांचों तहसीलों के एडीसीओ को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। डीएम ने सभी को तीन दिन के भीतर लक्ष्य के सापेक्ष खरीद करने के निर्देश दिए हैं। जनपद में गेहूं खरीद को लेकर प्रशासन एक्शन मोड में चल रहा है। कम खरीद करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसके बावजूद जनपद में गेहूं खरीद रफ्तार नहीं पकड़ पा रही है। पिछले माह हुई समीक्षा के दौरान सहकारिता विभाग के क्रय केंद्रों पर औसत से कम खरीद होना पाया गया। इस पर डीएम संजय कुमार सिंह ने बीसलपुर के एडीसीओ राम दयाल पांडेय, कलीनगर के दिवाकर आर्य, अमरिया के कप्तान सिंह, सदर के सुनील कुमार और पूरनपुर तहसील क्षेत्र के वीरेंद्र कुमार को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। डीएम संजय कुमार सिंह ने सभी एसडीओ को तीन दिन के भीतर दिए गए लक्ष्य के सापेक्ष खरीद करने एवं खरीद न करने पर कार्रवाई की चेतावनी दी है।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
NABH PRE ACCREDITED
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली
NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय – प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, पीलिया का इलाज, दिमागी बुखार, मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) • गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) • गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) • पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा, ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन
डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ऑर्थोडेन्ट क्लीनिक, निकट आकाश पुरम गेट, जगतपुर रोड, बरेली

AALA HAZRAT POLY CLINIC & CHILD CENTRE
डॉ. अरशद अली
एम.बी.बी.एस., डी.सी.एच.
नवजात शिशु एवं बच्चा रोग विशेषज्ञ
डॉ. शाहिदा बी. खान
एम.बी.बी.एस., डी.सी.पी.
कन्सलटैन्ट पैथोलॉजिस्ट
Ph.: 9359110376
सब पैथोलॉजी
सम्पूर्ण कम्प्यूटराईज्ड लैब
सतीपुर चौराहा, सैटेलाइट बस अड्डे से 1 किमी., पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली। हैल्प लाईन-8266051117

यशस्वी क्लीनिक
डॉ. अनिल मिश्रा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
डायबिटीज एवं हृदय रोग विशेषज्ञ
मो. 9896567597
स्वास्थ्य परामर्श
• डेंगू, टायफाइड, मलेरिया का उचित इलाज
• दिल सम्बन्धित बीमारियां
• शुगर, ब्लडप्रेशर, सीने में दर्द
• बुखार, खांसी, सांस सम्बन्धित बीमारियां
• थायराइड, गठिया, खून की कमी
• जिगर, पेट, लीवर, अल्सर, भूख न लगना, वजन घटना, कब्ज, उल्टी एवं दस्त की बीमारी
• दिमागी बुखार, मिर्गी के दौरे, एन्सेफ्लाइटिस,
• लकवा, स्ट्रोक, सर दर्द, माइग्रेन
• गुर्दे एवं पेशाब की तकलीफ, गुर्दे की पथरी, प्रोस्टेट का बढ़ना, पेशाब में खून आना व जलन।
समयः प्रातः 9:30 से 2:00 बजे एवं सायं 5:00 बजे से 8:00 बजे तक रविवार को अवकाश रहेगा।
पताः- फैज़ हास्पिटल के सामने बेसमेन्ट में, 100 फुटा रोड, बरेली
सम्पर्क सूत्रः- 7895161674, 7906502059

# बिना सत्यापन तौला जाएगा 200 क्विंटल गेहूं

## शासन ने दो महीने बाद भी क्रय केंद्रों पर गेहूं की खरीद सुस्त देख नियमों में ढील दी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


मंडी में क्रय केंद्र पर तौल करते कर्मचारी। • अमृत विचार

**अमृत विचार:** शासन ने गेहूं की खरीद बढ़ाने के लिए किसानों को बड़ी राहत दी है। अब किसान बिना सत्यापन कराए 200 क्विंटल तक गेहूं केंद्रों पर बिक्री कर सकेंगे। किसानों को यह ढील कम खरीद को देखते हुए दी गई है। यह दीगर बात है कि तमाम जोर आजमाइश के बाद भी जिले में महज साढ़ सात फीसदी ही गेहूं खरीदा जा सका है। ऐसे में लक्ष्य के सापेक्ष गेहूं खरीद करना जिम्मेदारों के लिए चुनौती बनता जा रहा है। जनपद में इस बार किसानों को सरकारी क्रय केंद्रों तक लाने में खरीद से जुड़े अफसरों-कर्मचारियों के पसीने छूट रहे हैं। वजह यह है कि खुले बाजार में गेहूं का भाव समर्थन मूल्य से कहीं अधिक हैं। ऐसे में अधिकांश किसान अपना गेहूं क्रय केंद्रों के बजाए आढ़तों पर बिक्री कर रहे हैं। इधर शासन ने अब किसानों को बिना सत्यापन कराए 200 क्विंटल तक गेहूं बिक्री करने की ढील दी है। हालांकि पंजीकरण की अनिवार्यता को को समाप्त नहीं किया गया है। पहले क्रय केंद्रों में 100 क्विंटल से अधिक गेहूं बेचने के लिए किसानों को खसरा एवं किसान बही का सत्यापन कराना होता था। जमीन और उत्पादकता के आधार पर सत्यापन होता था। इससे बचने को किसान क्रय केंद्रों के बजाए खुले बाजार में गेहूं बेच देते थे। खरीद में बढ़ोत्तरी करने के लिए यह व्यवस्था की गई है। जिले में गेहूं खरीद तीन अप्रैल से हुई थी। दो माह से अधिक का समय बीतने के बावजूद जिले में गेहूं की सरकारी खरीद धीमी होने से अफसर भी परेशान हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि जनपद के गेहूं को बाहर ले जाने पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा हुआ है। जनपद की सीमाओं पर निगरानी टीमों को लगाया गया है ताकि गेहूं गैर जनपदों में न जा सके। कम खरीद करने वालों पर सख्ती के साथ कार्रवाई की जा रही है। फिर भी किसान केंद्रों तक जाने में नाकाम हो रहे हैं। अफसर भी इस बात की स्वीकारते हैं कि जब किसानों को खुले बाजार में गेहूं का अधिक दाम मिल रहा है तो वह कम दाम में अपना गेहूं क्यों बेचेंगे।

• जिले में अब तक महज साढ़े सात फीसदी हो सकी गेहूं खरीद

> अब किसान बिना सत्यापन कराए 200 क्विंटल तक गेहूं क्रय केंद्रों पर बिक्री कर सकते हैं। जनपद में लक्ष्य के सापेक्ष गेहूं खरीद करने के पूरे प्रयास किए जा रहे हैं। गेहूं खरीद बढ़ाने के लिए केंद्र प्रभारियों को लगातार निर्देशित किया जा रहा है। – **विजय कुमार शुक्ला,** डिप्टी आरएमओ

### गेहूं खरीद में पीसीयू सबसे पीछे

इस बार शासन की ओर से जिले को 3 .08 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीद का लक्ष्य दिया गया है। विभागीय आंकड़ों के मुताबिक लक्ष्य के सापेक्ष जनपद में अब तक करीब 7 .50 फीसदी खरीद हो चुकी है। गेहूं खरीद में पीसीयू सबसे फिसड्डी साबित हो रहा है। इस क्रय एजेंसी के जिले में 33 क्रय केंद्र लगे हुए हैं। अधिकारियों के मुताबिक एक मई तक जिले में 2626 किसानों का गेहूं खरीदा जा चुका है। खरीदे गए गेहूं के सापेक्ष 90 प्रतिशत के अधिक का भुगतान भी किया जा चुका है। फिलहाल प्रशासन लगातार गेहूं खरीद बढ़ाने के प्रयास में जुटा हुआ है।

# गर्मी के तेवर दिखाते ही आने-जाने का खेल करने लगी बिजली

संवाददाता, बीसलपुर


पोल पर चढ़कर फाल्ट ठीक करता कर्मचारी।

• बीसलपुर में कम क्षमता के ट्रांसफॉर्मर के कारण लोकल फाल्ट से लचर बनी व्यवस्था
• झूलती लाइनों का भी नहीं हो रहा सुधार, अफसर सिर्फ आश्वासन से चला रहे काम

**अमृत विचार:** गर्मी बढ़ते ही क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति लड़खड़ाने लगी है। पुराने ट्रांसफार्मर, जर्जर झूलते तारों में फाल्ट होने से बिजली कई बार गुल होती है। इसका सुधार करने के नाम पर सिर्फ आश्वासन ही मिल सका है। गुरुवार को भी कई बार बिजली की अघोषित कटौती हुई। नगर में लोकल फाल्ट की वजह से बिजली सप्लाई चरमरा गई है। फाल्ट के बाद घंटों बिजली गुल रहती है। इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी में जहां पारा 39 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका है। बिजली कटौती के बाद उपभोक्ताओं की मुसीबत बढ़ रही है। एसी फ्रिज कूलर चलने से लोड बढ़ रहा है, जिससे फाल्ट भी खूब हो रहे हैं। दिन-रात कटौती हो रही है। बुधवार रात को भी क्षेत्र में बिजली की आंख मिचौली बनी रही। जिससे उपभोक्ताओं को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। सूरज कॉलोनी, मोहल्ला दुर्गा प्रसाद की बाल्मीकि बस्ती, संत नगर कॉलोनी, रामलीला कॉलोनी, हरित क्रांति कॉलोनी सहित आधा दर्जन से अधिक मोहल्लों में बंच केबिल डालने का कार्य पांच माह पूर्व शुरू किया गया था, जोकि अभी तक पूर्ण नहीं हो सका है। नगर की आपूर्ति सुचारू रखने वाले विद्युत ट्रांसफार्मरों की हालत भी दयनीय बनी हुई है। अधिकांश ट्रांसफार्मर पुराने व कम क्षमता के हैं। लोड बढ़ते ही वह खराब हो जा रहे हैं। इंदिरा गांधी पार्क के पास रखे ट्रांसफार्मर जमीन पर रखा है। बारिश या फिर जलभराव की दिक्कत होने पर संबंधित क्षेत्र की सप्लाई बंद करनी पड़ती है। जनता टेक्निकल इंटर कॉलेज व नावल्टी फीडर, ईदगाह चौराहे के पास रखे ट्रांसफार्मर भी खुले में हैं। रेलवे स्टेशन रोड पर जर्जर व झूलते तारों के मकड़जाल है। इसके अलावा ग्रामीण अंचलों में भी बिजली संकट इन दिनों गहराया हुआ है। अवर अभियंता गंगाराम का कहना है कि विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से जारी है। कुछ मोहल्लों में बंच केबिल डालने का कार्य चल रहा है। जिन मोहल्ला में बंच केबिल नहीं पड़ी है, उनका एस्टीमेट बनाकर शासन को भेजा जा चुका है।

## किशोरी बरामद आरोपी को जेल भेजा

**बरखेड़ा, अमृत विचार:** थाना बिलसंडा क्षेत्र के एक ग्रामीण ने 25 अप्रैल को बरखेड़ा थाने में तहरीर देकर बताया था कि वह मजदूरी करता है। उसकी नाबालिग पुत्री थाना बरखेड़ा क्षेत्र के एक गांव में अपनी ननिहाल में गई हुई थी। उसकी नाबालिग पुत्री को 23 अप्रैल को जनपद शाहजहांपुर के थाना बंडा क्षेत्र के गांव धरमगदापुर का रहने वाला छोटेलाल अपने दो साथी नन्हेलाल और सोमपाल की मदद से दवा दिलाने के बहाने बहला फुसलाकर ले गया। कहा कि परिचित होने की वजह से बेटी को आरोपी के साथ भेज दिया था। उसके बाद से उसकी पुत्री का कुछ पता नहीं लगा। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई में जुट गई थी। विवेचक सत्य प्रकाश ने बताया कि नामजद आरोपी छोटेलाल को गुरुवार को बरखेड़ा पीलीभीत मुख्य मार्ग पर गाजीपुर कुंडा तिराहे से गिरफ्तार कर लिया गया है। इसके अलावा किशोरी भी रेलवे स्टेशन से बरामद कर ली गई। किशोरी के बयान के बाद पूर्व में दर्ज किए गए मुकदमे मे दुष्कर्म की धारा व पॉक्सो एक्ट की वृद्धि की गई है।

## प्राइमरी विद्यालय से चोरों ने समेटा सामान

**बीसलपुर, अमृत विचार:** शिक्षा के मंदिरों में चोरी करने वाला गिरोह सक्रिय है। एक मई की रात एक और प्राइमरी विद्यालय में चोरी कर ली गई। रसोईघर का ताला तोड़कर घुसे चोर हजारों का सामान समेट ले गए। क्षेत्र के ग्राम जोगीठेर स्थित उच्चतर प्राथमिक विद्यालय में एक मई की रात चोर घुसे। रसोईघर का ताला तोड़कर गैस सिलेंडर, स्टील की परातें गिलास, थाली, बाल्टी सहित काफी सामान चोरी कर लिया। प्रधानाध्यापक प्रदीप कुमार की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# फाइनल मैच में पैनंबरा हाउस ने मारी बाजी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


लिटिल एंजेल्स स्कूल में बालिका वर्ग का फाइनल मैच खेलतीं छात्राऐं। • अमृत विचार

• लिटिल एंजिल्स में हुई इंटर हाउस बास्केटबॉल प्रतियोगिता
• इंटर हाउस बास्केटबॉल के खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**अमृत विचार:** लिटिल एंजेल्स स्कूल में चल रहे इंटर हाउस बास्केटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच खेला गया। विभिन्न वर्गों के हुए फाइनल मैचों का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक डॉ. संजीव अग्रवाल, प्रधानाचार्य एनसी पाठक, उप प्रधानाचार्य अंजू सक्सेना, हेडमिस्ट्रेस नीना मेहरोत्रा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके किया।

जूनियर बालक वर्ग के फाइनल मैच में पैनंबरा हाउस ने वलिटा हाउस को 19/0 से हराकर जीत हासिल की। वहीं सीनियर बालक वर्ग में नगरीटा हाउस नें वलिटा हाउस को 24/4 से हराकर विजय प्राप्त की। बालिका वर्ग का फाइनल मैच पैनंबरा हाउस तथा वलिटा हाउस के बीच खेला गया। जिसमें पैनंबरा हाउस नें 16/0 से वलिटा हाउस को हराकर जीत दर्ज की। समापन पर विजेताओं एवं उपविजेताओ को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मैचों के दौरान अंपायरिंग मसूद हसन खान, बुशरा, साहिल गुप्ता, हिमांशु गंगवार ने की। जबकि स्कोरिंग का कार्य प्रदीप कुमार राघव ने किया।

# ग्रीस से आए 10 सैलानियों ने की पीटीआर की सैर


चूका बीच में मौजूद ग्रीस के सैलानी। • अमृत विचार


पीटीआर में जंगल सफारी का लुत्फ उठाते विदेशी सैलानी। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

• वन्यजीवों के दीदार के साथ प्रकृति को करीब से निहार गदगद दिखे सैलानी

**अमृत विचार:** पीलीभीत टाइगर रिजर्व में विदेशी सैलानियों की आमद में खासी बढोत्तरी देखी जा रही है। गुरुवार को ग्रीस से 10 सैलानियों का एक दल पीटीआर (पीलीभीत टाइगर रिजर्व) पहुंचा। इन विदेशी सैलानियों ने चूका बीच के साथ जंगल सफारी का भी लुत्फ उठाया। तराई की गोद में बसा पीलीभीत टाइगर रिजर्व देश ही नहीं बल्कि विदेशी धरती पर छाप छोड़ता नजर आ रहा है। यहीं कारण है कि पीलीभीत टाइगर रिजर्व में इस बार विदेशी सैलानियों की संख्या में खासा इजाफा हो रहा है। खास बात यह है कि इस बार विदेशी सैलानियों की आमद ने पिछले सत्र के रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया। जबकि चालू पर्यटन सत्र समाप्त होने में डेढ़ माह का समय बाकी है। पीटीआर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में सैलानी चूका बीच के साथ जंगल सफारी का आनंद लेने पहुंच रहे हैं। शुक्रवार को ग्रीस से 10 सैलानियों का एक दल पीटीआर पहुंचा। इसमें चार पुरुष और छह महिलाएं शामिल हैं। इन सभी सैलानियों ने पहले जंगल सफारी का आनंद लिया। इस दौरान उन्होंने हरे भरे जंगलों के साथ बाघ समेत अन्य वन्यजीवों के भी दीदार किए। जंगल सफारी के बाद भी विदेशी सैलानी चूका बीच पहुंचे। यहां भी उन्होंने प्रकृति के खूबसूरत नजारों को कैमरे में कैद किया। सैलानियों के दल के साथ गाइड महेंद्र पाल और श्याम बिहारी मौजूद रहे।

## एक नजर

### कच्ची शराब बनाने का वीडियो वायरल

**घुंघचिहाई ।** सोशल मीडिया पर कच्ची शराब बनाने से जुड़ा एक वीडियो गुरुवार को तेजी से वायरल हुआ। ये वीडियो हरिपुर गांव का बताया जा रहा है। जिसमें अवैध शराब बनाते एक युवक दिखाई दे रहा है। इस वीडियो के वायरल होने के बाद खलबली मच गई है। पूर्व में भी इस गांव से जुड़ा एक वीडियो वायरल हुआ था। उसके बाद दो धंधेबाजों पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की थी। अब एक बार फिर क्षेत्र में कच्ची शराब का धंधा पनपने का शोर मच गया है। हालांकि पुलिस अनजान बनी हुई है।

### बाइक नंबर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की

**बीसलपुर ।** नगर के मोहल्ला दुर्गा प्रसाद निवासी छोटेलाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 13 अप्रैल की शाम साढ़े सात बजे वह रोड के किनारे खड़े थे। इस बीच बाइक की टक्कर से घायल हो गए। बाइक सवार मौके से भाग गया। उनका एक प्राइवेट चिकित्सालय में इलाज चल रहा है। पुलिस ने बाइक नंबर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की है।

# आईएएस प्रियंका को सम्मानित करने का सिलसिला जारी

## लायंस एवं पुष्प इंस्टीट्यूट में जिले की पहली महिला आईएएस का हुआ सम्मान, विद्यार्थियों ने जाने टिप्स



लायन्स बाल विद्या मन्दिर स्कूल में छात्र-छात्राओं से संवाद करतीं आईएएस प्रियंका यादव। ● अमृत विचार



पुष्प इंस्टीट्यूट में प्रियंका यादव को सम्मानित करते डॉ. एसपीएस संधू व अन्य। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

● भारत विकास परिषद की तरफ से भी दिया गया स्मृति चिन्ह

**अमृत विचारः** जिले की पहली महिला आईएएस प्रियंका को समारोहों में सम्मानित करने का सिलसिला जारी है। गुरुवार को लायंस बाल विद्या मंदिर और पुष्प इंस्टीट्यूट में हुए समारोह में प्रियंका यादव को सम्मानित किया गया।

शहर के बरहा स्थित लायंस बाल विद्या मंदिर सीनियर सेकेंड्री स्कूल में गुरुवार को हुए समारोह में शहर निवासी नवचयनित आईएएस प्रियंका यादव को सम्मानित किया गया। इससे पूर्व उनके स्कूल आगमन पर स्कूली बैंड ने उनका स्वागत किया। प्रबंध समिति अध्यक्ष डॉ. महेश चंद्रा एवं डॉ. पीयूष अग्रवाल ने उनकी सफलता पर उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्य आरसी सेमवाल ने बताया कि प्रियंका यादव विद्यालय की भूतपूर्व छात्रा रही हैं। कक्षा दसवीं में प्रियंका ने जिले में टाप किया था और बारहवीं की परीक्षा में जिले में दूसरे स्थान पर रही थीं। सत्र 2013-14 में वह विद्यालय की हेड गर्ल भी रहीं।

समारोह के दौरान प्रधानाचार्य ने कहा कि प्रियंका ने दृढ़ संकल्प शक्ति के बल पर ही आईएएस के पद को प्राप्त करके अपने परिवार, जिला समेत विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। इस दौरान प्रबंध समिति अध्यक्ष समेत डॉ. पीयूष अग्रवाल,अनिल भटनागर, मानिक मित्तल, मनिंदर कौर बख्शी, जयकरन बख्शी ने प्रियंका को स्मृति चिन्ह भेंट करके उन्हें सम्मानित किया।

विद्यालय के छात्र एवं छात्राओं ने प्रियंका से जीवन में सफलता प्राप्त करने के टिप्स भी पूछे। इस मौके पर शिक्षिका गीता मिश्रा, कुलदीप कुसुम शर्मा, रेखा, नीलम सक्सेना, पुनीत शर्मा, स्वतंत्र गुप्ता, मोहम्मद तारिक आदि मौजूद रहे। इधर पुष्प इंस्टीट्यूट में भी आईएएस प्रियंका यादव को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रियंका यादव ने विद्यार्थियों से कड़ी मेहनत से आगे बढ़ने का आवाहन किया। विद्यार्थियों ने प्रियंका ने आईएएस बनने के टिप्स भी लिए। समापन पर भारत विकास परिषद की तरफ से सभी सदस्यों एवं इंस्टीट्यूट की ओर से डॉ. एसपीएस संधू, निदेशक अनुज भटनागर ने प्रियंका यादव को स्मृति चिंह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर डॉ.अनुरीता सक्सेना, डॉ.अनिल सक्सेना, बीके श्रीवास्तव, रवि अग्रवाल, मनोज मित्तल, बीके कपूर, अशोक शर्मा, स्वतंत्र देवल, शेखर सक्सेना, हरीश दुलवानी आदि मौजूद रहे। समापन पर उप-प्राचार्य डॉ. गीतिका शुक्ला ने सभी का आभार जताया।

# राजर्षि मुक्त विश्वविद्यालय ने बीएड प्रवेश परीक्षा के आवेदन की तिथि बढ़ाई

**बरेली, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय ने बीएड और बीएड विशिष्ट शिक्षा प्रवेश परीक्षा के आवेदन की तिथि बढ़ाकर 15 मई कर दी है। प्रवेश परीक्षा के समन्वयक प्रो. पीके स्टालिन ने बताया कि ऑनलाइन पंजीकरण और शुल्क भुगतान 15 मई तक होगा। इसके अलावा विलंब शुल्क सहित ऑनलाइन पंजीकरण आवेदन और भुगतान 16 से 26 मई तक स्वीकार किए जाएंगे। ऑनलाइन आवेदन विवरण में त्रुटि संशोधन 27 से 31 मई तक किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय की वेबसाइट से प्रवेश पत्र 15 जून से डाउनलोड किए जाएंगे और प्रवेश परीक्षा की संभावित तिथि 29 जून प्रस्तावित है।

### बीएड की परीक्षा में नकल करते छात्र पकड़ा

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज में बीएड की परीक्षा में एक छात्र को नकल करते पकड़ा गया। उसके पास से नकल की पर्चियां मिली हैं। चीफ प्रॉक्टर प्रो. आलोक खरे ने बताया कि सचल दल ने छात्र को नकल सामग्री मिलने पर बुक कर दिया है और रिपोर्ट विश्वविद्यालय भेज दी है।

### बीएड और एमएड की प्रयोगात्मक परीक्षा अब 19 तक

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने बीएड, एमएड और अन्य पाठ्यक्रमों की प्रयोगात्मक परीक्षा कराने की तिथि 19 मई तक बढ़ा दी है। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार के मुताबिक महाविद्यालयों को मुख्य परीक्षा 2023-24 के बीएड, एमएड, बीएलएड, बीपीएड और व्यावसायिक , डिप्लोमा पाठ्यक्रमों और अन्य की प्रयोगात्मक और आंतरिक परीक्षाएं 19 मई तक करानी होंगी। इसके बाद अंक स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

# जानलेवा हमला किया दस साल की मिली सजा

विधि संवाददाता, पीलीभीत

● अपर सत्र न्यायाधीश छांगुर राम ने सुनाया फैसला, जुर्माना भी लगाया

**अमृत विचारः** अपर सत्र न्यायाधीश छांगुर राम ने जानलेवा हमले के एक मामले की सुनवाई के बाद आरोपी थाना माधोटांडा क्षेत्र के गांव रायपुर मुस्तकिल रामपुर के निवासी रंजीत सिंह पुत्र प्रीतम सिंह को दोषी पाते हुए 10 वर्ष कैद और 11 हजार रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया है। राज्य सरकार की ओर से पैरवी सहायक शासकीय अधिवक्ता विमल कुमार वर्मा ने की। अभियोजन कथानक के अनुसार वादिनी मुकदमा थाना माधोटांडा क्षेत्र के गांव रायपुर मुस्तकिल रामपुर निवासी बलविन्दर कौर पत्नी मंगल सिंह ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 21 फरवरी 2022 की शाम करीब सात बजे उसके पति मंगल सिंह खेत पर गये थे। पीछे से पड़ोस का रंजीत सिंह पहुंचा और पति को गाली देने लगा। पति ने मना किया तभी आरोपी ने जान से मारने की नीयत से पति के पेट में तलवार मार दी। शोर पर पड़ोस के बहुत से लोग आ गए। जिन्होंने घटना देखी और बचाया। मेरे पति को काफी गंभीर चोटे आयी। पुलिस ने विवेचना के बाद आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। मामले की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश छांगुर राम की अदालत में हुई। न्यायालय ने दोनों पक्षों को सुनने और पत्रावली का परिशीलन करने के बाद आरोपी रंजीत सिंह को जानलेवा हमले का दोषी पाते हुये सजा सुनाई

# खंड शिक्षा अधिकारी के निरीक्षण में गायब मिले शिक्षामित्र

**पूरनपुर, अमृत विचार :** खंड शिक्षा अधिकारी विजय वीरेंद्र सिंह ने गुरुवार को कलीनगर तहसील क्षेत्र के गांव डगा के उच्च और प्राथमिक स्कूलों का निरीक्षण किया। इसके अलावा बाइफरकेशन के प्राथमिक, पुरैना ताल्लुके महाराजपुर के कंपोजिट, सेल्हा के प्राथमिक और सात झाल के प्राथमिक स्कूल का निरीक्षण किया। इस दौरान छात्रों की संख्या कम मिली। खंड शिक्षा अधिकारी ने छात्र संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। इसके अलावा स्कूल परिसर में साफ सफाई रखने पर जोर दिया। सात झाल के प्राथमिक स्कूल में शिक्षामित्र शिवकुमार बिना बताए गायब मिले। खंड शिक्षा अधिकारी विजय वीरेंद्र सिंह ने बताया कि शिक्षामित्र के गायब रहने पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। जवाब मांगा गया है।

# स्कूल में हादसे के बाद चली गई थी वंश की आंख की रोशनी, अब सीओ करेंगे जांच

संवाददाता, तिलहर

● स्कूल मालिक और प्रधानाचार्य पर रिपोर्ट दर्ज होने के बाद कार्रवाई

**अमृत विचारः** एक वर्ष पूर्व स्कूल में हुए हादसे के बाद छात्र की आंख रोशनी जाने के मामले में स्कूल मालिक एवं प्रधानाचार्य आदि पर रिपोर्ट दर्ज होने के बाद मामले की जांच सीओ प्रयांक जैन करेंगे। चुनाव की तैयारियों की व्यस्तता के चलते अभी वह इस मामले में किसी पक्ष का बयान दर्ज नहीं कर पाए हैं।

नगर के मोहल्ला जेरबरगद निवासी दीपक भारती ने बताया कि 29 अप्रैल 2023 को उनका बेटा वंश(7) नगर के मोहल्ला कच्चा कटर स्थित हिंद बाल विद्यालय जूनियर हाई स्कूल में पढ़ने गया था। उन्होंने बताया सुबह उसी दिन इंटर वाले के स्कूल की आया उनके घर आई और स्कूल चलकर प्रिंसिपल से मिलने को कहा वह अपनी पत्नी के साथ स्कूल पहुंचे तो देखा कि उनका बेटा प्रिंसिपल रूम में खून से लथपथ पड़ा था और उसकी दाहिनी आंख से बुरी तरह से खून बह रहा था। वह उसे आनन फानन में नगर के एक प्राइवेट डॉक्टर के पास लेकर पहुंचे।बेटा वंश ने बताया कि किसी बच्चे ने पीछे से धक्का मार दिया था स्कूल में लगी टंकी की टूटी पर वह गिर गया और उसकी आंख में चोट लग गई। तो वहीं वह प्रिंसिपल एवं स्कूल मालिक से बेटे के चोट लगने का कारण पूछने पर स्कूल के प्रिंसिपल गुलशन जहां एवं स्कूल मलिक शबाना ने उन लोगों को जाति सूचक गालियां देते समस्त स्टाफ ने उन्हें पत्नी सहित धक्के मार कर स्कूल से बाहर निकाल दिया था। इसके बाद सम्मानित लोगों के द्वारा हुई पंचायत में उन लोगों ने बेटे का इलाज करने का आश्वासन दिया था और कार्रवाई करने से मना कर दिया था। इस दौरान वह बेटे के इलाज को लेकर उन लोगों से बार-बार कहता रहा लेकिन इलाज नहीं कराया गया।

हार कर उन्होंने कार्रवाई कराने के लिए कोतवाली में तहरीर दी। दीपक भारती ने बताया कि उन्होंने वंश का इलाज कराया लेकिन उसकी आंख ठीक नहीं हुई और उसकी जगह पर कृत्रिम आंख लगवानी पड़ी। तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच सीओ प्रयांक जैन को सौंपी गई है।

## सार-संक्षेप

### पौधरोपण कर दिया हरियाली का संदेश



**मझोला ।** चौधरी उमराव सिंह सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में गुरुवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें पौधरोपण करते हुए हरियाली का संदेश दिया गया। प्रधानाचार्य भानु प्रताप सिंह ने फलदार पौधे को लगाया और दूसरों से भी अपील की। उन्होंने बताया कि पर्यावरण को स्वच्छ बनाने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को जागरूक होना चाहिए। प्रकृति के अनुरूप जीवन की सम्भावना को बनाये रखना पर्यावरण का प्रमुख उद्देश्य है। पौधे हमारी हवा को साफ करने, हमारे पानी को शुद्ध करने, भोजन और दवाओं का उत्पादन करने, रासायनिक और ध्वनि प्रदूषण को कम करने, बाढ़ के पानी को धीमा करने और हमारी सड़कों को ठंडा करने में मदद करते हैं। इस अवसर पर समस्त आचार्य उपस्थित रहे।

### निबंध प्रतियोगिता में चांदनी वर्मा रही प्रथम



**पीलीभीत ।** स्प्रिंगडेल कॉलेज में गुरुवार को सड़क सुरक्षा विषय पर पोस्टर, स्लोगन, प्रश्नोत्तरी एवं निबंध प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। नियम पालन के फायदे और अनदेखी से होने वाले नुकसान को भी बताया गया। शिक्षिका रचना गंगवार के द्वारा सड़क सुरक्षा की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को शपथ ग्रहण कराई गई। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में कक्षा नौ पर्ल से मन्नत जोत सिंह प्रथम, आध्या द्वितीय, लव श्रीवास्तव तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा नौ डायमन्ड से श्रेया ने प्रथम, गार्गी ने द्वितीय व आयुष ने तृतीय प्राप्त किया। कक्षा नौ ज्वैल से देव प्रताप सिंह प्रथम, अंशु कुमार द्वितीय, अली खान तृतीय स्थान पर रहे। स्लोगन एवं पोस्टर प्रतियोगिता में अभिजीत काजल, काव्या, आंचल, यश जौहरी, रीतिका, खुशी, माहिरा, महक, अजय वर्मा, सक्षम, पीयूष, रिद्धि, हर्ष, अंशिका सिंह, मिदत फातिमा, आयुष आदि के पोस्टर व स्लोगन सराहे गए। निबंध प्रतियोगिता में चांदनी वर्मा प्रथम, अनुष्का वर्मा द्वितीय और निष्ठा ने तीसरे स्थान पर जगह बनाई।

### ट्रायल के बाद एडवांस स्विमिंग पूल में मिलेगा प्रवेश

**बरेली, अमृत विचार :** ट्रायल के बाद खिलाड़ियों को एडवांस स्विमिंग पूल में प्रवेश दिया जाएगा। 10 मई से रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। स्पोर्ट्स स्टेडियम प्रबंधन ने इसकी तैयारियां शुरू कर दी हैं। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी जितेन्द्र यादव ने बताया कि प्रवेश लेने वाले खिलाड़ी को 200 मीटर फ्री स्टाइल, ब्रेस्ट स्ट्रोक, बैक स्ट्रोक तैराकी करके दिखाना अनिवार्य होगा। वहीं, तैराकी के शौकीनों के लिए अगल से बैच लगाया जाएगा। वहीं, स्टाफ की चुनाव में ड्यूटी लगने की वजह से 5, 6 और 8 मई को स्विमिंग पूल बंद रखने का निर्णय लिया गया है।

## पति पर दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट

# पत्नी ने समझौते से किया मना तो पति ने फंदे पर लटककर दे दी जान

संवाददाता, सिंधौली/शाहजहांपुर

● तीन माह पूर्व मायके गई थी, बुधवार को मायूस होकर लौटा था पंकज

"पत्नी ने समझौता करने से मना कर दिया था, इसी से परेशान पंकज ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। मृतक के परिवार वालों की तरफ से तहरीर नहीं आई है। - **धर्मेंद्र कुमार**, थानाध्यक्ष, सिंधौली

**अमृत विचारः** पत्नी ने ससुराल आने से मना कर दिया। इस बात से क्षुब्ध होकर पति ने कमरे में पंखे के कुंडे से रस्सी का फंदा गले में डालकर जान दे दी। उसकी पत्नी तीन माह पूर्व मायके में चली गई थी और पति के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की शिकायती प्रार्थना पत्र एसपी के यहां दिया था। पीलीभीत परामर्श केंद्र पर समझौते की तारीख पड़ रही थी, जिसमें उसने समझौता करने से मना कर दिया था।

सिंधौली थाना क्षेत्र के गांव लधौली निवासी महेंद्र पाल ने बताया कि उसने पंकज(30) की शादी एक साल पहले अर्चना देवी निवासी नगरिया थाना बिलसंडा जिला पीलीभीत के साथ की थी। 30 जनवरी को अर्चना देवी के पिता ओमप्रकाश एक युवक के साथ बेटी की ससुराल आए और उसे साथ में लेकर चले गए थे। उन्होंने बताया कि अर्चना ने मायके में जाकर उसके बेटे पंकज के खिलाफ दहेज उत्पीड़न आदि की शिकायती प्रार्थनापत्र एसपी पीलीभीत को दिया था। पीलीभीत एसपी ने शिकायती प्रार्थना पत्र परामर्श केंद्र पर भेज दिया। महिला परामर्श केंद्र में 24 तथा 27 अप्रैल तारीख पड़ी थी। अर्चना ने महिला परामर्श केंद्र पर समझौता करने से मना कर दिया था और कहा था कि ससुराल नहीं जाऊंगी। इसके बाद एक मई तारीख दी गई। पंकज बुधवार को पीलीभीत परामर्श केंद्र पर गया। लेकिन उसकी पत्नी अर्चना नहीं आयी। परामर्श केंद्र के स्टाफ ने अर्चना को फोन मिलाया तो उसने आने से मना कर दिया और कहा कि समझौता नहीं करुंगी। पंकज पीलीभीत से वापस अपने घर आ गया। उन्होंने रात नौ बजे खाना खाया और एक कमरे में सोने के लिए चला गया। परिवार वालों ने गुरुवार की सुबह उसका शव कमरे में कुंडे से रस्सी से लटका हुआ देखा। प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार मौके पर पहुंचे और शव को उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# खराब खाने से बा स्कूल की 12 छात्राओं की बिगड़ी तबीयत

**बरेली/बिथरी चैनपुर, अमृत विचार :** खराब खाने से गुरुवार को बिथरी चैनपुर के कस्तूरबा आवासीय विद्यालय की 12 छात्राओं की तबीयत खराब हो गई। शिक्षकों ने आननफानन में बीमार छात्राओं को सीएचसी पर भर्ती कराया। गंभीर हालत में एक छात्रा को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। हालांकि, हालत में सुधार होने पर छात्राओं को स्कूल भेज दिया गया।

● एक छात्रा गंभीर हालत में सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर

छात्राओं ने बताया कि सुबह 10 बजे उन्हें खाने के लिए दलिया दिया गया। जिसे खाने के कुछ देर बाद पेट और सिर में तेज दर्द शुरू हो गया। एक साथ 13 छात्राओं के बीमार होने पर शिक्षिकाओं के हाथ पांव फूल गए। छात्राओं को तुरंत सीएचसी लाया गया। छात्राओं का आरोप है कि स्कूल में उन्हें कच्ची रोटियां, कच्चे चावल खाने के लिए दिए जाते हैं। बुधवार को भी उन्हें अधपकी रोटियां और चावल खाने के लिए दिए गए थे। बीमार होने वाली छात्राओं में लक्ष्मी, सपना, रितिका, मोहनी, बबली,अंशिका, रीफा, अंशीलता, प्रतीक्षा, ममता, सावित्री आदि शामिल हैं।

**बीईओ से छात्राएं बोलीं- खाने की गुणवत्ता बेहद खराब**

छात्राओं की तबीयत खराब होने की सूचना पर बीईओ अवनीश कुमार बा स्कूल पहुंचे। इस दौरान उन्हें छात्रा एकता पटेल, आकांक्षा आदि ने स्कूल में खाने की गुणवत्ता को बेहद खराब बताया। कहा कि पिछले दो माह से कच्ची रोटी और चावल दिए जा रहे हैं।

"छात्रा साक्षी,शशि और आकृति ने दलिया नहीं खाया था, इनकी तबीयत पहले से ही खराब थी। बाकी 7 बच्चों ने दलिया खाया था ।उनको फूड प्वाइजनिंग जैसी दिक्कत हुई थी। प्राथमिक उपचार मिलने के बाद छात्राएं बच्चे स्वस्थ हैं। दलिया की गुणवत्ता ठीक थी।
**अवनीश कुमार**, बीईओ, बिथरी चैनपुर

"दिसंबर से रसोइया बदल गई है, जो रसोइया है, वह खाना बनाते वक्त साफ सफाई का ध्यान नहीं रखती है। कई बार डांटा गया है, लेकिन सुधार नहीं हुआ। **-अनीता, वार्डन**

### तारों की चिंगारी से तीन घर जलकर राख

**कादरचौक ।** गपुर पुख्ता गांव से बिजली की लाइन निकल रही है। गुरुवार को लाइन के तारों से चिंगारी निकली। चिंगारी शिवराज के मकान के आगे पड़े छप्पर पर जाकर गिरी तो छप्पर जलने लगा। आग लगते ही गांव में चीख पुकार मच गयी। जब तक शिवराज के छप्पर में लगी आग को बुझाने का प्रयास किया तब तक आग ने पूरा घर चपेट में ले लिया और आग की ऊंची लपटें उठने लगीं। शिवराज के मकान के आगे छप्पर में बंधी एक भैंस, दो बकरियों की झुलसकर मौत हो गयी। शिवराज के घर में रखा अनाज कपड़ा जल कर राख हो गया। आग की लपटों ने पड़ोस के ओमपाल के घर को भी चपेट में ले लिया, जिससे ओमपाल के घर में रखे गेहूं, दो बकरी जल गई। आग की लपटों ने देव सिंह के घर को भी चपेट में ले लिया। देव सिंह के घर में आग लगते ही ग्रामीणों ने दमकल विभाग को फोन पर सूचना दी और स्वयं आग पर पानी डाल कर बुझाने का प्रयास किया। देव सिंह के घर में भूसा, अनाज, सोने-चांदी के आभूषण समेत करीब दो लाख का सामान जल कर राख हो गया।

# छुट्टा पशु पकड़वाने की मांग एडीएम को सौंपा ज्ञापन



एसडीएम को ज्ञापन देते भारत परिषद के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**बीसलपुर, अमृत विचार :** भारत परिषद के कार्यकर्ताओं के एसडीएम महिपाल सिंह को ज्ञापन सौंपकर द्वक्षेत्र में घूम रहे छुट्टा पशुओं को पकड़वाकर गोशाला भिजवाने की मांग की है। इस दौरान पशुओं से हो रहे नुकसान को भी बताया।

जिलाध्यक्ष संतोष कुमार वर्मा की अगुवाई में गुरुवार को एसडीएम महिपाल सिंह को दिए गए ज्ञापन में बताया कि चठिया सेवाराम गांव के प्रमुख रास्तों पर बड़ी संख्या में छुट्टा पशु डेरा जमाए हैं। आलम ये है कि उधर से निकलने वाले ग्रामीणों पर पशु हमला कर देते हैं। खेतों में पहुंचकर फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। गांव के ही प्रेमपाल की पत्नी सविता देवी, मूलचंद को हमला कर घायल कर चुके हैं। इसके अलावा गांव धिमरपुरा में गोकरन पुत्र मंशाराम पर भी हमला कर दिया था। प्राइमरी और जूनियर हाई स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों पर भी खतरा बना हुआ है। बच्चे स्कूल जाने से भी डरने लगे हैं। पढ़ाई प्रभावित हो रही है। ज्ञापन देने वालों में अजय पाल, रविंद्र कुमार, मनोज सिंह, राकेश कुमार ,कमल कुमार ,बृजेश कुमार आदि थे।

# बहू को विदा कराने आए लोगों की गाड़ी से कुचलकर बच्चे की मौत

संवाददाता, आसफपुर

**अमृत विचार :** बहू की विदा कराने आए लोगों की गाड़ी ने सड़क पर खेल रहे बालक को कुचल दिया। बालक की मौके पर ही मौत हो गई। गुस्साए लोगों ने गाड़ी के चालक को पकड़कर जमकर पिटाई की और फिर पुलिस के हवाले कर दिया।

थाना फैजगंज बेहटा के कस्बा आसफपुर निवासी तौफीक का चार वर्षीय बेटा माहिर घर के आगे सड़क पर बच्चों के साथ खेल रहा था। मुहल्ले के ही निवासी सोहनलाल की पुत्रवधु की विदा कराने उसके मायके वाले मारुति वैन लेकर आए थे। वापस जाते समय माहिर अचानक खेलते हुए वैन के नीचे आ गया और गाड़ी से कुचलकर उसकी मौत हो गयी। बच्चे की मौत से उसके परिजनों में कोहराम मच गया। गुस्साए लोगों ने गाड़ी के चालक को पकड़ लिया और पीटकर पुलिस को सौंप दिया। गाड़ी पर पथराव करके क्षतिग्रस्त कर दिया। सूचना पर पहुंची आसफपुर चौकी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक के परिजनों की ओर से अभी तहरीर नहीं दी गई है।

# दहेज की खातिर तोड़ दिया रिश्ता, पांच पर एफआईआर

**बरखेड़ा ।** दहेज की मांग पूरी न होने पर लड़का पक्ष से शादी का तय रिश्ता तोड़ दिया। लग्न की रस्म में लिया गया सामान भी वापस नहीं किया। पुलिस पांच आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच में जुट गई है। बरखेड़ा क्षेत्र की एक युवती ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी 21 अक्टूबर 2020 को ग्राम देवीपुरा निवासी राजकुमार से तय हुई थी। लग्न की रस्म में काफी नकद और सामान दिया गया। इसके बाद 15 मई 2021 को शादी की तिथि तय की गई। 14 फरवरी 2021 को लड़का पक्ष के लोग पीड़िता के घर आए और सभी ने दहेज में पांच सोने के जेवरात, 35 जोड़ी कपड़े, बुलेट बाइक समेत अन्य सामन की मांग रख दी। पीड़िता के परिजन ने अपनी आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए असमर्थता जताई। इस पर सभी ने शादी से इनकार कर दिया। इसके बाद से आरोपी लगातार टालमटोल करते रहे। पूर्व में दिए गए जेवर और नकद भी वापस नहीं किए। इंस्पेक्टर अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि मामले में अमरोहा जिले के ग्राम देवीपुरा ननहेरा अल्यारपुर निवासी राजकुमार, वीरपाल, दीपक नन्हे, कलावती और जय सिंह पांच लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज की है।

### .. ताकि अक्षय तृतीया पर नहीं होने पाए बाल विवाह

**पीलीभीत ।** अक्षय तृतीया पर्व पर कहीं बाल विवाह न हो, इसके लिए राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग नई दिल्ली की ओर से अलर्ट किया गया है। जिसके बाद जिला स्तर पर भी अधिकारियों ने निर्देश जारी कर दिए हैं। आयोग अध्यक्ष की ओर से अक्षय तृतीया के पर्व पर बाल विवाह रोके जाने के निर्देश दिये गए हैं। इन निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने समस्त अधिकारियों को जिम्मेदारी दी है। जिसमें 10 मई को पड़ने वाली अक्षय तृतीया पर्व पर जनपद में सम्भावित बाल विवाह रोकने को एक्शन प्लान तैयार करने को कहा है। निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित करें कि जनपद में कोई भी बाल विवाह जैसी घटना घटित न होने पाए। अपने अधीनस्थ कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बाल विवाह रोकने के लिए जागरूकता कार्यक्रम करने, बाल विवाह की बुराइयों एवं बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दें। कहा कि बाल विवाह की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, बाल कल्याण समिति, जिला बाल संरक्षण इकाई, सम्बन्धित थाने के बाल कल्याण अधिकारी व ग्राम प्रधान को सूचित करें ताकि बाल विवाह को रोका जा सके।



## एक नजर

### 11 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ नेपाली युवक गिरफ्तार

**संपूर्णानगर, अमृत विचार :** थाना संपूर्णानगर एसओ निराला तिवारी ने बताया कि पुलिस टीम भारत नेपाल सीमा मार्ग पर चेकिंग कर रही थी। इसी बीच नेपाल की तरफ से आ रही ईश्वर चौधरी पुत्र कृष्णा निवासी धनगढ़ी गली नंबर 04 थाना जिपरका जिला कैलाला नेपाल आ गया। पुलिस ने शक होने पर उसे रोक लिया और तलाशी ली तो उसके पास 11 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। एनडीपीएस एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने चालान कर उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### करंट लगने से मृत भैंसों का पोस्टमार्टम करने से किया इनकार

**बदायूं, अमृत विचार :** दातागंज कटरी क्षेत्र के गांव चंदोखा निवासी प्रयोम भैंसों को चराने के लिए जंगल में ले गया। वहां भैंसों को पानी पिलाने के लिए गांव निवासी भास्कर मिश्रा के खेत के पास गड्ढे में भरे पानी में भैंसों को ले जाने लगा। इसी दौरान खेत स्वामी द्वारा फसल की सुरक्षा के लिए खेत में लगाए गए बिजली के तारों की चपेट में दोनों भैंसे आ गईं। दोनों भैंस करंट लगने से मौत हो गई। जिसकी सूचना अपने बड़े भाई सुदेश को दी। सूचना मिलने के बाद पीड़ित ने कोतवाली दातागंज में इसकी शिकायत दर्ज कराई। इस पर पुलिस ने पशुओं का पोस्टमार्टम कराने के लिए कह दिया। उसने समरेर स्थित सरकारी पशु अस्पताल पहुंचकर पोस्टमार्टम करने का अनुरोध किया। आरोप है कि पशु चिकित्सक ने पोस्टमार्टम करने से मना कर दिया। एसडीम धर्मेंद्र कुमार सिंह ने कहा की डॉक्टर को भेज कर पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

### कुकर्म के आरोपी किशोर को 7 साल की सजा

**बदायूं, अमृत विचार :** थाना अलापुर क्षेत्र के एक कस्बा निवासी ग्रामीण ने 27 अप्रैल 2017 को पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि 26 अप्रैल को उनका छह साल का बेटा घर के बाहर खेल रहा था तभी पड़ोस में रहने वाला किशोर टॉफी देने के बहाने उसे अपने साथ ले गया और उसके साथ गलत काम किया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके मामले की विवेचना की। न्यायधीश ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद आरोपी को दोषी मानते हुए सात साल की कैद की सजा सुनाई। इसके अलावा 25 हजार जुर्माना भी डाला।

# घनश्याम हत्याकांड : पत्नी ने प्रेमी संग मिलकर की थी हत्या

## गांव धौरहरा का मामला, पोस्टमार्टम में गला दबाकर हत्या की पुष्टि

फॉलोअप

कार्यालय, लखीमपुर खीरी

- पत्नी और उसके प्रेमी के खिलाफ पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचारः** थाना धौरहरा के गांव रानीगंज निवासी घनश्याम के शव का गुरुवार को पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उसकी गला दबाकर हत्या होने की पुष्टि की है। पुलिस का कहना है कि घनश्याम ने अपनी पत्नी को उसके प्रेमी के साथ आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ लिया था। इससे नाराज होकर पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर घनश्याम की गला दबाकर हत्या कर दी और शव चारपाई पर लिटा दिया।

बुधवार की सुबह गांव हौकना मटेरा के मजरा रानीपुरवा निवासी घनश्याम निषाद (45) का शव संदिग्ध हालात में घर के अंदर चारपाई पर पड़ा बरामद हुआ था। उसके मुंह से खून निकल रहा था। मृतक की पत्नी संगीता देवी पति की स्वाभाविक मौत होने की बात कह रही थी, जबकि उसका बेटा श्यामलाल दावा कर रहा था कि उसने अपनी आंखों से मां को एक युवक के साथ मिलकर गला दबाते हुए देखा था। उधर ग्रामीणों का कहना था कि महिला के कई लोगों से संबंध हैं, जिसका घनश्याम अक्सर विरोध करता था। पुलिस ने शक होने पर मृतक की पत्नी को हिरासत में ले लिया था और शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा था, लेकिन देरी से शव आने के कारण बुधवार को पोस्टमार्टम नहीं हो सका था। पुलिस ने गुरुवार को पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या होने की बात कही गई है। प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि महिला से की गई पूछताछ में अभी तक यह बात सामने आई है कि घटना की रात घनश्याम घर के बाहर सोया हुआ था। शक होने पर आधी रात के बाद जब वह घर के कमरे में गया तो पत्नी को आपत्तिजनक हालत में उसके प्रेमी के साथ पकड़ लिया था। इससे नाराज पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर घनश्याम का गला दबा दिया और हत्या कर दी थी। पुलिस ने मृतक के भाई हरिकिशन की तहरीर पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस उसके प्रेमी की तलाश कर रही है। उम्मीद जताई जा रही है कि पुलिस शुक्रवार को घटना का खुलासा कर सकती है।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल, रेफर

**संवाददाता, मूड़ा सवारान, अमृत विचार :** लखीमपुर-भीरा राजमार्ग पर दोपहर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल हो गया है, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। बृहस्पतिवार को बस्तौली गांव के समीप फूलबेहड़ थाना क्षेत्र के ग्राम अग्गरखुर्द निवासी शिवनारायण अपने किसी काम से पूर्वांह 10 बजे बिजुआ की तरफ जा रहे थे। जैसे ही बस्तौली पेट्रोल पंप के पास पहुंचे तभी पीछे से आ रहे किसी अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी जिससे बाइक अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे रखे खोखे से टकरा गई और बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगो ने घटना की सूचना डायल 112 पर दी लेकिन मौके पर एम्बुलेंस सेवा नही पहुंची। घायल करीब एक घंटे तक तड़पता रहा। तभी वहां से गुजर रहे भाजयुमो के पूर्व मंडल अध्यक्ष व वर्तमान मंडल मंत्री आदित्य मोहन शुक्ला ने अपने प्रचार वाहन से घायल को सीएचसी बिजुआ पहुंचाया, जहां से हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेंटर ओयल के लिये रेफर कर दिया गया। बता दें कि अब तक हुए हादसो में बाइक चालकों के सिर पर चोट आ रही है। उसकी वजह है कि बाइक चालक हेलमेट का उपयोग नहीं कर रहे हैं। घायल शिवनरायन के सिर में गंभीर चोटें आई हैं।

## भ्रूण हत्या कराने के चक्कर में चली गई महिला की जान

संवाददाता, निघासन

**अमृत विचारः** पढ़ुआ थाना क्षेत्र के एक गांव में पति की मौत के बाद महिला का पड़ोस के ही एक युवक से प्रेम-प्रसंग हो गया और वह गर्भवती हो गई।

गर्भ ठहरने पर उसका प्रेमी कस्बा रकेहटी के एक झोलाछाप डॉक्टर से ऑपरेशन कराया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई और तीन दिन बाद उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक महिला के भाई ने पुलिस को तहरीर दे दी है, लेकिन पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। गांव सुजानपुर निवासी रामलोटन ने बताया कि उसकी बहन का विवाह इसी थाना क्षेत्र के गांव कट्ठौहा बैरिया निवासी रामगोपाल मौर्य से हुआ था। उसके बहनोई की चार माह पूर्व मौत हो गई थी।

आरोप है कि उसकी बहन के संबंध पड़ोस के ही एक युवक से हो गए। बहन के पेट में गर्भ ठहरने पर कथित युवक गर्भपात कराने के लिए रकेहटी कस्बे के एक झोलाछाप डॉक्टर के पास ले गया और ऑपरेशन करा दिया। उसके बाद उसे घर छोड़ दिया। सही से इलाज न होने के कारण बहन की हालत खराब हो गई। तब उसे लखीमपुर में भर्ती कराया, जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। एसओ हरिकेश राय ने बताया सूचना मिली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### हैदराबाद पुलिस ने तीन ऑटो लिफ्टर दबोचे

**संवाददाता, ममरी, अमृत विचार :** थाना प्रभारी दीपक तिवारी ने बताया मुखबिर की सूचना पर गांव उदयपुर का अजीत सिंह, दीपांशु और अंकित कुमार के घर छापा मारा और गोला क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों से चुराकर लाई गई तीन बाइकों को बरामद किया है। तीन युवकों को गिरफ्तार कर एक 12 बोर का तमंचा भी बरामद किया। गुरुवार को तीनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया, जहां से अदालत ने तीनों को जेल भेज दिया है।

### तमंचे के बल पर नौकर को घर से उठा ले गए हमलावर

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** कोतवाली धौरहरा क्षेत्र के एक गांव में घर में घुसकर मालिक और अन्य सदस्यों की पिटाई का विरोध करना नौकर को भारी पड़ गया। हमलावर उसे तमंचे के बल पर उठा ले गए और जमकर पीटा। पुलिस ने अपहरण समेत कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव नयागांव निवासी प्रकाश दीक्षित ने बताया कि मामूली विवाद होने पर बुधवार की शाम करीब 7 :30 बजे पड़ोसी अनुराग दीक्षित, अनुज दीक्षित व अनुपम दीक्षित उसके घर घुस आए और गालियां देने लगे। शोर शराबा होने पर परिवार के विवेक, आरती, सुकेश और मौके पर मौजूद नौकर बृजमोहन ने जब विरोध किया तो आरोपी भड़क गए। आरोप है तमंचे के बल पर हत्या करने के इरादे से नौकर बृमोहन को उठा ले गए। इससे गांव में अफरा-तफरी मच गई। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने पिटाई करने के बाद बृजमोहन को छोड़ दिया। उन्होंने आरोपियों के खिलाफ धौरहरा पुलिस को तहरीर दी, जिस पर पुलिस ने अपहरण समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। प्रभारी निरीक्षक दिनेश सिंह ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ अपहरण समेत कई अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## दुधवा बाघ संरक्षण की बैठक में कई बिंदुओं पर हुई चर्चा

संवाददाता, पलिया कलां

- वाटर होलों में भरवाया जाएगा पानी, बजट का अनुमोदन
- पर्यटक वाहनों की ओवर स्पीड रोकने के लिए होगी कार्रवाई

**अमृत विचारः** दुधवा टाइगर रिजर्व प्रभाग के पर्यटन परिसर में अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं फील्ड डायरेक्टर डीटीआर ललित कुमार वर्मा की अध्यक्षता में दुधवा बाघ संरक्षण फाउंडेशन कार्यकारिणी समिति की एक बैठक हुई, जिसमें कई वरिष्ठ वन अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में वाटर होलों में पानी भरने सहित कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया।

क्षेत्र में पड़ रही भीषण गर्मी को देखते हुए वन क्षेत्र के वाटर होलों में पानी भरने की व्यवस्था के लिए किशनपुर, बांके ताल, ककरहा ताल के लिए बोरिंग एवं इंजन सुविधा के लिए बजट का अनुमोदन करने, कैंटीन संचालन का सुझाव देने, शहद के उत्पादन एवं बिक्री करने, पर्यटक वाहनों की ओवर स्पीड रोकने के लिए दंडात्मक कार्रवाई का निर्धारण किया गया। आगामी पर्यटन सत्र हेतु पुराने वाहनों को हटाने व अन्य वाहनों पर जीपीएस लगवाने, नेचर गाइड व वाहन चालकों की वर्दी के निर्धारण पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में उपनिदेशक दुधवा टाइगर रिजर्व डॉ रंगाराजू टी, प्रभागीय वन अधिकारी उत्तर खीरी /उपनिदेशक बफर जोन सौरिष सहाय, प्रभागीय वनाधिकारी कर्तनिया घाट वन्य जीव प्रभाग बहराइच बी शिव शंकर, वन्य जीव प्रतिपालक किशनपुर धर्मेंद्र द्विवेदी, वन्य जीव प्रतिपालक दुधवा महावीर सिंह, वन अधिकारी दक्षिण सोनारीपुर सोबरन लाल, क्षेत्रीय वन अधिकारी पर्यटन प्रशांत कुमार प्रियदर्शी, क्षेत्रीय वन अधिकारी दुधवा रितेश पटेल, आउटरीच प्रोग्रामर विपिन सैनी आदि शामिल रहे।

### अधिवक्ता के घर से जेवर-नकदी चोरी

**लखीमपुर खीरीः अमृत विचारः** बेखौफ चोरों ने एक बार फिर पुलिस की सक्रियता पर सवाल लगा उठा दिए हैं। बुधवार की रात चोर खिड़की पर लगा कूलर हटाकर शहर के मोहल्ला गोटैय्या बाग निवासी एक अधिवक्ता के घर घुस गए और छह हजार रुपये की नगदी समेत करीब दो लाख रुपये के जेवर चोरी कर ले गए। अधिवक्ता ने सदर कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है।

मोहल्ला गोटैय्या बाग निवासी अधिवक्ता मोईन अहमद ने बताया कि बुधवार को परिवार में शादी थी और गोला रोड स्थित एक वाटिका में शादी व दावते वलीमा का आयोजन था। वह परिवार समेत शाम करीब सात बजे कार्यक्रम में शामिल होने चले गए। घर पर ताला पड़ा हुआ था। गुरुवार की सुबह करीब पांच बजे जब वापस आए और मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर गए तो सामान बिखरा देख उनके होश उड़ गए। इसी बीच उनकी मकान के पिछली दीवार में लगे खिड़की पर गई तो देखा खिड़की पर रखा कूलर बगल में रखा हुआ था।

# अफसरों की जवाबदेही में फंसी पुलिस, आजमा रही नए हथकंडे

कार्यालय, लखीमपुर खीरी

- 11 वें दिन पकड़ में आए दो लुटेरे तब लिखी खीरी और सदर पुलिस ने लूट की रिपोर्ट,
- बिना नंबर प्लेट की बाइक, दो जोड़ी झाला, तमंचा और चाकू बरामद

> घटना की सूचना मिलने के बाद से ही पुलिस बदमाशों की तलाश कर रही थी। पीड़ित तहरीर देने में अक्सर आनाकानी करते हैं। इसलिए कभी-कभी रिपोर्ट दर्ज करने में देरी होती है। **-रमेश कुमार तिवारी, सीओ सिटी**

**अमृत विचारः** जिले में बढ़ रही लूट और चोरी की वारदात आला अफसरों की नजर में न आए। इसको लेकर पुलिस बड़ा खेल करती है। 20 अप्रैल को बदमाशों ने थाना खीरी क्षेत्र में महिला के कानों से झाले नोच लिए थे। वहीं सदर कोतवाली क्षेत्र में 28 अप्रैल की देर शाम पीलीभीत-बस्ती हाईवे पर बाइक सवार दंपती को रोककर लूटपाट की थी। घटना के दिन ही दोनों मामलों की तहरीर पुलिस को दी गई, लेकिन पुलिस ने अफसरों की जवाबदेही से बचने के लिए ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि दोनों घटनाओं में शामिल बदमाशों को मंगलवार की रात दबोच लिया गया था। बदमाशों के पकड़े जाने के बाद बुधवार की देर शाम दोनों थानों की पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली और गुरुवार को खुलासा कर दिया।

पहली वारदात 20 अप्रैल को थाना खीरी क्षेत्र में अमृतागंज मार्ग पर शाम करीब छह बजे हुई थी। रामापुर निवासी श्रवण कुमार पत्नी सुनीता को लेकर चंदनापुर जा रहे थे। ककरहा-पनगी गांव के बीच बाइक सवार तीन बदमाशों ने ओवरटेक कर उसकी बाइक रोक ली और पत्नी के कान से झाले लेकर भाग गए थे। इस घटना के आठवें दिन बाइक सवार तीन बदमाशों ने सदर कोतवाली की रामापुर चौकी क्षेत्र में पीलीभीत-बस्ती हाईवे पर लूट की घटना को अंजाम दे दिया था। बदमाश रात करीब 07:30 बजे थाना नीमगांव के गांव पिपरिया निवासी अमित यादव की बाइक भरत कमला इंटर कालेज पनगी रोक ली थी और बाइक पर सवार उनकी पत्नी पम्मी देवी के कुंडल और सोने की चेन लूट ले गए थे। दोनों मामलों की तहरीर घटना के दिन से पुलिस को दी गईं थी, लेकिन पुलिस अपनी जवाबदेही से बचने के लिए घटनाएं छुपाई रखीं।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि थाना खीरी पुलिस ने बुधवार को स्वाट टीम की मदद से बाइक सवार बदमाश आसिफ उर्फ आशिक पुत्र मोबीन निवासी जेठरा थाना खमरिया और जीशान पुत्र करम अली निवासी जमकोहना थाना कोतवाली सदर को गिरफ्तार कर लिया, जबकि उनका एक साथी मौके से भाग जाने में सफल रहा। बदमाशों के पकड़े जाने के बाद थाना खीरी पुलिस ने बुधवार की रात 07:02 बजे और सदर कोतवाली पुलिस ने रात 09: 48 मिनट पर अज्ञात तीन बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर गुरुवार को घटना का खुलासा कर दिया। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार दोनों बदमाशों के पास से दो जोड़ी झाला, एक तमंचा, एक चाकू और एक जिंदा कारतूस बरामद होने का दावा किया है। पुलिस का कहना है कि तीनों लुटेरे बिना नंबर की बाइक से थे और निजामपुर रामदास की तरफ से आ रहे थे। पुलिस ने गिरफ्तार दोनों आरोपियों को पट्टी रामदास बगिया के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत कई अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

### सहज जनसेवा केंद्र से दो लाख की नकदी उड़ाई, रिपोर्ट दर्ज

**लखीमपुर खीरी।** थाना पढ़ुआ के गांव बिनौरा निवासी रामू पुत्र बनवारी ने बताया कि उसका गांव में ही सहज जनसेवा केन्द्र है, जिसमे इलैक्ट्रिक और मोबाइल की दुकान है। वह जनसेवा केंद्र में रुपए की जमा व निकासी का भी काम करता है। घटना 26 अप्रैल की है। वह अपनी रिश्तेदारी में होने वाले एक शादी समारोह में चला गया था। अपनी दुकान अपने भाई श्यामू की देख रेख में कर दिया। दोपहर करीब 2 बजे दुकान की रैक में रखे दो लाख रुपये नादिर पुत्र छोटन्ने ने अपने अन्य साथी के साथ मिलकर चोरी कर लिए और भाग निकला। वह अब तक आरोपी की तलाश करता रहा, लेकिन अभी तक उसका कोई पता नहीं चल सका है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## दहेज के लिए विवाहिता को जिंदा जलाने की कोशिश, पति समेत आठ पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- शहर के मोहल्ला मोहम्मद वासिल की रहने वाली है महिला

**अमृत विचारः** दहेज लोभी ससुरालियों ने विवाहिता की पिटाई की और पेट्रोल छिड़ककर आग लगाने की कोशिश की। कोतवाली पुलिस ने महिला के पति समेत आठ के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की है।

शहर के मोहल्ला मोहम्मद वासिल की निवासी उजमा पुत्री नसीम ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि उसका निकाह 20 सितंबर 2021 को मोहल्ले के हसीब से हुआ था। कुछ समय से ससुराल वाले उजमा को दहेज के लिए प्रताड़ित कर रहे थे। एक मई को ससुराल वालों ने गाली गलौज की। इसका विरोध करने पर मारपीट की। इतने पर भी आक्रोश शांत नहीं हुआ तो पेट्रोल छिड़क दिया और आग लगाने की कोशिश की। उजमा ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। उसने मायके जाकर पूरी बात बताई। इसके बाद थाने जाकर तहरीर दी। पुलिस ने इस मामले में उजमा के पति हसीब, सास छोटी, रईस, ससुर अयूब, देवर आसिफ, काशिफ, ननद सीमा व सना के खिलाफ जानलेवा हमला करने, दहेज उत्पीड़न आदि धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाल नरेश त्यागी ने बताया कि मामले की जांच चल रही है। साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# ट्रैफिक नियमों का पालन नहीं करते अधिकांश छात्र और युवा

संवाददाता, मोहनपुरा

**अमृत विचार :** पुलिस और संभागीय परिवहन विभाग के अधिकारी ट्रैफिक नियमों को लेकर जागरुकता अभियान चलाते हैं। इस दौरान स्कूल-कॉलेजों में गोष्ठी आयोजित करने के साथ रैलियां निकाली जाती हैं। बावजूद इसके स्कूली बच्चे और युवा ट्रैफिक नियमों का पालन नहीं करते। स्कूल की छुट्टी होने के बाद अधिकांश बच्चे झुंड बनाकर घर लौटते हैं। इनमें, बाइक, स्कूटर और साइकिल पर सवार कई छात्र ट्रैफिक नियमों को लेकर लापरवाही करते हैं।

ऐसा ही एक वाकया गुरुवार को जनपद के सोरों रोड पर देखने को मिला। स्कूल की छुट्टी होने के बाद एक छात्र एक स्कूटी पर सवार तो दूसरा साइकिल पर था। साइकिल पर जा रहे युवा ने स्कूटी सवार दोस्त के बैग को पीछे से पकड़ रखा था। दोनों स्कूटी की तेज रफ्तार से सड़क पर फर्राटा भर रहे थे। उन दोनों को इस बात का तनिक भी अहसास नहीं था कि इसका परिणाम दुखद हो सकता है। ऐसे युवाओं के अभिभावकों को इस ओर विशेष ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है, जिससे वे बच्चों का उचित मार्गदर्शन कर सकें।

**नाबालिग बच्चों को दोपहिया वाहन चलाने पर है प्रतिबंधः** दोपहिया वाहन चलाने के लिए 18 वर्ष की न्यूनतम आयु निर्धारित है। इससे कम उम्र के बच्चों को वाहन चलाने की अनुमति नहीं है। किंतु कुछ बच्चे जिद करके अभिभावकों से वाहन ले लेते हैं। युवाओं के साथ-साथ अभिभावकों को भी इस ओर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। सभी ट्रैफिक नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करें। अपने लाडलों की अनुचित जिद को पूरा न करें।


सड़क पर स्कूटी सवार दोस्त को पकड़कर तेज रफ्तार में जाते छात्र। • अमृत विचार

### जागरुकता अभियान का नहीं दिख रहा असर

शासन और प्रशासन की तरफ से समय-समय पर स्कूलों में यातायात जागरुकता अभियान चलाए जाते हैं। इस दौरान यातायात नियमों की जानकारी और विशेषकर सड़क पर चलने के नियम समझाए जाते हैं। इससे स्कूल आते और छुट्टी के बाद घर जाते वक्त किसी प्रकार की दुर्घटनाओं की रोकथाम हो सके। किंतु युवाओं पर इसका कोई असर नहीं होता है, जिस कारण वे अक्सर लापरवाही का प्रदर्शन करने लगते हैं। खासकर 12 से 18 वर्ष तक के बच्चों में ऐसा देखा जाता है। युवा व किशोर तेज गति से वाहन चलाने के साथ सड़क पर तरह-तरह के स्टंट करते हैं।

# लाइसेंस के अभाव में शुरू नहीं हो पा रही ब्लड सेपरेटेड यूनिट

## ब्लड बैंक में एक साल से रखी है ब्लड सेपरेटेड यूनिट की मशीनें, तीन बार निरीक्षण होने के बाद भी जिला अस्पताल को नहीं मिला लाइसेंस

जिला अस्पताल

कार्यालय, लखीमपुर खीरी

ब्लड बैंक की क्षमता- करीब एक हजार यूनिट
रोजाना ब्लड दिया जा रहा- 20 से 25 यूनिट

**अमृत विचारः** जिला अस्पताल को एक साल बाद भी ब्लड कंपोनेंट सेपरेटर यूनिट लगाने का लाइसेंस नहीं मिल सका है। यह स्थिति तब है जब शासन की टीम एक दो बार नहीं बल्कि तीन बार जिला अस्पताल के ब्लड बैंक का निरीक्षण कर मानकों की पड़ताल कर चुकी है। मगर, केंद्रीय स्तर से अब तक स्वीकृति पत्र जारी न होने से मरीजों की मुश्किलें दिन पर दिन बढ़ती जा रही हैं। हालांकि जिम्मेदार इसी माह स्वीकृत पत्र मिलने की संभावना जता रहे हैं।

जिला अस्पताल में ब्लड बैंक पूर्व से संचालित है, लेकिन ब्लड कंपोनेंट सेपरेटर यूनिट न होने से प्लाज्मा व रक्त संबंधी अन्य जरूरतों के लिए मरीजों को लखनऊ की दौड़ लगानी पड़ती है। ऐसे में मरीजों की सुविधा के लिए काफी दिनों से ब्लड बैंक में ब्लड सेपरेटेड यूनिट लगाने की मांग हो रही थी। इस पर करीब दस माह पहले सेंट्रल फूड एंड ड्रग सेफ्टी विभाग की टीम ने ब्लड बैंक का निरीक्षण कर मानकों की पड़ताल की थी।

निरीक्षण में टीम ने मशीनों की संख्या, सेपरेटर मशीनें, फ्रीजर, स्टोरेज फ्रीजर की संख्या, मरीजों की स्थिति, ब्लड डोनेशन की स्थिति, मशीनों की खरीद से जुड़े कागज, ब्लड बैंक की क्षमता, यूनिट के एक्टिव मोड, पावर जनरेटर की स्थिति, डॉक्टर, तकनीकी स्टाफ सहित शासन से निर्धारित गाइड लाइन के अनुसार निरीक्षण कर रिपोर्ट तैयार की थी। रिपोर्ट भेजने के दस माह बाद भी लाइसेंस न मिलने से थैलेसीमिया से लेकर डेंगू आदि के मरीज लखनऊ की दौड़ लगाने के लिए मजबूर हैं।



जिला अस्पताल की ब्लड बैंक।


ब्लड बैंक परिसर में रखी सेपरेटेड यूनिट की मशीनें।

### थैलेसीमिया, डेंगू मरीजों को मिलेगा लाभ

ब्लड सेपरेटर यूनिट प्रारंभ होने के बाद सबसे ज्यादा डेंगू, थैलेसीमिया के मरीजों को लाभ मिलेगा। डेंगू के मरीजों को प्लेट्सलेट की जरूरत होती है। वहीं थैलेसीमिया से मरीजों के अलावा आग से जले, मलेरिया या चिकनगुनिया के बिगड़े केस में मरीजों को अलग-अलग ब्लड कंपोनेंट की आवश्यकता पड़ती है। यूनिट शुरू होने से मरीजों को जिला अस्पताल में ही यह सभी सुविधाएं मिलने लगेगी।

### क्या होती है ब्लड सेपरेटर यूनिट

ब्लड सेपरेटर यूनिट में एक यूनिट ब्लड से श्वेत रक्त कणिकाएं (डब्ल्यूबीसी), लाल रक्त कणिकाएं (आरबीसी), प्लेटलेट्स, प्लाज्मा, प्रोटीन सहित अन्य तत्वों को अलग-अलग किया जाता है। एक यूनिट ब्लड को कंपोनेंट के रूप में छह अलग-अलग मरीजों को चढ़ाया जा सकता है।


ब्लड कंपोनेंट सेपरेटेड यूनिट का लाइसेंस सेंट्रल फूड एंड ड्रग सेफ्टी विभाग से जारी होगी। इसके लिए ब्लड बैंक का निरीक्षण कर मानकों की रिपोर्ट केंद्रीय स्तर पर भेजी जा चुकी है। स्वीकृत पत्र इसी माह जारी होने की पूरी संभावना है। **-सुनील रावत, जिला औषधि निरीक्षक**


ब्लड सेपरेटेड यूनिट के लिए मशीनें एक साल से ब्लड बैंक में रखी है और स्टाफ की भी ट्रेनिंग हो चुकी है। इंतजार है तो सिर्फ लाइसेंस मिलने का। कई बार ड्रग इंस्पेक्टर की मौजूदगी में ब्लड बैंक में मानकों का निरीक्षण हुआ है, लेकिन लाइसेंस अब तक जारी नहीं हुआ। **-डॉ. संतोष मिश्रा, ब्लड बैंक प्रभारी जिला अस्पताल**

अम्बा हैल्थ क्लीनिक
ISO:9001:2008 एवं Trademark Certified Clinic
डा. आर. एस. सिंह
B.A.M.S.F.R.H.S. (आयुर्वेदाचार्य)
स्वास्थ्य एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
• रजि. भारतीय चिकित्सा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा मान्यता प्राप्त
• 27 सालों से स्वास्थ्य एवं गुप्त रोगों का चिकित्सा अनुभव

पतले दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री/पुरूष तंदरूस्ती प्राप्त करें।
मोटे होने का रामवाण इलाज
नवयुवक-युवतियां 3 से 4 इंच तक लम्बाई बढ़ायें
विशेष चिकित्सा:- ● भूख न लगना ● कब्ज ● अपच ● गैस ● खाने के बाद शौचालय जाना ● शारीरिक अंगों का विकास रूकना ● पुलिस फोर्स एवं फिल्मों में आदि में भर्ती में नाप-तोल में कमी होना ● 3 से 4 इंच कद लम्बा करें। ● बच्चों का बिस्तर में पेशाब करना मोटे व थुल-थुले व्यक्ति वजन कम करें। ● कील, मुंहासे, झाइयां, सफेद दाग दूर करें सावलांपन हटायें और सुन्दर बनें। ● बालो का झड़ना व टूटना एवं सफेद होना व गंजापन दूर करें। ● खूनी व वादी बवासीर का रामबाण इलाज।
शराबी को बिना लाये, बिना बताये शराब व अन्य नशा छुडायें।
नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनायें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनायें
सैक्स समस्यायें
छिपाएं नहीं बताएं या मिलें
स्वप्नदोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी
● शुरू से लाभ, 40 से 80 दिनों में इलाज सम्भव।
● हस्तमैथुन व धात जाने से नसों में खराबी।
● इन्द्री का ढ़ीलापन, पतलापन, छोटापन दूर करें।
● वीर्य में शुक्राणु निल होना या कम होना।
● ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसौली होना।
● योनि का ढ़ीलापन होना व सैक्स इच्छा कम होना।
● मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र पहले बन्द होना।
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें।
गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।
10 से 21 वर्ष शादी से पहले जिन बच्चों की इन्द्री का छोटापन, पतलापन, मोटापन का रामबाण इलाज के लिए उन माता-पिता से निवेदन है कि अवश्य मिलें। कहीं ऐसा न हो कि शादी के बाद पछताना पड़े। (25 वर्षों का अनुभव)
विज्ञापन साथ लाने पर मेडिसिन पर 10% की विशेष छूट
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक:- 21 अप्रैल 2024, रविवार
05 मई 2024, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

# सरकार आई तो किसानों का कर्ज होगा माफ

## पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने चुनावी जनसभा के दौरान जनता से की प्रत्याशी के समर्थन की अपील

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** बदायूं लोकसभा से सपा प्रत्याशी आदित्य यादव के समर्थन में जनसभा में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो किसानों का पूरा कर्ज माफ होगा। मोबाइल के लिए मुफ्त डाटा मिलेगा। बदायूं से दिल्ली के लिए ट्रेन की सुविधा मिलेगी। बदायूं में स्टेडियम बनेगा और रिक्त पड़ी 30 लाख सरकारी नौकरियों पर भर्तियां की जाएंगी।

एआरटीओ कार्यालय के पास जनसभा को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि आदित्य पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। बदायूं वालों ने उन्हें पहले ही नेता बना दिया है। कहा कि भाजपा संविधान और जान के पीछे पड़ी है। उन्होंने वैक्सीन नहीं लगवाई। सरकार ने वैक्सीन बनाने वाली कंपनियों से रुपये लिए। वह कोविड के समय भी अवसर ढूंढ रहे थे। एजेंसियों का डर दिखाकर कारोबारियों से रुपये लिए। भाजपा किसानों के विरोधी तीन कानून लाई जो चुनाव में हार के डर से वापस करने पड़े। कहा कि किसानों को फसल की सही कीमत नहीं दी जा रही। किसानों से अनाज लेकर कारोबारी पैकेट बनाकर बेच रहे हैं। कहा कि अगर भाजपा सरकार दोबारा आई तो खाद पाउच में मिलने लगेगी। उन्होंने तंज कसा कि भाजपा सरकार पांच करोड़ से ज्यादा का लोन माफ कर रही है। बताओ इस सभा में किसी के पास करोड़ों का ऋण है क्या। कर्ज की वजह से एक लाख किसान आत्महत्या कर चुके हैं। इंडिया गठबंधन सरकार आई तो पूरा कर्ज माफ होगा।



राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को संविधान की प्रति देते पूर्व मंत्री आबिद रजा व अन्य।

- कहा- स्टेडियम बनेगा, दिल्ली से जुड़ेगा बदायूं, रिक्त पड़े 30 लाख पदों पर होगी भर्ती

### अखिलेश की जनसभा में टूटा दूसरा मंच, 15 घायल

**बदायूं, अमृत विचार :** सपा प्रत्याशी के समर्थन में आयोजित सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की जनसभा में न तो ज्यादा कार्यकर्ता और न ही पत्रकारों की बैठने की सही प्रकार से व्यवस्था की गई थी। बहुत से युवा टैंट के पाइप तो कोई ऊपर चढ़ा था। पत्रकार दीर्घा बनाई गई लेकिन पत्रकारों के बैठने के लिए कुर्सी की इंतजाम नहीं था। इसके अलावा अन्य पदाधिकारियों के लिए भी सही व्यवस्था नहीं हुई। जिसके चलते वह पदाधिकारी मुख्य के अलावा बनाए गए दो अन्य मंच पर जा चढ़े। सभा के दौरान ही एक मंच टूट गया। पदाधिकारी और कार्यकर्ता लकड़ी के नीचे दब गए। जिसमें 15 लोगों के चोटें आईं। रिजावान, बबलू, नवेद, मिंटू, सुरेश पाल, अफसर अली आदि घायल हो गए। जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि एक कार्यकर्ता का पैर भी टूटा है।

### डबल इंजन वालों का एक इंजन गायब

नौकरी के लिए युवा कोचिंग करते हैं फिर परीक्षा निरस्त कर दी जाती है। भाजपा प्राइवेटाइजेशन कर रही है। आज 83 प्रतिशत युवा बेरोजगार हैं। कहा कि डबल इंजन वाले लोगों का एक इंजन गायब है और अब जनता वोट डालकर एक इंजन को भी हटा देगी। परिवारवाद पर उन्होंने कहा कि पहले वे लोग कसम खाएं कि अपने परिवार वालों को टिकट नहीं देंगे। इस बार पीडीए, एनडीए को हराएगा।

### पिछली बार धोखे से सीट हारे

अखिलेश बोले कि पिछली बार बदायूं में धोखे से सीट हार गई थी। सभी कार्यकर्ता अपने बूथ की रक्षा करें और सावधान रहें। एक मंत्री ने गंगा एक्सप्रेस वे टेड़ा मेड़ा बनवा दिया। सरकार आने पर गंगा एक्सप्रेस वे सीधा कराया जाएगा। बदायूं से प्रत्याशी आदित्य यादव के साथ आंवला प्रत्याशी नीरज मौर्य के पक्ष में मतदान करने का आह्वान किया। इस दौरान पूर्व मंत्री आबिद रजा ने पूर्व मुख्यमंत्री से बदायूं से दिल्ली तक रेल सेवा शुरू कराने की मांग की।

## प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत आज से शुरू होंगी कक्षाएं

**बरेली।** बरेली कॉलेज में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना-4 के तहत शुक्रवार से सैन्य अध्ययन विभाग में कक्षाएं शुरू हो जाएंगी। प्रो. वंदना शर्मा ने बताया कि योजना के तहत 160 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया है। अभ्यर्थियों को योगा एंड हेल्थ वेलनेस और इफेक्टिव यूज ऑफ सोलर इनर्जी विषय पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। योगा की कक्षाएं शुक्रवार से शुरू होंगी।

## मरम्मत के चलते किच्छा-बहेड़ी के बीच रेल फाटक आज चार घंटे रहेगा बंद

**बरेली, अमृत विचार :** इज्जतनगर मंडल पर किच्छा-बहेड़ी रेलवे स्टेशनों के बीच पड़ने वाली रेलवे क्रासिंग शुक्रवार को सुबह 8 से दोपहर 12 बजे तक चार घंटे के लिए बंद रहेगी। इस दौरान मशीन से छनाई का काम होगा। इज्जतनगर रेल मंडल के पीआरओ राजेंद्र सिंह ने बताया कि समपार के वैकल्पिक मार्ग के तौर पर किच्छा स्टेशन के नजदीक सिरौली मार्ग पर स्थित समपार संख्या 37/सी और बंडिया मार्ग पर स्थित समपार संख्या 39/सी से सड़क यातायात सुचारू रहेगा।

**सम्मन विनावर इनफिलाज मुकदम्मा**
**(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)**
**न्यायालय श्रीमान परगनाधिकारी दातागंज (बदायूं)**
**मु.न. T2024120304438**
**राम सहाय आदि वनाम नरेश पाल आदि**

धारा 116 उ.प्र. राजस्व सहिता 2006 ग्राम कोहनी जाफराबाद परगना सलेमपुर तहसील दातागंज जिला बदायू **नियत तिथि 14.05.2024**

रामसहाय आदि ग्राम कोहनी जाफरावाद परगना सलेमपुर तहसील दातागंज जिला बदायूं वादी

**बनाम**

1-नरेश पाल पुत्र पोथीराम 2- गनेश प्रसाद पुत्र पोथी राम 3- विवेकानन्द शर्मा पुत्र ओमकार नाथ शर्मा 4- निवेकानन्द शर्मा पुत्र ओमकार नाथ शर्मा 5- सिवेकानन्द शर्मा पुत्र ओमकार नाथ शर्मा 6- रामवेटी पत्नी ओमकार नाथ 7- रामचन्द्र पुत्र रामलाल 8- सतीश चन्द्र पुत्र मुन्नालाल 9- प्रमोद कुमार पुत्र मुन्नालाल 10- धर्मपाल पुत्र अनोखे लाल 11- सुरेश चन्द्र पुत्र अनोखे लाल 12-अवधेश कुमार शर्मा पुत्र रघुवीर सहाय 13- राकेश कुमार पुत्र रघुवीर सहाय 14- रामश्री पत्नी रघुवीर सहाय 15- श्याम लाल पुत्र टीकाराम 16- महेन्द्र कुमार पुत्र टीकाराम 17- उर्मलेश कुमार पुत्र टीकाराम निवासीगण ग्राम कोहनी जाफराबाद परगना सलेमपुर तहसील दातागंज जिला बदायूं 18- नरेन्द्र पुत्र कन्ही 19- भाग्यवती पत्नी हंसराज 20- रामवेटी पत्नी राधेशाम 21- हरप्यारी पत्नी चन्द्रपाल निवासीगण ग्राम कुन्डरा तहसील व जिला बदायूं 22- किरन मौर्य पत्नी नरवीर सिंह निवासी डब्लू जेड 516 प्रथम तल सैनी मोहल्ला वाटा चौक दक्षिण पश्चिम दिल्ली वारिद हाल कोहनी जाफराबाद 23- ग्राम कोहनी जाफरावाद द्वारा प्रधान ग्राम कोहनी जाफराबाद परगना सलेमपुर तहसील दातागंज जिला बदायूं। प्रीतिवादीगण

हरगाह वादीगण ने आपके नाम एक नालिश बाबत 116 उ.प्र. राजस्व सहिता 2006 ग्राम कोहनी जाफरावाद परगना सलेमपुर तहसील दातागंज जिला बदायूं दायर है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप व तारीख 14.05.2024 को वबक्त 10 वजे दिन के असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदम्मे के हालात से करार बकाई वाकिफ किया हो और जो कुल उमूर अहम मुताल्लिक में मुकदमें का जवाव दे सके या जिसके साथ कोई शख्स हो कि जो जबाव ऐसे सवालात का दो सके हाजिर हो और जवावदेही का दाबा करे और हर माह तारीख जो आपके इजहारों के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कतई मुकदमा के जहबीज हुई पर आपसी लाजिम है कि उसी रोज अपने जुमला गवाहो की जिनकी शहदत पर व बीच तमाम दस्त वेताज का जिन पर आप अपनी जबावदेही के ताईद मे इस्तदलाल करना चहायते हो पेश करें। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर वरोज मसकूर आप हाजिर न होगें तो मुकदम्मा वगैर हाजिर आपके मसमूआ और फैसला होगा।

दरख्वास्त मेरे दस्तखत और मोहर अदालत को आज तारीख 02-05-2024 को जारी किया गया।

**परगनाधिकारी, दातागंज (बदायूं)**

# सेवानिवृत्त रेल कर्मचारियों की दवाई का कोटा बढ़ाया

- बीपी और शुगर की तीन महीने की एक साथ ले सकेंगे दवाएं
- रेलवे अस्पताल के चक्कर बार बार नहीं लगाने पड़ेंगे

बरेली कार्यालय

**अमृत विचार :** रेलवे ने अपने सेवानिवृत्त कर्मचारियों की दवाई का कोटा बढ़ा दिया है। अब सेवानिवृत्त कर्मचारी रेलवे अस्पताल से बीपी और शुगर की तीन महीने की दवाएं एक साथ ले सकेंगे। दवा के लिए उन्हें बार बार अस्पताल नहीं आना पड़ेगा।

दरअसल, सेवानिवृत्त रेल कर्मचारियों को पहले 15 दिन से एक महीना तक की दवाएं दी जाती थीं। जिस कारण उन्हें बार-बार अस्पताल आना पड़ता था। इस वजह से रेल प्रशासन ने उन्हें तीन महीने की दवाएं एक साथ देने का फैसला लिया है। उत्तर रेलवे के मुरादाबाद मंडल के तहत आने वाले बरेली जंक्शन के रेलवे अस्पताल में इस आदेश को लागू कर दिया गया है। यहां शुगर की दवाओं में मेटफॉरमिन, ग्लिमिप्राइड, सीटाग्लिपटिन, डापाग्लिपलोजिन, पायोग्लिटाजोन, हाई ब्लड प्रेशर की दवाओं में टेल्मीसारटन, हार्ट की दवाओं में एसप्रिन, मेटोप्रोलॉल, ग्लोपिडोबरेल, प्रोस्टेट की दवाओं में यूरिमेक्स डी आदि सेवानिवृत्त रेल कर्मचारियों को तीन महीने तक के लिए दी जा रही हैं।

### इज्जतनगर रेल मंडल में फिलहाल पुरानी व्यवस्था

इज्जतनगर रेल मंडल में फिलहाल पुरानी व्यवस्था से काम चलाया जा रहा है। इज्जतनगर के मंडलीय चिकित्सालय में सेवानिवृत्त रेल कर्मियों को फिलहाल 15 दिन से एक महीने तक की दवाएं दी जा रही हैं। इज्जतनगर मंडल के जनसंपर्क अधिकारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि मंडलीय चिकित्सालय में आदेश लागू नहीं किया गया है। पुरानी व्यवस्था के मुताबिक ही दवाएं दी जा रही हैं।

## डायग्नोस्टिक सेंटरों की जांच रिपोर्ट में भिन्नता की सीएमओ ने शुरू की जांच

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** नगर के तीन डायग्नोस्टिक सेंटरों में शुगर की अलग-अलग जांच रिपोर्ट देने का मामला तूल पकड़ गया है। पीड़ित की शिकायत पर सीएमओ ने जांच शुरू कर बयान दर्ज किए हैं। नगर की मोहम्मदी रोड निवासी रामचंद्र रस्तोगी ने शारीरिक परेशानी होने पर डॉ राजीव श्रीवास्तव से सलाह ली। उन्होंने शुगर की जांच करने को कहा तो उन्होंने एवन डायग्नोस्टिक सेंटर पर जाकर जांच कराई तो आशंका होने पर उन्होंने चंदन डायग्नोस्टिक सेंटर पर जांच कराई तो दोनों जांचों में काफी अंतर था। इस पर डॉक्टर ने किसी तीसरे डायग्नोस्टिक सेंटर पर जांच करने के लिए कहा तो तीनों डायग्नोस्टिक सेंटरों की जांच में काफी अंतर मिला। रामचंद्र रस्तोगी कई दिन तक इलाज कराने के लिए परेशान रहे। उन्होंने इसकी शिकायत सीएमओ संतोष गुप्ता से की। सीएमओ ने गुरुवार को जांच में बयान दर्ज करवाने के लिए 11 बजे बुलाया। सीएमओ के स्टेनो द्वारा डिप्टी सीएमओ लालजी के पास भेजा गया तो अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सत्यप्रकाश मिश्रा ने रामचंद्र रस्तोगी के बयान दर्ज कर कार्यवाही का आश्वासन दिया है। पीड़ित का कहना है कि यदि इस मामले में कार्यवाही नहीं हुई तो वह उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक से मिलकर शिकायत करेंगे।

# शहाबुद्दीन के बाद तौकीर की भी अपील- नोटा दबाएं

- एक तरफ भाजपा के मंसूबों पर पानी फिरने की बात, दूसरी तरफ सपा का भी विरोध
- इससे पहले चुनाव में इंडिया गठबंधन के समर्थन की घोषणा कर चुके हैं तौकीर

बरेली कार्यालय

**अमृत विचार :** आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां ने बृहस्पतिवार को अजीबोगरीब बयान जारी किया। एक तरफ उन्होंने इस लोकसभा चुनाव में भाजपा के मंसूबों पर पानी फिरने की बात कही तो दूसरी तरफ अपील की कि बरेली में मतदाता नोटा का बटन दबाएं। तौकीर से पहले मुस्लिम जमात के अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन भी मुसलमानों से नोटा का बटन दबाने की अपील कर चुके हैं।

दिलचस्प यह है कि मौलाना तौकीर इंडिया गठबंधन को समर्थन का एलान कर चुके हैं लेकिन बरेली में सपा प्रत्याशी का विरोध कर रहे हैं। आईएमसी के मीडिया प्रभारी मुनीर इदरीसी ने बताया कि मौलाना तौकीर देश में इंडिया गठबंधन की हिमायत कर रहे हैं, लेकिन पिछले दिनों उनके खिलाफ रची गई साजिशों के बाद न सिर्फ मुस्लिम समुदाय बल्कि धर्मनिरपेक्ष सोच रखने वाले तमाम दूसरे लोग भी उनसे मिलकर भाजपा और सपा दोनों को वोट न देने की बात कह रहे हैं। इसी कारण तौकीर रजा ने बरेली में नोटा का बटन दबाने की अपील की है।

मौलाना तौकीर का एक वीडियो बयान भी शुक्रवार को आया जिसमें वह भाजपा के मंसूबों पर पानी फिरने का दावा कर रहे हैं। कह रहे हैं कि हिंदू-मुस्लिम की राजनीति करने वालों का मुंह काला होने जा रहा है लेकिन बरेली सीट पर इस बार कोई प्रत्याशी ऐसा नहीं है जिसे वोट दिया जाए। बरेली को अगर दंगे और कर्फ्यू से बचाना है तो नोटा का बटन दबाया जाए। अगर नोटा जीता तो हम बरेली का चुनाव निरस्त कराने के लिए अदालत जाकर यहां दोबारा चुनाव कराने की मांग करेंगे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**
मैंने अपनी पत्नी रेनू कौर को गलत आचरण के कारण अपनी समस्त चल चल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए हैं भविष्य में उसके किए किसी भी कार्य की वह स्वयं जिम्मेदार होगी।
**हरी सिंह पुत्र सरदार सिंह, निवासी-ग्राम तिगरा, पोस्ट भंडसर, थाना हाफिजगंज, जिला बरेली**

**Notice**
This is to be notify that I have Lost my Class 12th Marksheet UID No. 6742323/2020 which was released by Don & Donna Convent School, (CISCE, New Delhi) Shahjahanpur. If someone found/seen, please contact on 8707251089. **Piyush Singh S/o Munender Singh & Sunita Singh R/o Nigohi Girgicha, Shahjahanpur-242001 (U.P.)**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# गोरखपुर एक्सप्रेस नौ और लोहित एक्सप्रेस 10 घंटे की देरी से पहुंची

बरेली कार्यालय

**अमृत विचार :** पंजाब और हरियाणा बार्डर पर किसान आंदोलन की वजह से रोजाना ट्रेनें बरेली जंक्शन पर देरी से पहुंच रही हैं। जंक्शन पर बृहस्पतिवार को 15654 लोहित एक्सप्रेस 10 घंटे 51 मिनट, 13152 सियालदह सात घंटे, 12469 कानपुर सेंट्रल जम्मूतवी चार घंटे 49 मिनट, 13307 गंगा सतलुज एक घंटा 24 मिनट, 15653 अमरनाथ एक घंटा, 12358 दुर्गियाना तीन घंटे 47 मिनट, 14618 जनसेवा चार घंटे, जलियांवाला बाग चार घंटे 35 मिनट, 13306 पंजाब मेल तीन घंटे 35 मिनट और गोरखपुर अमृतसर स्पेशल नौ घंटे की देरी से पहुंची। बरेली जंक्शन पहुंची। आंदोलन के 15वें दिन 20 से ज्यादा ट्रेनों को संचालन प्रभावित रहा। ट्रेनों की देरी की वजह से यात्री लगातार टिकट कैंसिल करा रहे हैं।

**आज यह ट्रेनें रहेंगी प्रभावित:** शुक्रवार को 12203 गरीबरथ, 12469 कानपुर सेंट्रल जम्मूतवी, 14611 श्री वैष्णो देवी कटरा, 15097 अमरनाथ, 14603 जनसाधारण, 15654 अमरनाथ, 12332 हिमगिरी, 12318 अकाल तख्त, 14618 जनसेवा, 15934 न्यू तिनसुकिया एक्सप्रेस, 13308 गंगा सतलुज एक्सप्रेस आदि ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहेगा।

**प्रारूप C-1**
**(अभ्यर्थी के द्वारा समाचार-पत्रों/दूरदर्शन में प्रकाशित करने हेतु)**
**आपराधिक प्रकरणों के सम्बन्ध में घोषणा**
**(2011 की रिट याचिका (सिविल) नंबर 536 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 25 सितम्बर 2018 के निर्णय के अनुसार)**
**(पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन और ऑर्स बनाम भारत संघ एवं एएनआर)**
अभ्यर्थी का नाम और पता-**देवेश शाक्य पता-म.नं. 47, ग्राम भटौरा पो. गूरा, तहसील विधूना जनपद औरेया**
**राजनैतिक दल का नाम**-समाजवादी पार्टी
(स्वतंत्र अभ्यर्थी यहाँ ''निर्दलीय'' लिखें)
**निर्वाचन का नाम**-लोक सभा
***निर्वाचन क्षेत्र का नाम**-22, लोक सभा एटा (सामान्य)
मैं **देवेश शाक्य** (अभ्यर्थी का नाम) उपर्युक्त निर्वाचन के लिए एक अभ्यर्थी, सार्वजनिक जानकारी हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के सम्बन्ध में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता/करती हूँ

**(A) लंबित आपराधिक मामले**

| क्रम.सं. | न्यायालय का नाम | प्रकरण संख्या एवं तारीख | प्रकरण की स्थिति | सम्बन्धित अधिनियमों की धारा(ओं) और अपराध (अपराधी) संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | न्यायालय मुसिफ विधूना औरैया | प्रधान सूचना रिपोर्ट संख्या-556/2003 | दोष मुक्त | 1. अन्तर्गत धारा-447, आई.पी.सी. (राजनैतिक द्वेष भावना से ग्रसित होकर झूठा मुकदमा पंजीकृत कराया गया) |
| 2. | न्यायालय मुसिफ विधूना औरैया | प्रधान सूचना रिपोर्ट संख्या-563/2003 | दोष मुक्त | 2. अन्तर्गत धारा-447, 427, 506 आई.पी.सी. (राजनैतिक द्वेष भावना से ग्रसित होकर झूठा मुकदमा पंजीकृत कराया गया) |
| 3. | न्यायालय एस.सी./एस.टी., औरैया | प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या-82/2006 | दोष मुक्त | 3. अन्तर्गत धारा-147, 323, 504 आई.पी.सी. व 3(1) एस.सी. एक्ट (राजनैतिक द्वेष भावना से ग्रसित होकर झूठा मुकदमा पंजीकृत कराया गया) |
| 4. | शून्य | प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या-0034/2022 | माननीय न्यायालय द्वारा तलब नहीं किया गया है (लम्बित है) | 4. अन्तर्गत धारा-504, 507 आई.पी.सी. (राजनैतिक द्वेष भावना से ग्रसित होकर झूठा मुकदमा पंजीकृत कराया गया) |

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
☎ 0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

**आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा**
(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितंबर, 2018 के निर्णय के अनुसार) (पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन और अन्य बनाम भारत संघ और अन्य)
अभ्यर्थी का नाम एवं पताः छत्रपाल सिंह ग्राम व पोस्ट दमखोदा तह० बहेड़ी जिला बरेली।
राजनैतिक दल का नामः भारतीय जनता पार्टी
(स्वतंत्र अभ्यर्थी यहां "निर्दलीय" लिखें)
निर्वाचन का नामः लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024
*निर्वाचन क्षेत्र का नामः 25, बरेली लोकसभा

मै छत्रपाल सिंह (अभ्यर्थी का नाम) उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता/करती हूं

(क) लंबित आपराधिक मामले

| क्र. सं. | न्यायालय का नाम | मामले की सं. एवं तारीख | मामले (मामलों) की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (धाराए) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सिविल जज जू०डि० बहेड़ी | 36/2013 | एफ०आर० लग चुकी है एफ०आर नं० 107/13 | 147/148/149/504/506/ 323/307/338 IPC |
| 2 | एम०पी० एम०एल०ए० कोर्ट बरेली | 67/2012 | सम्मन प्राप्त | 127 क जनप्रतिनिधित अधिनियम |


तीसरे चरण की बात

# भाजपा दो, कांग्रेस 44 सीटों पर पिछले तीन चुनावों से रही हार

मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचार।** 2024 के लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में सात मई को 13 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 95 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। इस चरण में गुजरात, गोवा, दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव की सभी सीटों के साथ-साथ कर्नाटक में 14, महाराष्ट्र में 11 और उत्तर प्रदेश में 10, पश्चिम बंगाल की चार, बिहार की पांच, छत्तीसगढ़ की सात और मध्यप्रदेश की नौ सीटों पर मतदान होगा। पहले दो चरणों में 190 सीटों पर वोट डाले जा चुके हैं। इस तरह आम चुनाव अपना आधे से ज्यादा सफर तय कर लेगा। तीसरे चरण में कांग्रेस के पास खोने के लिए ज्यादा कुछ नहीं, ऐसे में गठबंधन के साथियों पर नजर है, जबकि मोदी सरकार सत्ता की हैट्रिक लगाने के लिए पिछली बार जीती गयीं सीटें बचाने के साथ कुछ नए क्षेत्रों में कमल खिला सकती है।






| वोट शेयर-2019 | भाजपा | कांग्रेस |
|---|---|---|
| सीटें जिन पर चुनाव लड़ा | 83 | 77 |
| 10 % से कम मत मिले | 01 | 09 |
| 10% से 20% मत मिले | 01 | 02 |
| 20% से 30% मत मिले | 01 | 14 |
| 30% से 40% मत पाए | 02 | 35 |
| 40% से अधिक मत पाए | 78 | 17 |

### 40% से ज्यादा वोट पर 6 सीटें हार गई

- तीसरे चरण की 95 लोकसभा सीटों में भाजपा के लिए सिर्फ दो सीटें ऐसी हैं, जिन पर वह 2009 से 2019 के बीच हुए तीन चुनावों में एक बार भी नहीं जीती है, इसके मुकाबले कांग्रेस की स्थिति काफी दयनीय नजर आती है, क्योंकि पार्टी तीसरे चरण की 44 लोकसभा सीटों पर एक बार भी जीत नहीं हासिल कर पायी है। इसी तरह तीसरे चरण की 95 सीटों में 2009 में भाजपा ने 47 सीटें जीतीं थीं। 2014 की मोदी लहर में पार्टी का आंकड़ा 67 पर पहुंच गया और 2019 में जीतने वाली सीटों की संख्या 72 हो गई। भाजपा की सीटें बढ़ने के साथ वोट शेयर भी तेजी से बढ़ा है।
- 2019 में पार्टी को जीत भले ही 72 लोकसभा क्षेत्रों में मिली, लेकिन 78 सीटें ऐसी रहीं जिन पर 40 फीसदी से ज्यादा लोगों ने कमल का बटन दबाया। यानी छह सीटों पर भाजपा 40 फीसदी से ज्यादा वोट शेयर पाकर भी हार गई। इस बार के चुनाव में इन पर जीत के लिए भाजपा ने खास फोकस कर रखा है। इसके विपरीत कांग्रेस की 2009 में जीती गईं 27 सीटों की संख्या घटकर 2014 में 9 और 2019 में सिर्फ चार ही रह गई। तीसरे चरण में मतदान वाले क्षेत्रों में 47 सीटें भाजपा का गढ़ नजर आती हैं।

### तीसरे चरण की सीटों पर पिछले तीन चुनाव

| दल | तीन बार जीत | दो बार जीत |
|---|---|---|
| भाजपा | 42 | 24 |
| कांग्रेस | 01 | 08 |
| सपा | 01 | -- |
| राकांपा (शरद पवार) | 02 | -- |
| एआईडीयूएफ | 01 | -- |

### 2019 में कांटे की टक्कर वाले पांच मुकाबले

| लोकसभा क्षेत्र | पार्टी | जीत का अंतर |
|---|---|---|
| मालदा दक्षिण | कांग्रेस | 8,222 |
| गोवा दक्षिण | कांग्रेस | 9,755 |
| बदायूं | भाजपा | 18,454 |
| कोरबा | कांग्रेस | 26,249 |
| फिरोजाबाद | भाजपा | 28,781 |

- मतदान वाली 95 लोकसभा सीटों पर भाजपा का विजय रथ रुकना मुश्किल
- 2019 में 78 सीटों पर 40 फीसदी से ज्यादा वोट पाए, 72 पर दर्ज की जीत
- पार्टी 47 सीटों पर जीत की लगा चुकी हैट्रिक, इस बार चौका मारने की तैयारी

### गुजरात और कर्नाटक ने लगातार खिलाया कमल

- भाजपा जिन सीटों पर पिछले तीन चुनावों से लगातार जीत रही है, उन 42 सीटों में ज्यादातर गुजरात और कर्नाटक की हैं। इसके विपरीत लगातार तीन दर्ज करने वाली कांग्रेस के पास सिर्फ एक सीट और अन्य दलों के खाते में चार सीटें हैं। 2009, 2014 और 2019 में लगातार दो और तीन जीत दर्ज करने वाली सीटों में 66 भाजपा के हिस्से में हैं, कांग्रेस के लिए यह संख्या नौ है।

### क्या कहता है... यूपी में तीसरा चरण

- उत्तर प्रदेश में तीसरे चरण की 10 लोकसभा सीटों पर भाजपा ने आठ सीटें जीती थीं। इनमें दो सीटों फिरोजाबाद और बदायूं में उसे मामूली अंतर से जीत मिली थी। इस बार सपा ने यहां पूरा जोर लगाया हुआ है। फिरोजाबाद से अक्षय यादव फिर मैदान में हैं और पिछली बार उनके प्रतिद्वंदी रहे शिवपाल सिंह यादव इस बार उनके साथ हैं। इसी तरह बदायूं में सपा ने शिवपाल के बेटे आदित्य यादव को प्रत्याशी बनाया है। इसके साथ ही सपा के लिए मैनपुरी में अपना किला बचाने की चुनौती है। यहां पिछली बार उसकी जीत का अंतर एक लाख से नीचे आ गया था। बसपा के लिए इस चरण में अपना खाता खोलना ही सबसे बड़ी चुनौती है।



उमड़ा जनसैलाब
महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कल्याण क्षेत्र में उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के साथ रोड शो किया और अबकी बार चार सौ पार का नारा दिया।

# गुजरात का हाल : मोदी का चुनावी रथ अजेय, रोकना नामुमकिन जैसा

दिग्विजय सिंह

**अमृत विचार।** गुजरात में लोक सभा चुनाव प्रचार के अंतिम चरण में भाजपा, कांग्रेस के साथ आम आदमी पार्टी ने पूरी ताकत झोंक दी है। वर्ष 2014 और 2019 के पिछले दोनों लोकसभा चुनावों में भाजपा ने राज्य की सभी 26 सीटों पर जीत दर्ज की थी। 2009 में लोकसभा चुनावों में भाजपा को 15 और कांग्रेस को 11 सीटों पर जीत मिली थी। पार्टी इस बार क्लीन स्वीप की हैट्रिक लगाने के लिए तैयार है। पिछले दो दिनों में राज्य में रैलियां करके प्रधानमंत्री मोदी ने माहौल भगवामय कर दिया है। इसके जबाव में कांग्रेस भी अगले दो दिनों में राज्य में भाजपा का अजेय रथ रोकने के लिए धुआंधार प्रचार अभियान चलाएगी। राज्य में सात मई को 25 सीटों पर मतदान होना है।

गुजरात में लोकसभा की कुल 26 सीटें हैं। भाजपा के सूरत से प्रत्याशी मुकेश दलाल कांग्रेस उम्मीदवार का पर्चा खारिज होने के बाद निर्विरोध निर्वाचित किए जा चुके हैं। इस बार लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस और आप में समझौता हुआ है। कांग्रेस 23 और आप दो सीटों पर



चुनाव लड़ रही है। भाजपा ने सत्ता विरोधी लहर से बचने के लिए अपने 14 मौजूदा सांसदों को टिकट नहीं देकर इस बार नए चेहरों को मैदान में उतारा है। हालांकि पार्टी ने इस बार राज्य में सिर्फ चार महिलाओं को ही टिकट दिया है।

कांग्रेस के तय कार्यक्रम के अनुसार पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी वाड्रा शुक्रवार को राज्य की राजकोट और अहमदाबाद सीटों पर पार्टी के उम्मीदवारों के लिए वोट मांगेंगे और पीएम मोदी के उन हमलों का जवाब देंगे, जो उन्होंने दो दिन के राज्य के दौरे के दौरान कांग्रेस पर लगाए हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि 'कांग्रेस यहां मर रही है, पाकिस्तान वहां रो रहा है। पाकिस्तान भारत में एक कमजोर सरकार चाहता है, जिस तरह 2014 से पहले की सरकार थी और देश में मुंबई आतंकवादी जैसे हमले संभव थे।' आम आदमी पार्टी भरूच और भावनगर में चुनाव लड़ रही है। जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने गुरुवार को पार्टी के प्रत्याशियों के लिए रोड शो करने के दौरान देश में तानाशाही के खिलाफ मतदान करने की अपील की है।

### 2024: कौन दल कितनी सीटों पर मैदान में

- भाजपा 25
- कांग्रेस 23
- आप 2
- बसपा 23

(सूरत का परिणाम घोषित होने के बाद)

### 2019 में मिलीं सीटें और वोट

| | | |
|---|---|---|
| भाजपा | 26 | 1,80,91,275 |
| कांग्रेस | 0 | 93,37,084 |
| अन्य | 0 | 16,53,605 |



मांगे वोट
पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने नदिया में पार्टी उम्मीदवार के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया और वाद्य यंत्र बजाकर मतदाताओं को रिझाया।

# दमन में भाजपा सांसद के सामने तीसरी बार कांग्रेस से पुराना चेहरा

चुनाव डेस्क

अमृत विचार। दमन और दीव लोकसभा सीट पर इस बार भी भाजपा के लालूभाई पटेल और कांग्रेस प्रत्याशी केतन दयाभाई पटेल में सीधा मुकाबला है। पहले भी दो बार दोनों प्रत्याशी भिड़ चुके हैं, जीत भाजपा को मिली है। भारत के दूसरे सबसे छोटे केंद्र शासित प्रदेश दमन और दीव में अब तक कुल नौ बार लोकसभा चुनाव हो चुके हैं।

2019 के चुनाव में भी इस सीट से कांग्रेस ने केतन दयाभाई पटेल और भारतीय जनता पार्टी ने लालूभाई पटेल को उतारा था। बसपा भी यहां चुनाव लड़ी थी। उसने सकील लतीफ खान को उम्मीदवार बनाया था। भाजपा प्रत्याशी लालूभाई पटेल ने अपनी जीत कायम रखी थी। उन्हें 37,597 वोट मिले थे, जबकि कांग्रेस के केतन पटेल 27,655 वोट पाकर हार गए थे। निर्दलीय उम्मीदवार उमेश बी पटेल 19,938 वोटों के साथ तीसरे स्थान थे। इससे पहले साल 2014 के लोकसभा चुनाव में भी भारतीय जनता पार्टी के लालूभाई पटेल ने जीत दर्ज की थी। उन्होंने कांग्रेस के केतन दयाभाई पटेल को करारी शिकस्त दी थी। लालूभाई पटेल को 46 हजार 960 वोट मिले थे, जबकि कांग्रेस के केतन दयाभाई पटेल 37 हजार 738 वोट पाकर हार गए थे।



जीत के लिए हुंकार
दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने गुजरात के भाव नगर में पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में रोड शो किया।

# कुरुक्षेत्र में उलझता नजर आ रहा है चुनावी संग्राम

**चंडीगढ़।** हरियाणा में कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट पर चुनावी संग्राम उलझता नजर आ रहा है। यहां इस बार भाजपा से उद्योगपति नवीन जिंदल ने पर्चा भर दिया है। पहले उनका सीधा मुकाबला इंडिया गठबंधन से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी सुशील गुप्ता से माना जा रहा था। कांग्रेस ने हरियाणा में कुरुक्षेत्र सीट आम आदमी पार्टी के लिए छोड़ी है। लेकिन अब बसपा की ओर से सरपंच दीपक मेहरा को कुरुक्षेत्र के मैदान में उतार दिया गया है। इनेलो से अभय चौटाला और जजपा से पालाराम सैनी पहले ही मैदान में हैं।

उद्योगपति नवीन जिंदल का हरियाणा की राजनीति में बड़ा मुकाम है। वह बीते दिनों कांग्रेस से इस्तीफा देकर भाजपा में शामिल हो गए थे। नवीन जिंदल कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट से दो बार सांसद रह चुके हैं। कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट का गठन वर्ष 1977 में किया गया था। इससे पहले यह क्षेत्र कैथल लोकसभा के अंतर्गत आता था। इस सीट पर कांग्रेस को 1984, 1991, 2004 और 2009 के चुनाव में जीत मिली थी। भाजपा का कमल यहां पहली बार मोदी लहर में 2014 खिला था। पार्टी को जीत भी ऐसी मिली कि यहां से लगातार दो बार सांसद रहे नवीन जिंदल पिछड़कर तीसरे नंबर पर पहुंच गए थे।

### मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जीते थे पिछली बार

- 2019 में कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट से भाजपा के नायब सिंह सैनी 6,86,588 वोट पाकर जीते थे। अब वह मुख्यमंत्री बन चुके हैं। कांग्रेस के निर्मल सिंह को 3,03,722 वोट और बसपा प्रत्याशी शशि को 75,533 वोट मिले थे।

# रेवन्ना के वीडियो कांड से भाजपा की चुनावी संभावनाएं बेअसर?

चुनाव डेस्क

कर्नाटक में लोकसभा की कुल 28 सीटें हैं। इनमें से 14 सीटों पर 26 अप्रैल को दूसरे चरण में वोट डाले चुके हैं, अब बाकी 14 सीटों पर तीसरे चरण में सात मई को मतदान की तैयारी चल रही है। इस बीच जनता दल सेक्युलर (जेडीएस) के सांसद प्रज्वल रेवन्ना जिन्होंने राज्य की हासन लोकसभा सीट से एनडीए के उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा हैं, के अश्लील वीडियो वायरल होने के बाद राज्य की राजनीति में बवाल मचा हुआ है।

कांग्रेस इस मामले को मुद्दा बनाकर मतदान वाली 14 सीटों पर बढ़त लेने की कोशिश करती दिखाई दे रही है। इसके दूसरी ओर रेवन्ना के कथित सेक्स वीडियोज सामने आने के बाद जेडीएस बुरी तरह घिरती नजर आ रही हैं। मामला संवेदनशील होने के कारण





भाजपा नेता इस मुद्दे पर तो कुछ भी खुलकर बोलने से हिचक रहे हैं, लेकिन पार्टी को बेवजह घसीटे जाने पर विरोध जताते हुए कांग्रेस पर हमलावर हैं। जेडीएस इस बात से राहत में है कि रेवन्ना जिस हासन सीट से उम्मीदवार हैं, उसके साथ ही पार्टी के हिस्से वाली तीनों सीटों पर वोटिंग हो चुकी है। हालांकि जानकार कांग्रेस की इस मुद्दे पर भाजपा को घेरने की कोशिशों के बाद भी पार्टी को कोई बड़ा नुकसान होने की संभावना से इंकार कर रहे हैं।

सांसद रेवन्ना के बारे में कहा जा रहा है कि वह देश से बाहर जा चुके हैं। जेडीएस ने उन्हें पार्टी से निलंबित कर दिया है। लेकिन पार्टी नेता सवालों के घेरे में हैं। घरेलू नौकरानी की शिकायत पर प्रज्वल और उनके पिता एचडी रेवन्ना के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। कर्नाटक सरकार ने आरोपों की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। राज्य के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने कहा है कि अगर प्रज्वल देश छोड़कर भाग गया है, तो उसे वापस लाने और जांच जारी रखने की जिम्मेदारी एसआईटी की है। बीच चुनाव में पैदा हुए इस विवाद का असर जेडीएस की चुनावी संभावनाओं पर पड़ता नहीं दिख रहा है। इसकी वजह यह है कि राज्य में जेडीएस सिर्फ तीन सीटों पर चुनाव लड़ रही है। समझौते के तहत भाजपा 25 सीटों पर मैदान में है। कर्नाटक में भाजपा ने 2019 में 25 सीटें ही जीती थीं। जेडीएस हसन, कोलार, मंड्या से चुनाव लड़ रही है। मंड्या से कुमारस्वामी देवगौड़ा उम्मीदवार हैं। सात मई को चिक्कोडी, बेलगाम, बागलकोट, बीजापुर, गुलबर्गा, रायचूर, बीदर, कोप्पल, बेल्लारी, हावेरी, धारवाड़, उत्तर कन्नड़, दावणगेरे और शिमोगा में वोट पड़ने हैं। जेडीएस के खाते वाली तीनों सीटों पर मतदान हो चुका है। लेकिन भाजपा नेता जरूर इस प्रकरण के राजनीतिक नुकसान का आकलन करने में जुटे हैं। ऐसे समय में जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 400 पार का नारा दे रखा है, भाजपा एक भी सीट नहीं गंवाना चाहती है। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि ऐसा लगता है कि भाजपा और जेडीएस गठबंधन अश्लील वीडियो के तूफान से खुद को निकाल ले जाएगा। इसका एक कारण यह भी है कि शिवमोगा और दावणगेरे लोकसभा सीट को छोड़कर बाकी चुनाव उत्तरी कर्नाटक में हो रहे हैं, जहां इस प्रकरण का प्रभाव महसूस होने की संभावना काफी कम है।

अब इस प्रकरण का चुनाव पर क्या और कितना असर पड़ेगा, इसका पता तो परिणाम आने पर चलेगा, लेकिन जिस तरह यह बात प्रचारित की जा रही है कि भाजपा के स्थानीय नेता देवराजे गौड़ा ने कर्नाटक भाजपा अध्यक्ष को पहले ही पत्र लिखकर मांग की थी कि प्रज्वल रेवन्ना या उनके परिवार के किसी सदस्य को गठबंधन से उम्मीदवार ना बनाया जाए, से जाहिर है कि इस मामले के नुकसान को लेकर अंदाजा चुनाव से पहले ही लगाया जा रहा था। कलबुर्गी में एक रैली में कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने भाजपा और जेडीएस के गठबंधन को इस घटना के बाद घेरते हुए पीएम की चुप्पी पर सवाल खड़ा किया है। हालांकि जवाब में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जिम्मेदारी राज्य सरकार पर डाली है, जिसने कार्रवाई करने में देरी दिखाई और रेवन्ना को विदेश जाने का मौका मिला।

- कर्नाटक में भाजपा 25 सीटों पर लड़ रही है लोकसभा का चुनाव
- जनता दल एस के हिस्से वाली तीनों सीटों पर हो चुका है मतदान
- कांग्रेस बढ़त के लिए लगातार भाजपा को घेरने के कर रही है प्रयास

# बरेली में कमल खिलेगा या साइकिल भरेगी रफ्तार

## बीते दो चुनावों में भाजपा का वोट 2%, सपा का 10% बढ़ा

### कांटे की लड़ाई में भाजपा को अपना पुराना गढ़ बचाने और सपा के सामने किला फतह करने की चुनौती
### भाजपा-सपा के बीच सीधे मुकाबले से दिलचस्प हुई लड़ाई, पार्टियों को बेचैन कर रही वोटर की खामोशी

अनुपम सिंह, बरेली

**अमृत विचार :** झुमके-सुरमे के बाद अब नाथ नगरी के रूप में पहचान बना रही बरेली की सियासत इस बार क्या गुल खिलाएगी, यह पक्के तौर पर अभी कुछ नहीं कहा जा सकता है। मतदान की बेला करीब आने के साथ ही लोकसभा सीट पर तेजी से बन और बिगड़ रहे सियासी समीकरण इस बात की ओर इशारा कर रहे हैं कि इस बार का चुनावी रण किसी भी तरफ करवट ले सकता है। सवाल एक ही है कि बरेली में फिर से कमल खिलेगा या इस बार साइकिल रफ्तार भरेगी। मतदाताओं की खामोशी ने राजनीतिक दलों की बेचैनी बढ़ा रखी है।

### आठ बार संसद पहुंचे संतोष गंगवार

- बरेली संसदीय सीट भाजपा का मजबूत किला है। 1989 में पहली बार यहां से एक लाख 95 हजार वोट पाकर सांसद बनने वाले संतोष गंगवार के नाम आठ बार संसद पहुंचने का रिकॉर्ड है। 2004 तक वह लगातार छह बार सांसद बने, लेकिन 2009 के चुनाव में कांग्रेस से मैदान में उतरे प्रवीन सिंह ऐरन से शिकस्त मिली। लेकिन पांच साल बाद हालात फिर से बदले। 2014 के चुनाव में मोदी लहर में संतोष गंगवार ने फिर से बरेली में कमल खिला दिया। 2019 के चुनाव में संतोष गंगवार पांच लाख 65 हजार 270 वोट पाकर सांसद चुने गए।




### भाजपा ने इस बार छत्रपाल गंगवार को उतारा

2024 के चुनावी समर में संतोष गंगवार ने नौंवी बार सांसद बनने का ख्वाब संजोया था। टिकट पाने के लिए पूरी जोर आजमाइश भी की। आखिर तक कहते भी रहे कि चुनाव लड़ेंगे, मगर टिकट कटने से ख्वाब अधूरा रह गया। इसके साथ ही भाजपा के लिए मुश्किल भी बढ़ गई क्योंकि पार्टी ने इस बार पूर्व विधायक रहे छत्रपाल गंगवार पर दांव लगाया है।



### गठबंधन ने प्रवीन सिंह ऐरन पर लगाया दांव

सपा-कांग्रेस से गठबंधन से पूर्व सांसद प्रवीन सिंह ऐरन चुनावी रण में हैं। पर्चा खारिज होने के बाद से बसपा प्रत्याशी छोटेलाल गंगवार चुनावी मैदान से बाहर हो गए हैं। वैसे तो बरेली संसदीय सीट पर 13 प्रत्याशी चुनावी मैदान में है, मगर मुख्य मुकाबला भाजपा और सपा के बीच ही है। बाकी छोटे दल और निर्दलीय उम्मीदवार वोट कटवा के रूप में काम करेंगे, लेकिन इससे भाजपा-सपा प्रत्याशियों को बहुत नुकसान होने की संभावना कम है।




### विधानसभा वार मतदाता

| | |
|---|---|
| बरेली शहर | 461394 |
| बरेली कैंट | 380757 |
| मीरगंज | 347696 |
| भोजीपुरा | 388864 |
| नवाबगंज | 343566 |

### निर्णायक भूमिका में मुस्लिम-कुर्मी वोटर

- बरेली संसदीय सीट पर 19 लाख 29 हजार से ज्यादा मतदाता हैं। लोकसभा क्षेत्र में पांच विधानसभाएं मीरगंज, भोजीपुरा, नवाबगंज, बरेली शहर और कैंट बरेली आती हैं। जातिगत आंकड़ों के लिहाज से मुस्लिम और कुर्मी मतदाता निर्णायक साबित होते हैं। करीब पौने छह लाख मुस्लिम और यादव वोटर सपा का कैडर वोट माना जाता है।

### 2019 का परिणाम

| दल | उम्मीदवार | वोट | % |
|---|---|---|---|
| भाजपा | संतोष गंगवार | 5,65,270 | 52.91 |
| सपा | भगवत शरण गंगवार | 3,97,988 | 37.25 |
| कांग्रेस | प्रवीण सिंह एरन | 74,206 | 6.95 |

### 2014 का जनादेश

| दल | उम्मीदवार | वोट | % |
|---|---|---|---|
| भाजपा | संतोष गंगवार | 5,18,258 | 50.91 |
| सपा | आयशा इस्लाम | 2,77,573 | 27.27 |
| बसपा | उमेश गौतम | 1,06,049 | 10.42 |
| कांग्रेस | प्रवीण सिंह एरन | 84,213 | 8.27 |

### नाराजगी दूर करने का हर प्रयास, रह न जाए फांस



- अपना पुराना गढ़ बचाने के लिए भाजपा ने पूरी ताकत लगा रखी है। ऐसा इसलिए क्योंकि आठ बार के सांसद संतोष गंगवार का टिकट कटने से उनके समर्थकों और बिरादरी के लोगों में नाराजगी है। पार्टी लगातार इस नाराजगी को दूर करने का भरसक प्रयास कर रही है। सार्वजनिक तौर पर सांसद संतोष गंगवार की तारीफ कर प्रधानमंत्री से लेकर मुख्यमंत्री तक ने प्रचार के दौरान उनका सियासी कद बढ़ाने की कोशिश की है, लेकिन बड़ा सवाल है कि क्या इससे संतोष समर्थक और बिरादरी का पूरा वोट भाजपा हासिल कर पाएगी। भाजपा को जिताने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रोड शो, गृह मंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जनसभा कर चुके हैं। दूसरी तरफ गठबंधन के प्रत्याशी प्रवीन सिंह ऐरन भी लगातार चुनावी हवा बनाने में लगे हैं। फिलहाल स्थिति यह है कि भाजपा अपना गढ़ बचाने के लिए आर-पार की लड़ाई में है, जबकि गठबंधन प्रत्याशी भाजपा के पुराने किले को ध्वस्त करने के लिए मतदाताओं को रिझाने की हर कोशिश में लगे हैं।

### स्थानीय मुद्दे गुम, राष्ट्रवाद, आतंकवाद, महंगाई-बेरोजगारी पर घेराबंदी

- भाजपा प्रदेश में पिछले सात साल और केंद्र सरकार द्वारा 10 साल में कराए गए विकास कार्यों, योजनाओं, आतंकवाद, राष्ट्रवाद, नक्सलवाद, माफियावाद, भ्रष्टाचार, कानून-व्यवस्था, राम मंदिर के मुद्दे को लेकर मुखर है। जिले में अब तक हुई जनसभाओं में पार्टी के स्टार प्रचारकों ने इन मुद्दों को जोर शोर से उठाकर जनता को साधने की पुरजोर कोशिश की है। उधर, सपा-कांग्रेस बेरोजगारी, महंगाई के मुद्दे को लेकर सरकार की घेराबंदी कर रही है। चुनाव में स्थानीय मुद्दे गुम से हो गए हैं। अब तक किसी भी दल की ओर से बरेली के स्थानीय मुद्दों पर बात नहीं की गई है। इस चुनाव में कोई ऐसा स्थानीय मुद्दा भी तैयार नहीं हो सका है, जिससे यह तय हो सके चुनावी बयार का रुख किधर है। मतदाताओं की खामोशी और भी चुभ रही है। अब जब मतदान की तारीख करीब आ रही है तो चुनाव ध्रुवीकरण की ओर घूमता नजर आ रहा है।

# घोसी में माहौल बनाएगा मुख्तार अंसारी का परिवार



विनय जायसवाल, मऊ

गाजीपुर से बसपा के टिकट पर जीते अफजाल अंसारी अब समाजवादी पार्टी के टिकट पर गाजीपुर से उम्मीदवार हैं। हालांकि गैंगस्टर एक्ट में हुई सजा के मामले में अभी हाईकोर्ट में सुनवाई चल रही है। फैसला उनके पक्ष में आता है तो ठीक अन्यथा उनकी बेटी गाजीपुर से चुनाव लड़ेंगी। इसकी घोषणा अफजाल अंसारी कर चुके हैं। छोटे भाई मुख्तार अंसारी की मौत को हत्या बताने वाले अफजाल अंसारी सपा को मुख्तार की कमी नहीं खलने देना चाहते हैं। इसलिए वे गाजीपुर के साथ ही आसपास की सीटों पर भी सपा के पक्ष में माहौल बनाने की तैयारी कर रहे हैं। मुख्तार की मौत बीमारी से नहीं बल्कि उसकी हत्या हुई यह प्रचारित करने का कार्य घोसी सीट पर भी किया जाएगा और आजमगढ़, लालगंज सीट पर भी। अफजाल के साथ ही उनकी बेटी भी इन सीटों पर पिता के साथ प्रचार करेंगी। मुख्तार अंसारी भले ही जेल में रहा हो उसके फरमान पर यहां के मुस्लिम मतदाता प्रत्याशी तय करते रहे हैं। यह पहला चुनाव है जब मुख्तार की गैर मौजूदगी में कोई चुनाव होने जा रहा है। 17 बार घोसी लोकसभा सीट पर चुनाव हुआ है। 1989 से 1998 तक कल्पनाथ राय इस सीट पर लगातार जीते। 1999 में बसपा के बालकृष्ण चौहान यहां से सांसद बने थे। हालांकि बसपा ने इस बार भी उन्हें उम्मीदवार बनाया है। सपा ने राजीव राय को मैदान में उतारा है। पिछले चुनाव में सपा का बसपा से गठबंधन था तब बसपा के अतुल राय यहां से जीते थे। भाजपा ने यह सीट अपनी सहयोगी सुहेल देव भारतीय समाज पार्टी को दी है।

# बेसहारा मवेशियों से किसान परेशान पर चुनाव में नहीं किसी का ध्यान



चुनाव डेस्क

**कानपुर ।** बीते लोकसभा और विधान सभा चुनाव में प्रदेश में बेसहारा पशुओं का मुद्दा न सिर्फ चर्चा में आया था बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक को किसानों को आशवस्त करना पड़ा था कि इस समस्या का उनकी सरकार जल्दी ही समाधान निकालेगी। किसान अपनी फसल चट कर जाने के कारण बेसहारा पशुओं के झुंड से लगातार परेशान हैं। लोकसभा चुनाव के दो चरण बीत चुके हैं, लेकिन इस बार यह मुद्दा राजनीतिक दलों के एजेंडे से जैसे गायब है।

प्रदेश सरकार ने हाल ही में अपने पुराने आदेश को फिर से लागू करने का फैसला लिया था जिसके तहत खेतों में बाड़ लगाने के लिए कंटीले तार का इस्तेमाल से परहेज करने को कहा गया है। किसान इस फैसले से भी परेशान हैं। अधिकांश किसान खेतों में बाड़ लगाने के लिए सादे तार, रस्सी या साड़ी आदि का उपयोग कर रहे हैं। उनका कहना है कि सरकार हमारे नुकसान को क्यों नहीं समझ पा रही है। वर्ष 2019 की पशुधन गणना के अनुसार प्रदेश में 1.90 करोड़ से अधिक मवेशी हैं, जिनमें 62,04,304 दुधारू गायें और 23,36,151 गैर-दुधारू गाय शामिल हैं। बेसहारा पशुओं के खतरे ने किसानों की आर्थिक परेशानियों को भी बढ़ा दिया है क्योंकि उन्हें समझ नहीं आ रहा है कि उन गायों का क्या किया जाए जो अब दूध नहीं दे रही हैं। आवारा पशु झुंड बनाकर खेतों में घुस जाते हैं और फसलों को कुछ ही घंटों में चट कर जाते हैं। यही नहीं, कई बार तो ये पशु किसानों के ऊपर हमले भी कर देते हैं। प्रदेश में आवारा पुशओं के हमले में कई लोगों की मौत भी हो चुकी है, लेकिन इसके बावजूद भी अभी तक इन पशुओं को नियंत्रित करने के लिए सरकार की तरफ से कोई समाधान नहीं निकाला गया है। किसान चाहते हैं कि लोकसभा चुनाव में आवारा पशुओं के मुद्दे पर संवाद हो और बात समाधान की तरफ बढ़े। लेकिन बेसहारा पशुओं से दिक्कत की बात इस बार राजनीतिक या चुनावी मुद्दा नहीं बन पा रही है।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मतदाता इसे लेकर इंतजार ही करते रह गए और चुनाव अब आगे बढ़कर चौथे चरण में मध्य उत्तर प्रदेश में पहुंचने वाला है। ऐसे में किसान उत्सुकता से इंतजार कर रहे हैं कि चुनाव मैदान में उतरे उम्मीदवार आवारा मवेशियों की समस्या से निपटने के लिए किस तरह का प्रस्ताव रखते हैं। हालांकि अब तक राजनीतिक दलों द्वारा इस मुद्दे पर चुप्पी साधने के कारण उनके पास करने के लिए बहुत कुछ नहीं है।

# हमीरपुर सीट पर त्रिकोणीय मुकाबला

राजेश सिंह, हमीरपुर

- भाजपा ने ब्राह्मण चेहरे पर दांव लगाकर भाजपा को घेरा
- समाजवादी पार्टी ने लोधी जाति के अंजेंद्र राजपूत को उतारा है

**अमृत विचार।** तापमान बढ़ने के साथ ही हमीरपुर-महोबा लोकसभा सीट पर चुनावी तापमान भी बढ़ रहा है। यहां भाजपा त्रिकोणीय मुकाबले में फंसती नजर आ रही है। बसपा ने यहां से ब्राह्मण चेहरे पर दांव लगाकर भाजपा को घेरने का भरपूर प्रयास किया है। सपा ने भी लोध जाति के अजेंद्र राजपूत को उतार कर इस मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। भाजपा की कोशिश इस सीट पर हैट्रिक लगाने की है तो सपा और बसपा का प्रयास है कि वह मतदाताओं को अपने पाले में करके जीत हासिल करें। विरोधी दल पिछले चुनावों में भाजपा उम्मीदवार द्वारा विकास के जो वादे किए गए थे और पूरे नहीं हुए हैं उसको लेकर सवाल पूछे जा रहे हैं। सपा और बसपा क उम्मीदवार मतदाताओं को यह बताने में लगे हैं कि भाजपा उम्मीदवार दो बार सांसद रहे लेकिन उन्होंने ऐसा कुछ नहीं किया जो उल्लेखनीय हो। भाजपा प्रत्याशी मतदाताओं को खुद की और मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री मोदी की उपलब्धियां गिना रहे हैं।

हमीरपुर संसदीय सीट में पांच विधानसभाएं शामिल हैं। इनमें हमीरपुर और तिंदवारी विधानसभा क्षेत्र में क्षत्रिय और ब्राह्मण मतदाता निर्णायक माने जाते हैं। वहीं राठ और चरखारी विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक लोधी मतदाताओं की संख्या है जो किसी भी प्रत्याशी के चुनावी गणित को बिगाड़ने में बड़ी भूमिका निभाते हैं। महोबा में भी भाजपा के अलावा बसपा और इंडिया गठबंधन प्रत्याशी चुनाव प्रचार में एक दूसरे से आगे निकलने की जद्दोजहद कर रहे हैं। संसदीय क्षेत्र में अनुसूचित जाति की आबादी 22.63 फीसदी है, जो हारजीत में निर्णायक भूमिका अदा करेगी। अबकी बार भाजपा से पुष्पेंद्र सिंह चंदेल तीसरी बार चुनाव मैदान में हैं वह पार्टी के परंपरागत मतदाताओं और विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों के सहारे जीत की हैट्रिक लगाने में जुट गए हैं।



**वोट की अपील** बिहार के मुजफ्फरपुर में पार्टी उम्मीदवार के पक्ष में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने जनसभा की और एनडीए को बिहार की सभी सीटें जिताने की अपील की।

# मोदी की गारंटी दिलाएगी जीत या चक्रव्यूह में फंस जाएंगी साध्वी

## केंद्रीय मंत्री निरंजन ज्योति हैट्रिक लगाने के लिए कर रही हैं प्रयास, सपा- बसपा उम्मीदवार कुर्मी जाति के हैं, इसे मुफीद मान रहे भाजपाई

महेश सिंह, फतेहपुर


**अमृत विचार।** दोआबा की धरती पर इस बार लोकसभा चुनाव में लगातार तीन बार जीतने का इतिहास बनेगा या किसी नए चेहरे को दिल्ली पहुंचने का मौका मिलेगा यह तो मतगणन के बाद पता चलेगा। फिलहाल यहां लड़ाई कांटे की हो गई है। बसपा ने पहले से ही कुर्मी जाति से आने वाले डॉ. मनीष सचान को उम्मीदवार बना रखा था अब सपा ने भी इसी जाति के नरेश उत्तम पटेल को मैदान में उतार दिया है। नरेश उत्तम पटेल समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हैं। उन्हें अखिलेश यादव के पीडीए से जुड़ी जातियों पर भरोसा है तो केंद्र सरकार में मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति को भी मोदी की गारंटी पर विश्वास है। सपा और बसपा से कुर्मी जाति के उम्मीदवार मैदान में आने को भाजपाई साध्वी के लिए मुफीद मान रहे हैं। उन्हें लगता है कि वोटों के बंटवारे में यह सीट आसानी से निकल जाएगी।



डॉ. मनीष सचान।



साध्वी निरंजन ज्योति।



नरेश उत्तम।

### भाजपा में अंतरकलह की कहानी भी है

- भाजपा में अंतरकलह भी साफ दिखती है। दो बड़े नेता ऐसे हैं जो खुलकर कुछ नहीं बोल रहे हैं लेकिन उनकी नाराजगी का असर समर्थकों से बातचीत में सामने दिख जाता है। हालांकि साध्वी निरंजन ज्योति हर किसी को साथ लेकर चलने की कोशिश में लगी हुई हैं। जो नाराज हैं उन्हें भी मनाने का प्रयास चल रहा है। सपा से पूर्व सांसद अशोक कुमार पटेल टिकट के प्रबल दावेदार थे लेकिन उन्हें टिकट नहीं मिला। ऐसे में उनके नाराज होने की बात कही जा रही है पर अभी तक ऐसा कुछ सामने नहीं आया। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष को टिकट मिलने के बाद तो किसी अंतरकलह की बात यहां बेमानी नजर आ रही है। 1998 के चुनाव में बीजेपी ने यहां से जीत दर्ज की थी। तब अशोक कुमार पटेल जीते थे। इसके बाद 1999 वे लगातार दूसरी बार भी भाजपा से जीते थे।

केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति खुद के कराए हुए विकास कार्यों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी को भुनाने में लगी हैं। वह एक स्वर में अपनी उपलब्धियों को गिनातीं हैं और यह भी बताना नहीं भूलतीं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ही अयोध्या में भव्य श्रीराम लला का मंदिर बनवाया और वहां पर उनकी प्राण प्रतिष्ठा की।

### तीन चुनावों में दूसरे नंबर पर रही बसपा

- इस संसदीय सीट पर बसपा दो बार जीत चुकी है। पहली बार 1996 में विश्वंभर प्रसाद निषाद और दूसरी बार 2004 में महेंद्र प्रसाद निषाद यहां से सांसद बने थे। 2009, 2014 और और 2019 के चुनाव में तो बसपा दूसरे नंबर पर रही। ऐसे में पार्टी को लगता है कि अगर वह अपने परंपरागत मतदाताओं को एकजुट करने में सफल हुई और दूसरे दलों के वोट में सेंधमारी कर पाई तो उसके उम्मीदवार डॉ. मनीष सचान की जीत पक्की है। सपा ने 2009 में इस सीट को जीता था। तब राकेश सचान ने यहां बसपा के उम्मीदवार को हराया था। भाजपा को इस चुनाव में तीसरे स्थान पर संतोष करना पड़ा था। अब राकेश सचान भाजपा में हैं और प्रदेश सरकार में मंत्री हैं। उनका प्रभाव भी यहां के सजातीय मतदाताओं में है। इसे भी भाजपा अपने लिए मुफीद मानती है।

संविधान बदलने के विरोधी दलों के दावों पर वह सफाई भी देतीं हैं और कहतीं हैं कि विरोधी दल मतदाताओं को गुमराह कर रहे हैं। साध्वी रात-दिन क्षेत्र का भ्रमण कर रही हैं। सुबह होते ही क्षेत्र में जनसंपर्क के लिए निकल रहीं और देर रात लौट रहीं हैं। इसी तरह बसपा के डॉ. मनीष सचान भी बसपा की सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय की नीति का बखान कर वोट मांग रहे हैं। सपा में अब उहापोह की स्थिति खत्म हो गई है।

देर से ही सही सपा ने नरेश उत्तम पटेल को प्रत्याशी बनाकर मतदाताओं और नेताओं को एकजुट रखने का प्रयास किया है। साथ ही कुर्मी मतदाताओं को भी साधने की कोशिश की है। सपा को उम्मीद है कि सत्ता से नाराज लोग उसे वोट तो करेंगे ही अल्पसंख्यक, दलित और पिछड़ा वर्ग के मतदाताओं के दम पर इस चुनाव के पार्टी जीत लेगी।

## सार-संक्षेप

### श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद मामले की सुनवाई अब 7 को, बहस पूरी नहीं हो सकी

**विधि संवाददाता, प्रयागराज** : मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह विवाद से जुड़ी याचिकाओं पर गुरुवार को भी बहस पूरी नहीं हो सकी। मामले की अगली सुनवाई आगामी 7 मई को सुबह 11:30 बजे से होगी। सुनवाई के दौरान मुख्य रूप से हिंदू पक्ष की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता हरिशंकर जैन ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से तर्क दिया कि श्रीकृष्ण जन्मभूमि एक संरक्षित स्मारक है। राष्ट्रीय महत्व का यह स्मारक अत्यंत प्राचीन है और पुरातत्व स्थल अवशेष अधिनियम, 1958 से संरक्षित है। ऐसी स्थिति में इस मामले में प्लेसेस ऑफ़ वर्शिप एक्ट के प्रावधान लागू नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि पूजा हमारा मौलिक अधिकार है। पूजा करने के मौलिक अधिकार को सीमा के कानून द्वारा प्रतिबंधित नहीं किया जा सकता है। इसके अलावा हिंदू पक्ष की ओर से यह भी तर्क दिया गया कि सरकारी दस्तावेजों में शाही ईदगाह के नाम से कोई संपत्ति नहीं है। वक्फ संपत्ति दान में मिली संपत्ति होती है। अत: वक्फ बोर्ड बताए कि उसे किसने विवादित संपत्ति दान में दी है, साथ ही यह भी तर्क दिया गया कि विवादित भूमि लड्डू गोपाल की है और इसे ना कोई बेच सकता है, ना इसे समझौते द्वारा किसी को हस्तांतरित किया जा सकता है। यह पूरी जमीन श्रीकृष्ण जन्मभूमि ट्रस्ट के नाम पर दर्ज है। बिजली का बिल और टैक्स ट्रस्ट ही जमा करता है। खसरा और नगर निगम के रिकॉर्ड में भी ट्रस्ट का ही नाम दर्ज है।

### रस अल खैमा के लिए हवाई सेवा शुरू

**लखनऊ, अमृत विचार** : चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से रस अल खैमा के लिए आज से उड़ान सेवा शुरू हो गई। उड़ान एयर इंडिया एक्सप्रेस की ओर से संचालित की जाएगी। हवाई अड्डे से जुड़ने वाला यह नौंवा देश होगा। लखनऊ हवाई अड्डे के प्रवक्ता ने बताया कि यह उड़ान मध्य-पूर्व देशों की ओर यात्रा करने वाले यात्रियों को निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान करेगी। रस अल खैमा लखनऊ से 9वां अंतरराष्ट्रीय गंतव्य है। साथ ही एयर इंडिया एक्सप्रेस के लिए एक नया मार्ग है। इस उड़ान के शामिल होने से अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की संख्या 19 से बढ़कर 21 हो गई है। गुरुवार को 170 यात्रियों के साथ पहली उड़ान सुबह 8:35 बजे लखनऊ से रवाना हुई और 10:55 बजे रस अल खैमा पहुंचीं। एयर इंडिया एक्सप्रेस लखनऊ से रस अल खैमा की उड़ान मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को संचालित होगी। जबकि रस अल खैमा से लखनऊ की उड़ान 13:25 पर प्रस्थान करेगी और 17:15 बजे पर लखनऊ पहुंचेगी। एयर इंडिया एक्सप्रेस यह उड़ान मंगलवार, गुरुवार और रविवार को संचालित करेगी। एयर इंडिया एक्सप्रेस ने मार्च में लखनऊ से मध्य पूर्व के मस्कट और दम्मम के लिए उड़ानें शुरू की थीं।

### अगले सप्ताह घोषित होगा मदरसा बोर्ड परीक्षाफल

**लखनऊ, अमृत विचार** : उप्र मदरसा शिक्षा परिषद का परीक्षाफल अगले सप्ताह घोषित होने की संभावना है। बोर्ड रजिस्ट्रार डॉ. प्रियंका अवस्थी का कहना है कि मुंशी, मौलवी, आलिम, कामिल की परीक्षाओं के परीक्षाफल अगले सप्ताह घोषित किये जाने के प्रयास किये जा रहे हैं। सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। इसी को लेकर कई चरणों में बैठक भी की जा चुकी है।

### संजय निषाद पर हमले के आरोपी को मिली राहत

**विधि संवाददाता, प्रयागराज** : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मंत्री संजय निषाद पर हमले के आरोपी सिपाही अभिषेक यादव को राहत देते हुए उसकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने मामले में राज्य सरकार को चार सप्ताह के अन्दर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है और उसके दो सप्ताह के भीतर याची को प्रत्युत्तर हलफनामा दाखिल करने के लिए कहा है। मालूम हो कि गत 21 अप्रैल 2024 को मोहम्मदपुर, संतकबीर नगर में एक शादी समारोह में शिरकत करने गए मंत्री संजय निषाद पर ग्राम प्रधान राधेश्याम यादव व कई अन्य लोगों ने अचानक हमला कर दिया, जिसमें मंत्री जी गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद पुलिस स्टेशन खलीलाबाद, संत कबीर नगर में 22 अप्रैल को आरोपी सहित आठ लोगों के खिलाफ आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई। हालांकि याची के अधिवक्ता ने तर्क दिया कि मामले में उसे राजनीतिक षड़यंत्र के कारण झूठा फंसाया गया है। वह एक ईमानदार पुलिस कांस्टेबल है और उसका घटना से कोई लेना-देना नहीं है। मौजूदा मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति राजीव गुप्ता और न्यायमूर्ति शिव शंकर प्रसाद की खंडपीठ के समक्ष हुई। मामले को अगली सुनवाई के लिए आगामी 29 जुलाई 2024 को सूचीबद्ध किया गया है।

### छठवें चरण में 22 प्रत्याशियों ने किया नामांकन

**लखनऊ, अमृत विचार** : छठवें चरण की 14 लोकसभा सीटों के लिए गुरुवार को 22 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इनमें पूर्व मंत्री राम प्रसाद चौधरी समेत अन्य प्रत्याशी शामिल हैं। इन सीटों पर अब तक 55 प्रत्याशी नामांकन हो चुके हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि सुल्तानपुर में एक, प्रतापगढ़ में तीन, फूलपुर में तीन, इलाहाबाद में तीन, अम्बेडकरनगर में तीन, श्रावस्ती में एक, बस्ती में एक, संत कबीरनगर में एक, आजमगढ़ में दो, जौनपुर में दो व मछलीशहर (अजा) में तीन प्रत्याशियों ने नामांकन किया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि बस्ती लोकसभा सीट के लिए समाजवादी पार्टी से पूर्व मंत्री राम प्रसाद चौधरी व मछलीशहर (अजा) लोकसभा सीट के लिए समाजवादी पार्टी से प्रिया सरोज ने नामांकन किया।

### प्रियंका आज फतेहपुर सीकरी में करेंगी रोड शो

**लखनऊ, अमृत विचार** : कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा तीन मई को आगरा में फतेहपुर सीकरी लोकसभा क्षेत्र में रोड शो करेंगी और पार्टी प्रत्याशी रामनाथ सिकरवार के पक्ष में चुनाव प्रचार करेंगी। प्रियंका गांधी अपरान्ह साढ़े तीन बजे फतेहाबाद पहुंचेंगी और इंडिया गठबंधन के कांग्रेस उम्मीदवार रामनाथ सीकरवार के पक्ष में तकरीबन डेढ़ किलोमीटर का रोड शो करेंगी। इस बीच, पार्टी के राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर ने आगरा में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि चार जून को देश में भाजपा की विदाई तय है। उन्होंने कहा की 10 साल के झूठे, भ्रष्टाचारी और जनता विरोधी भाजपा शासन का अंत करने का मन जनता ने बना लिया है। आम चुनाव के पहले दो चरणों से आए रुझानों ने ये स्पष्ट कर दिया है कि नरेंद्र मोदी की सत्ता से विदाई तय है। देश में व्याप्त कमरतोड़ महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के खिलाफ इस लड़ाई में जनता कांग्रेस पार्टी व इंडिया गठबंधन को अपना पूर्ण समर्थन दे रही है।

### नहीं बन रहे जन्म-मृत्यु प्रमाण, 165 आवेदन लंबित

**लखनऊ, अमृत विचार** : ग्रामीण इलाकों में सीआरएस पोर्टल पर जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं बन रहे हैं। इससे लोगों के योजनाओं व अन्य कार्य प्रभावित है। जिला पंचायत राज अधिकारी हिमांशू शेखर ठाकुर ने 1 से 23 अप्रैल तक पोर्टल पर आवेदनों की समीक्षा की। इस दौरान 165 जन्म-मृत्यु के आवेदन लंबित पाए। नाराजगी जताते हुए सभी सहायक विकास अधिकारी पंचायत को आवेदन पंजीकृत इकाइयों से स्वीकृत कराने के निर्देश दिए हैं।

# सामान्य वर्ग छात्रों की छात्रवृत्ति पर फैसला चुनाव के बाद होगा

## 77 हजार 352 छात्र-छात्राओं को नहीं मिली थी छात्रवृत्ति

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ




- कॉलेज और विश्वविद्यालय की गलती से हुई परेशानी

**अमृत विचार** : सामान्य वर्ग के छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति देने पर निर्णय अब लोकसभा चुनाव के बाद होने की संभावना है। समाज कल्याण विभाग की कोशिश है कि इन्हें छात्रवृत्ति का लाभ दिया जाए और दोबारा पोर्टल खोला जाए। इसके लिए 19 अप्रैल को मुख्य सचिव की अध्यक्षता में शासन स्तर पर हुई बैठक बेनतीजा रही थी।

वित्तीय वर्ष 2023-24 में अक्टूबर के अंतिम सप्ताह से छात्रवृत्ति के लिए आवेदन शुरू हुए थे। 18 जनवरी 2024 तक छात्रवृत्ति के लिए फार्म भरे गए और 23 जनवरी 2024 को फार्म अग्रसारित किए गए। मार्च 2024 के अंतिम सप्ताह में प्रदेश में 20 लाख से अधिक छात्रों को छात्रवृत्ति दी गई। जबकि फार्म भरने के दौरान कॉलेज और विश्वविद्यालय स्तर से हुई गलती की वजह से सामान्य वर्ग के 77,352 छात्र-छात्राएं छात्रवृत्ति से वंचित रह गए।

योजना का लाभ पाने से वंचित रह गए छात्र-छात्राएं जिला समाज कल्याण अधिकारियों, कॉलेजों-विश्वविद्यालय और समाज कल्याण निदेशालय के चक्कर काट रहे हैं। निदेशालय स्तर से उन्हें फार्मों को भरने के दौरान हुई गलतियों के बारे में बताया गया है। अधिकतर आवेदनों में रोल नंबर, पाठ्यक्रम, प्राप्तांक और पूर्णांक भरने में गलतियां हुईं। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि ऐसे छात्र-छात्राओं को दोबारा आवेदन का मौका देने के लिए निदेशालय ने पूरा ब्योरा शासन को भेजकर छात्रवृत्ति पोर्टल दोबारा खुलवाने का अनुरोध किया है। इसको लेकर बैठक भी हुई लेकिन, फैसला नहीं हो सका। निदेशक की माने तो अब इन वंचित छात्रों की छात्रवृत्ति पर फैसला चुनाव प्रक्रिया पूरी होने के बाद यानी जून महीने में होगा। चुनाव के बाद अगर इस छात्र-छात्राओं को दोबारा अवसर दिए जाने पर सहमति बनती है तो पोर्टल खोला जाएगा और वंचित छात्र-छात्राएं आवेदन कर सकेंगे।

# आजमगढ़ से तीसरी बार बसपा ने बदला प्रत्याशी

**लखनऊ, अमृत विचार** : बसपा ने लखनऊ पूर्वी विधानसभा सीट समेत लोकसभा के दो प्रत्याशी बदलते हुए छह प्रत्याशियों की 11 वीं सूची गुरुवार को जारी कर दी है। लखनऊ पूर्वी विधानसभा सीट पर हो रहे उप चुनाव में बसपा ने आलोक कुशवाहा को उतारा है। वहीं, आमजगढ़ में तीसरी बार प्रत्याशी बदलते हुए मशहूद अहमद का उतारा है। निवर्तमान सांसद बृजभूषण शरण सिंह की वजह से चर्चा का विषय बनी कैसरगंज लोक सभा सीट पर मायावती ने ब्राम्हण प्रत्याशी नरेन्द्र पाण्डेय को उतार कर सपा (इंडिया गठबंधन) के प्रत्याशी भगत राम मिश्रा के लिए मुश्किलें खड़ी कर दी हैं। इसके अलावा बसपा ने गोण्डा से सौरभ कुमार मिश्रा और बाराबंकी से शिव कुमार दोहरे को उम्मीदवार बनाया है। बदले गए प्रत्याशियों में पांचवीं सूची में डुमरियागंज से टिकट पाए ख्वाजा शमसुद्दीन की जगह मो.नदीम मिर्जा और संतकबीर नगर में मो.आलम से टिकट वापस लेकर नदीम अशरफ दिया है।

# पुलिस मुठभेड़ में इनामी गो तस्कर और साथी गिरफ्तार

संवाददाता, कानपुर देहात

- मुरादाबाद जिले का रहने वाला है इनामी अपराधी, मुठभेड़ में तीसरा गो तस्कर फरार

**अमृत विचार** : चेकिंग के दौरान बाइक सवार इनामी गो तस्करों ने अकबरपुर कोतवाली पुलिस पर फायरिंग कर दी। मुठभेड़ में एक गो तस्कर के पैर में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों तस्करों को गिरफ्तार कर लिया, जबकि एक साथी भागने में सफल रहा। इनके पास से तमंचा, कारतूस, नकदी समेत अन्य सामान बरामद किया गया है।

पुलिस के मुताबिक पकड़े गए आरोपियों में मुरादाबाद जिले के बिलारी थाना क्षेत्र के कुरैशियन थावला निवासी मोहम्मद मोनिश और राजस्थान के रामनगर थाना क्षेत्र के बंजारों का झोपड़ा दौलतपुरा बूंदी निवासी महेंद्र बंजारा शामिल हैं। पुलिस ने गोली लगने से घायल मोहम्मद मोनिश को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा। सीओ सदर तनु उपाध्याय ने बताया कि घायल मोहम्मद मोनिश पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित है। पकड़े गए दोनों अभियुक्त गो-तस्करी में संलिप्त थे। तीसरे अभियुक्त की तलाश के लिए पुलिस टीम गठित की गई है।

पुलिस मुठभेड़ में पकड़े गए आरोपी मोहम्मद मोनिश पर अकबरपुर कोतवाली में पशु क्रूरता अधिनियम, चंदौली के थाना अलीनगर में गोवध निवारण अधिनियम व आर्म्स एक्ट, मुरादाबाद के थाना बिलारी में गैंगस्टर एक्ट व मारपीट, गोवध निवारण अधिनियम, पशु क्रूरता अधिनियम, आर्म्स एक्ट, बदायूं के थाना सहसवान में धोखाधड़ी, बुलंदशहर के थाना खुर्जा में चोरी, गौतमबुद्ध नगर कमिश्नरेट के थाना बिसरख में चोरी, सम्भल के थाना बहजोई में गोवध निवारण अधिनियम व चोरी समेत कुल 14 मुकदमे दर्ज हैं। अभियुक्त महेंद्र के खिलाफ अकबरपुर कोतवाली व गजनेर थाने में दो मुकदमे दर्ज हैं।

# कानपुर में दंगे के मास्टरमाइंड की 19 करोड़ की संपत्ति कुर्क

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- डुगडुगी पिटवाकर की कार्रवाई लगवाए गए सरकारी बोर्ड

**अमृत विचार** : कानपुर में नई सड़क दंगे के मास्टरमाइंड और गैंगस्टर के आरोपी मुख्तार अहमद उर्फ मुख्तार बाबा उर्फ बाबा बिरयानी वाले के खिलाफ कमिश्नरेट पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। गुरुवार सुबह बजरिया थाना पुलिस उन्नाव जिले के गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के कटरी पीपरखेड़ा इलाके पहुंची। जहां आरोपी मुख्तार और उसके बेटों की लगभग 19 करोड़ से अधिक संपत्ति को डुगडुगी पिटवाकर कुर्क करने की कार्रवाई की। पुलिस ने कुर्क की गई भूमि पर सरकारी बोर्ड लगाकर खरीद फरोख्त पर रोक लगा दी है।

नई सड़क पर हुई हिंसा के मास्टरमाइंड और गैंगस्टर एक्ट के आरोपी बाबा बिरयानी के मालिक मुख्तार अहमद उर्फ मुख्तार बाबा की उन्नाव जिले के गंगाघाट में लगभग 19 करोड़ से ज्यादा की संपत्ति पड़ी थी। जिसे कुर्क करने के लिए बजरिया इंस्पेक्टर अजय कुमार सिंह भारी पुलिस फोर्स के साथ गुरुवार को गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के कटरी पीपरखेड़ा पहुंचे। उन्होंने राजस्व कर्मियों से पहले नापजोख कराई। इसके बाद आरोपी और उसके परिजनों की लगभग 19 करोड़ से अधिक की संपत्ति को कुर्क करने की कार्रवाई की। उक्त भूमि पर सरकारी बोर्ड लगवाए। जिस पर लिखा था कि इस जमीन को किसी भी प्रकार से खरीदना और बेचना कानूनन अपराध है। इंस्पेक्टर ने बताया कि मुख्तार अहमद नई सड़क दंगे का अभियुक्त एवं मास्टरमाइंड था।

# पशु चिकित्सालयों पर पहुंचाई गई रेबीज वैक्सीन

**लखनऊ, अमृत विचार** : पशु पालन विभाग ने चिकित्सालयों पर रेबीज वैक्सीन उपलब्ध कराई है। इससे वैक्सीन की समस्या नहीं रहेगी और पशुओं को निशुल्क लगाई जाएगी। पशु पालन निदेशालय ने चिकित्सालयों पर रेबीज वैक्सीन के आपूर्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसमें राजकीय पालीक्लीनिक लखनऊ को एक हजार वैक्सीन दी है। इसी तरह अन्य जिलों के सभी अस्पतालों पर भेजी हैं। क्योंकि अक्सर अस्पतालों में रेबीज वैक्सीन की कमी रहती है और पशु पालन बाहर से मंगाकर लगवाते हैं। यह वैक्सीन पशुओं को प्री बाइट एंड पोस्ट बाइट यानी पशुओं के आपस में काटने और नियमित टीकाकरण के दौरान निःशुल्क लगाई जाएगी।

# शराब घोटाले का एक और आरोपी गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एक नेता, दो आईएएस, एक विशेष सचिव हैं छत्तीसगढ़ शराब घोटाले में नामजद

**अमृत विचार** : छत्तीसगढ़ में बहुचर्चित शराब घोटाले में शामिल एक आरोपी को गौतमबुद्धनगर से गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में छत्तीसगढ़ राज्य के दो वरिष्ठ आईएएस, एक विशेष सचिव, एक राजनेता के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज किया गया था। सभी आरोपी जेल में निरुद्ध हैं। पांचवें आरोपी विधु गुप्ता को एसटीएफ कार्यालय से ही हिरासत में लिया गया है। आरोपियों के खिलाफ रायपुर स्थित प्रवर्तन निदेशालय के उपनिदेशक हेमंत ने मुकदमा पंजीकृत कराया था।

एसटीएफ अफसरों के मुताबिक इस प्रकरण में छत्तीसगढ़ राज्य में शराब माफिया व सरकार के कुछ उच्च पदस्थ अधिकारियों की मिलीभगत से राज्य द्वारा संचालित एवं नियंत्रित मदिरा की दुकानों से अवैध मदिरा की बिक्री की जा रही थी। नामजद अभियुक्त विधू गुप्ता के द्वारा सीएसएमसीएल के एमडी अरूण पति त्रिपाठी के निर्देशानुसार डुप्लीकेट होलोग्राम की सप्लाई छत्तीसगढ़ राज्य में इस कार्य में संलिप्त गैग को दी जाती थी। गैंग के सदस्यों द्वारा उक्त डुप्लीकेट होलोग्राम को सीधे डिस्टलरीज मेसर्स वेलकम डिस्टलरीज, छत्तीसगढ डिस्टलरीज, लिमिटेड, भाटिया वाईन एण्ड मर्चेण्ट प्राइवेट लिमिटेड) पहुंचा दिया जाता था। वहां से फर्जी ट्रांसिट पास पर सीएसएमसीएल की दुकानों पर ले जाया जाता था। इस प्रक्रिया में सम्मिलित नीचे से ऊपर तक के हर व्यक्ति का कमीशन फिक्स था।

### इनके खिलाफ ईडी ने दर्ज कराया था मुकदमा

छत्तीसगढ़ के तत्कालीन आबकारी आयुक्त निरंजन दास, आईएएस, एमडी सीएसएमसीएल व विशेष सचिव आबकारी अरूण पति त्रिपाठी, राजनेता अनवर ढेवर, तत्कालीन सचिव इंडस्ट्रीज छत्तीसगढ़ अनिल टुटेजा, आईएएस एवं विधू गुप्ता, डारयरेक्टर, पीएचएसएफ प्राईवेट लिमिटेड, नोएडा।

# शाह ने पार्टीजनों को टटोला, दिया मूलमंत्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ




गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को राजधानी लखनऊ में पार्टी की संगठनात्मक बैठक में हिस्सा लेते हुए। ● अमृत विचार

**अमृत विचार**: लोकसभा चुनाव के लिए अगले चरण के मतदान से पहले संगठन को मूलमंत्र देने और प्रचार अभियान की थाह लेने राजधानी पहुंचे गृहमंत्री अमित शाह ने भाजपा पदाधिकारियों के साथ बैठक की। दरअसल, पश्चिमी उप्र. में जोर लगाने के बाद भाजपा की नजरें अब अवध की सीटों पर टिक गई हैं। ऐसे में गुरुवार की शाम अमित शाह लखनऊ पहुंचे और यहां एक होटल में संगठन के नेताओं के साथ बड़ी बैठक की। इस बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अलावा उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक भी शामिल हुए।

बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी और संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह के अलावा अवध, कानपुर और काशी क्षेत्र की लोकसभा चुनाव से जुड़ी कोर टीम मौजूद रही। गृहमंत्री ने बैठक की शुरुआत दीप जलाकर की। इसके बाद एक-एक पदाधिकारी से बात कर पांचवे चरण में होने वाली अवध और बुंदेलखंड की 14 सीटों की तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान लखनऊ, मोहनलालगंज, रायबरेली, अमेठी, बाराबंकी, फैजाबाद, कैसरगंज, गोंडा के पार्टी उम्मीदवारों को को जिताने की रणनीति बनायी गई। इसके पहले गृहमंत्री ने सीतापुर में जनसभा को संबोधित किया जिसमें उन्होंने जनता से नरेन्द्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने के अलावा भाजपा को 400 सीटें जिताने की अपील की।

### मतदान से पहले पार्टीजनों को गुरुमंत्र

बैठक में जिला प्रभारी और जिलाध्यक्ष लोकसभा चुनाव को लेकर अपने-अपने जिले की पार्टी अभियान की प्रगति और उसमें आ रही व्यवहारिक दिक्कतों से भी अवगत कराया। वहीं, तीसरे चरण में 7 मई को संभल, हाथरस, आगरा, फतेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, बदायूं, आंवला और बरेली में मतदान होना है। चौथे चरण में 13 मई को शाहजहांपुर खीरी दोहराहरा सीतापुर हरदोई मिश्रिख उन्नाव फर्रुखाबाद इटावा कन्नौज कानपुर अकबरपुर और बहराइच सीट पर मतदान होना है इनपर मतदान होगा। अमित शाह ने इन चरणों में होने जा रहे मतदान से पहले पार्टीजनों को गुरुमंत्र भी दिए हैं।

## वर्ग पहेली-58

**बाएं से दाएं**

1. वध; मारण।

4. 1. सब्जी एवं फल आदि बोने तथा बेचने का व्यवसाय करने वाली एक जाति 2. सब्जी एवं फल आदि बेचने वाला व्यापारी या दुकानदार।

5. खिलवाड़ में ही जिसका मन अधिक लगता हो।

7. बड़ी खुरपी।

8. 1. धरती पर पड़ा

**ऊपर से नीचे**

1. 1. निर्जल 2. जो बिना जल ग्रहण किए रहता या रह सकता हो।


2. मूर्ख, बेवकूफ़।

3. 1. डफ़ली के आकार का चमड़ा मढ़ा हुआ छोटा वाद्य जो लोक शैली के गायन में प्रयोग होता है 2. खंजरी, खंजरी।

4. अविवाहित, अपरिणीता; कुमारी लड़की, कुंआरी।

5. खिलवाड़ करने वाला, खिलवाड़ी मानसिकता का, खिलाड़ी।

6. वह छोटा-सा पलंग जो रस्सी या निवाड़ से बुना जाता है और जिसमें चार पाए होते हैं, खटिया, खाट।



### वर्ग पहेली -57 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 वि | | | 2 सें | | | 3 फ़ |
| त | | | 4 स | ह | चा | री |
| ति | | | र | | | ज़ा |
| | 5 नि | वे | शि | त | | |
| | रो | | प | | | 6 चिं |
| | ध | | | | 7 बं | ग |
| 8 ध | न | पि | शा | ची | | ड़ा |

## सुडोकू-137

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 9 | 5 | 4 | | | | |
| 2 | 3 | | | | 9 | | | |
| 4 | | | | 6 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | | |
| | 7 | | | | | | 5 | |
| | | | 1 | | 7 | | | |
| | 1 | | | 9 | | 6 | | 4 |
| | 9 | | 4 | | | | | 8 |
| 5 | | | | 3 | 2 | 7 | | |

### सुडोकू -136 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 5 | 8 | 3 | 1 | 6 | 2 | 9 | 7 |
| 9 | 3 | 1 | 5 | 7 | 2 | 6 | 8 | 4 |
| 6 | 7 | 2 | 4 | 9 | 8 | 1 | 5 | 3 |
| 7 | 2 | 9 | 8 | 6 | 3 | 5 | 4 | 1 |
| 1 | 8 | 5 | 2 | 4 | 9 | 7 | 3 | 6 |
| 3 | 6 | 4 | 7 | 5 | 1 | 8 | 2 | 9 |
| 2 | 9 | 3 | 1 | 8 | 7 | 4 | 6 | 5 |
| 8 | 4 | 7 | 6 | 3 | 5 | 9 | 1 | 2 |
| 5 | 1 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 7 | 8 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 3 मई शुक्रवार 2024 संवत-2081,शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-दशमी 11.24 तक तत्पश्चात एकादशी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पश्चिम। **ऋतु**-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-शतभिषा 4 मई 12.06 तक तत्पश्चात पूर्व भाद्रपद।

**मेष** – आज आपकी सूझबूझ और दूरदर्शिता की प्रशंसा होगी। विदेश में जॉब कर रहे लोगों की आय हो सकती है। पति-पत्नी के आपसी संबंध मधुर होंगे। कार्यक्षेत्र में आपकी कार्यशैली की प्रशंसा होगी। महत्वपूर्ण व्यावसायिक अनुबंध होने के योग प्रबल हैं।

**वृष** – आज आपके उदार स्वभाव की प्रशंसा होगी। रिश्तों में ताजगी का अनुभव कर सकते हैं। नई विधा के कार्यों की तरह आपकी रुचि बढ़ेगी। आपकी आय में वृद्धि हो सकती है। सभी काम आपकी इच्छा के अनुसार ही परिणाम देंगे।

**मिथुन** – आज बॉस आपके ऊपर काफी निर्भर रहेंगे। प्राइवेट नौकरी कर रहे लोगों को बोनस मिल सकता है। जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा। दोस्तों के साथ आप घूमने जा सकते हैं। सहकर्मियों के मदद से रुके हुए काम समय पर पूर्ण कर लेंगे।

**कर्क** – आज यदि कहीं बाहर जा रहे हैं तो खानपान का विशेष ध्यान रखें। बेवजह से झगड़ों से स्वयं को दूर रखें। अपने विचारों को दूसरों पर थोपने से आपको बचना चाहिए। सेहत के मामले में आपको परेशानी होगी।

**सिंह** – आज दिन की शुरुआत बहुत ही अच्छी रहेगी। अपनी बचत को लेकर थोड़े से आशंकित रहेंगे। भाई-बंधुओं के साथ विवाद सुलझ सकता है। जीवनसाथी से कोई काम छिपा कर न करें वरना आपको भविष्य में समस्या हो सकती है।

**कन्या** – आज अपनी दिनचर्या को अनुशासित रखें। प्रतियोगी परीक्षा में बड़ी सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। पैतृक संपत्ति से जुड़े मामले सुलझ सकते हैं। समय आपके लिए शुभ रहने वाला है। नौकरीपेशा लोगों की आय बढ़ सकती है।

**तुला** – आज रुके हुए काम दोबारा शुरू होंगे। प्रेमी जन के व्यवहार से आप गुस्सा हो सकते हैं। आपका मन अशांत हो सकता है। आपके विरोधी अचानक सक्रिय हो सकते हैं। रिश्तों में नई ताजगी आएगी। परिवार के साथ आपको समय बिताना चाहिए।

**वृश्चिक** – आज आपके ऊपर लोग गलत आरोप लगा सकते हैं। प्रेम संबंधों में मर्यादा का ध्यान रखें। परिवार के साथ आप समय बिताना पसंद करेंगे। व्यवसाय में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। जीवनसाथी का स्वास्थ्य थोड़ा खराब हो सकता है।

**धनु** – आज समाज में आपकी पहचान मजबूत होगी। घर का वातावरण बहुत शुभ रहने वाला है। संपत्ति विवाद खत्म होने के योग बन रहे हैं। अनुभवी लोगों का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार को लेकर आप गंभीरतापूर्ण निर्णय ले सकते हैं।

**मकर** – आज दांपत्य संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। बुजुर्ग लोग आपको बहुत अच्छी सीख देंगे। रिश्तेदारों से उपहारों का आदान-प्रदान होगा। आर्थिक स्थिति बेहतर रहने वाली है,किंतु धन का अपव्यय करने से बचें। मित्रों के साथ आप अच्छा समय बिताएंगे।

**कुंभ** – आज सरकारी नौकरी कर रहे लोगों के ऊपर काम का दबाव घटेगा। आपके आत्मविश्वास और मनोबल में वृद्धि होगी। सामाजिक कार्यों में आप भाग लेंगे। बच्चे अपने भविष्य को लेकर थोड़े सशंकित हो सकते हैं। व्यापार में सफलता मिलने के योग बन रहे हैं।

**मीन** – आज व्यर्थ के कार्यों में ज्यादा धन बर्बाद न करें। खांसी-जुकाम की समस्या हो सकती है। तनाव से बचने के लिए ध्यान और प्राणायाम अवश्य करें। नया काम शुरू करना बिल्कुल भी उचित नहीं है। शाम के समय परिस्थितियां धीरे-धीरे अनुकूल होंगी।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
मजाल – सुबह : 10.46
भीष्मा – रात : 07.00

**SONY MAX**
पीकू – सुबह : 10.51
सत्यमेव जयते 2 – रात : 09.01

**SONY PIX**
मॉन्स्टर हंटर – सुबह : 11.18
पेसिफिक रिम – रात : 08.42

**ZEE CINEMA**
गुलाब गैंग – सुबह :09.10
बमफाड़ – शाम : 05.15

**colors CINEPLEX**
गब्बर इज बैक – सुबह :10.38
आर... राजकुमार – शाम : 06.00

### आज की सुपरहिट फिल्म




कलर्स सिनेप्लेक्स पर सुबह : 10.38 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

सोनू- तुम ऑपरेशन कराने से पहले ही क्यों भाग गए?
बंटी- नर्स बार-बार कह रही थी, डरो मत कुछ नहीं होगा हिम्मत रखो, कुछ नहीं होगा ये तो बस एक छोटा सा ऑपरेशन है।
सोनू- इसमें डरने की क्या बात है? सही तो कह रही थी।
बंटी- अबे,वो मुझसे नहीं डॉक्टर से कह रही थी।

डॉक्टर - कहिए कैसे आना हुआ?
राजू- डॉक्टर साहब लिवर में बहुत दर्द हो रहा है।
डॉक्टर- शराब पीते हो?
राजू- हां- हां बिल्कुल पर छोटा पैक ही बनाना।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 990 फ्लैग 1105 डीएमओ 885 बोल्ड 1160, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 985 फ्लैग 1100 बोल्ड 1140 डीएमओ 860।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**-तुलसी 1805, राज श्री 1290, फ़ॉर्चून कि. 1765, रविन्द्रा 1765, फॉर्चुन ली0 1595, जय जवान 1390, सचिन 1535, सूरज 1415, अवसर 1625, राग गोल्ड 1620, गृहणी 1550, क्लासिक (किलो) 1640, मोर 1535, चक्र टिन 1620, ब्लू 1670, आशीर्वाद मस्टर्ड 1670, स्वास्तिक 1775, **किराना (प्रति कु.)**-हल्दी निजामाबाद 19000, जीरा 29000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-11000, अजवायन 16000-24000, मेथी 7400, सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4250, खजाना 4250, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 11100, राजमा चित्रा 13200-14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 7275-7700, मलका छांटी 7350, दाल उड़द बिलासपुर 10500-11400, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13800, उड़द धोवा 11900-12900, दाल चना 7350, लाल हिंदुस्तान 7650, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8300, चना अकोला 8200, डबरा 9000-11500, सच्चा हीरा 10300, मोटा हीरा 11700, अरहर गोला मोटा 14000, अरहर पटका मोटा 14400, अरहर कोरा मोटा 14700, अरहर पटका छोटा 15000-15400, अरहर कोरी छोटी 16700, **चीनी**-डालमियां 4140, पीलीभीत 4100, नवाबगंज 4090, बहेड़ी (नई) 4100 रुपये।

# डिजिटल से मिले सही दाम, 2187 करोड़ का कारोबार

## किसानों ने 125 मंडियों में ऑनलाइन उपज बेचकर ई-नाम को दिया बढ़ावा, वर्ष 2023-24 में बेहतर रही प्रगति

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

**अमृत विचार :** किसानों ने मंडी समितियों पर भरोसा जताते हुए केंद्र व राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना राष्ट्रीय कृषि बाजार (ई-नाम) को बढ़ावा दिया है। उत्तर प्रदेश की ई-नाम से जुड़ी 125 मंडियों में उपज बेचने से वर्ष 2023-24 में 2187 करोड़ रुपये का डिजिटल कारोबार हुआ है।

ई-नाम एक पोर्टल है। इसमें उपज की गुणवत्ता तय होती है और सही दाम मिलते हैं। किसान बिना कहीं जाए देशभर की किसी भी ई-नाम मंडी के आढ़तियों से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बात कर ग्रेडिंग उपरांत उपज बेचते हैं। ऑनलाइन व्यवस्था में समय की बचत के साथ 24 घंटे में किसानों के खातों में भुगतान आता है। इसमें सीधे व्यापारियों का हस्तक्षेप नहीं रहता है। ई-नाम खरीद में गेहूं, धान, मक्का, आलू, सरसों समेत कुल 219 कृषि उत्पाद अधिकृत हैं। प्रदेश में कुल 251 मंडी समिति हैं। किसानों की रुचि को देखते हुए शेष ई-नाम से जोड़ने की तैयारी है।

### अन्य मंडियां भी जल्द होंगी डिजिटल



### ई-नाम से कारोबार करने पर पांच मंडियां हुईं थीं मॉडल

2022-23 में ई-नाम से 100 फीसद कारोबार करने पर प्रदेश की बहराइच, हापुड़, कासगंज, झांसी व मुज्जफरनगर मंडी को मॉडल का दर्जा मिला था।

### ये होती हैं सुविधा

- मंडियों में किसानों के लिए एलईडी, लैब, इंटरनेट, सिंगल विंडो सिस्टम, ऑनलाइन पेमेंट की रहती है व्यवस्था।

**परीक्षण से तय होते दाम, व्यापारी ऑनलाइन लगाते बोली:** मंडी में आने वाले किसान ई-नाम या फिर आढ़ती को उपज बेचते हैं। आढ़ती सीधे उपज लेकर गुणवत्ता अच्छी होने पर भी मनमाने दाम देते हैं। भुगतान भी लंबित रखते हैं। जबकि ई-नाम में किसान सीधे मंडी कार्यालय में ऑनलाइन पंजीयन कराते हैं। इसके बाद उपज का परीक्षण कर गुणवत्ता तय कर ए,बी व सी श्रेणियों में दाम तय किए जाते हैं। इसके बाद मंडी कर्मी बिक्री के लिए पोर्टल पर उपज की गुणवत्ता, दाम, सैंपल आदि दर्शाते हैं। यह प्रक्रिया किसी भी मंडी के व्यापारी एलईडी पर देखकर ई-बोली लगाकर खरीद करते हैं। और खुद उपज अपने खर्च पर मंगाकर मंडी को भुगतान करते हैं और मंडी 24 घंटे में किसानों को देती है।

इस संबंध में मंडी परिषद के निदेशक अंजनी कुमार सिंह का कहना है कि अक्सर स्थानीय व्यापारी गुटबंदी कर उपज खरीदते हैं। वे दाम भी नहीं बढ़ने देते हैं और मनमाने देते हैं। लेकिन, ई-नाम से उपज देशभर के व्यापारी देखकर खरीदते हैं। इसमें स्थानीय व्यापारियों का हस्तक्षेप नहीं होता है और किसानों को उनकी फसल के अच्छे दाम मिलते हैं। जिससे कि खेतीहर किसानों की आमदनी में इजाफा होता है। क्योंकि जब देश का किसान मजबूत होगा तो प्रदेश के साथ हमारा देश भी तरक्की की राह पर चलेगा।

# सोने की कीमत में 500 और चांदी में 400 रुपये की वृद्धि

नई दिल्ली, एजेंसी

वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में तेजी के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोना 500 रुपये की मजबूती के साथ 72,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 71,850 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

चांदी की कीमत भी 400 रुपये मजबूत होकर 83,500 रुपये प्रति किलो हो गयी। इससे पूर्व यह 83,100 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई थी। 'महाराष्ट्र दिवस' और 'मजदूर दिवस' के मौके पर एक मई को सर्राफा बाजार आंशिक तौर पर बंद रहा। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक



(जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''विदेशों में नरमी के रुख के बीच दिल्ली में हाजिर सोना (24 कैरेट) 72,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा था जो पिछले बंद भाव से 500 रुपये अधिक है।'' अंतरराष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स (जिंस बाजार) में हाजिर सोना 2,304 डॉलर प्रति औंस पर रहा जो पिछले बंद भाव से 16 डॉलर ऊंचा है। चांदी भी बढ़त के साथ 26.45 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी। पिछले कारोबार में यह 26.39 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुई थी।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 82,300 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 85,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 90,000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 73,300 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 54,600-54,800 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 70,150 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 70,000 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 81,000 |
| चांदी तैयार | 81,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 68,600 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 67,600 |
| चांदी पक्की | 765 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 71,000 |
| चांदी आभूषण | 80,900। |

# इलेक्ट्रॉनिक्स, दूरसंचार उत्पादों के आयात में चीन, हांगकांग की 56% हिस्सेदारी

नई दिल्ली, एजेंसी

- भारत के लिए जीटीआरआई ने जारी की रिपोर्ट

भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स, दूरसंचार और इलेक्ट्रिकल उत्पादों का आयात 2023-24 में बढ़कर 89.8 अरब डॉलर हो गया जिनमें से आधे से अधिक आयात चीन और हांगकांग से होता है। आर्थिक शोध संस्थान जीटीआरआई ने अपनी रिपोर्ट में यह बात कही है।

'ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव' (जीटीआरआई) ने इस रिपोर्ट में कहा है कि भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स, दूरसंचार और इलेक्ट्रिकल क्षेत्र के कुल आयात में सर्वाधिक 43.9 प्रतिशत हिस्सेदारी चीन की है। रिपोर्ट के अनुसार, चीन और हांगकांग पर इन उत्पादों के मामले में गहरी निर्भरता दिखती है और यह पिछले कुछ साल में नाटकीय रूप से बढ़ी है। इसके मुताबिक, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं दूरसंचार आयात के मामले में चीन और हांगकांग पर निर्भरता को कम करना जरूरी है। यह न केवल आर्थिक लचीलापन बढ़ाने के लिए बल्कि तेजी से परस्पर जुड़ती जा रही दुनिया में भारत की डिजिटल और तकनीकी संप्रभुता की रक्षा के लिए भी जरूरी है।

# दो हजार रुपये के 97.76 प्रतिशत नोट वापस आए

**मुंबई।** आरबीआई ने बृहस्पतिवार को कहा कि बंद किए गए 2000 रुपये के 97.76 प्रतिशत नोट बैंकिंग प्रणाली में वापस आ गए हैं। केंद्रीय बैंक ने बताया कि सिर्फ 7,961 करोड़ रुपये के नोट अभी जनता के पास हैं। आरबीआई ने कहा कि 19 मई, 2023 को 2000 रुपये के नोट को वापस लेने की घोषणा की गई थी। इस दिन के अंत में बाजार में मौजूद 2000 रुपये के नोटों का मूल्य 3.56 लाख करोड़ रुपये था। अब 30 अप्रैल, 2024 को बाजार में सिर्फ 7,961 करोड़ रुपये के नोट बाजार में हैं। बैंक ने कहा-इस प्रकार, 2000 रुपये के 97.76 प्रतिशत नोट वापस आ चुके हैं।

# विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि में दूसरा सबसे तेज सुधार

नई दिल्ली, एजेंसी

- अप्रैल के जारी आंकड़े के अनुसार बढ़ती मांग को मिला समर्थन



भारत के विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधि अप्रैल में धीमी रही, लेकिन फिर भी परिचालन स्थितियों में साढ़े तीन साल में दूसरा सबसे तेज सुधार दर्ज किया गया जिससे बढ़ती मांग को समर्थन मिला। मौसमी रूप से समायोजित 'एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक' (पीएमआई) अप्रैल में घटकर 58.8 हो गया जो मार्च में 59.1 था।

पीएमआई के तहत 50 से ऊपर सूचकांक होने का मतलब उत्पादन गतिविधियों में विस्तार है जबकि 50 से नीचे का आंकड़ा गिरावट को दर्शाता है। एचएसबीसी के मुख्य भारत अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा कि मजबूत मांग की स्थिति के कारण उत्पादन में और वृद्धि हुई, हालांकि मार्च की तुलना में यह वृद्धि थोड़ी धीमी रही।

रिपोर्ट में कहा गया कि भारतीय विनिर्माताओं ने अप्रैल में घरेलू और बाहरी ग्राहकों से अपने माल की मजबूत मांग की सूचना दी। कुल नए ठेके में तेजी से वृद्धि हुई है और विस्तार की गति 2021 की शुरुआत के बाद से दूसरी सबसे मजबूत रही। इसके अलावा, अप्रैल में नए निर्यात ठेकों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। यद्यपि कुल बिक्री की तुलना में यह वृद्धि धीमी रही, जिससे पता चलता है कि घरेलू बाजार वृद्धि का मुख्य चालक बना रहा। सामग्री और श्रम लागत में वृद्धि की खबरों के बीच भारतीय विनिर्माताओं ने अप्रैल में अपने विक्रय मूल्यों में वृद्धि की। भंडारी ने कहा-कीमत की बात करें तो कच्चे माल और श्रम की उच्च लागत के कारण कच्चे माल की लागत में मामूली वृद्धि हुई है।

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### पंजाब में बॉयलर फटा दो लोगों की मौत

**लुधियाना (पंजाब)।** लुधियाना में एक रबर फैक्टरी में 'बॉयलर' फट जाने से दो श्रमिकों की मौत हो गई। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। यह घटना बुधवार को जसपाल बांगर गांव के औद्योगिक क्षेत्र में स्थित फैक्टरी में घटी। पुलिस ने बताया कि मृतकों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए सिविल अस्पताल भेजा गया है। उसने बताया कि इस घटना के संबंध में एक मामला दर्ज किया गया है।

### कोलकाता हवाई अड्डे के पास लेजर शो पर प्रतिबंध


**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के विधाननगर पुलिस कमीश्नर ने कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के आसपास लेजर शो पर प्रतिबंध लगा दिया है। आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि हवाई अड्डे के अधिकारियों से शिकायतें मिलने के बाद स्थानीय प्रशासन ने उत्तर 24 परगना के आठ थाना के आसपास क्षेत्रों में धारा 144 आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) के तहत बुधवार से 29 जून तक लेजर लाइट शो के उपयोग पर रोक लगा दी है। जारी नोटिस में कहा गया कि पश्चिम बंगाल पुलिस ने कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के आसपास के क्षेत्रों में लेजर लाइट शो प्रतिबंधित कर दिया है। यह एक दंडनीय अपराध है। कृपया ऐसी गतिविधियां करने से बचें! घरेलू उड़ानों के उड़ान भरते और लैंडिंग के समय दुर्घटना का अधिक खतरा बना रहता है।

# भाजपा सरकार मुसलमानों के खिलाफ नहीं: राजनाथ

## बिहार की चुनावी रैली में बोले रक्षा मंत्री, कई इस्लामी देशों ने नरेंद्र मोदी को किया सम्मानित

छपरा/सुपौल, एजेंसी

रक्षा मंत्री और भाजपा के पूर्व अध्यक्ष राजनाथ सिंह ने विपक्ष के भाजपा पर हिंदु-मुस्लिम के बीच विभाजन पैदा करने के आरोप को खारिज करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि कई इस्लामी देशों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सम्मानित किया है। बिहार के सुपौल और सारण लोकसभा क्षेत्रों में चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए पूर्व भाजपा अध्यक्ष ने अल्पसंख्यक समुदाय को कांग्रेस और उसके सहयोगी राजद से सावधान रहने का आग्रह करने के साथ विपक्षी दलों पर उन्हें धोखा देकर वोट मांगने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार मुसलमानों के खिलाफ नहीं है।



बिहार के सारण में लोकसभा चुनाव के लिए सार्वजनिक बैठक के दौरान केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और पार्टी उम्मीदवार राजीव प्रताप रूडी। ● एजेंसी

सिंह ने कहा-जहां तक भाजपा और राजग का प्रश्न है, तो हम लोग जात-पात, पंथ और मजहब के आधार पर राजनीति नहीं करते हैं। हम इंसाफ और इंसानियत के आधार पर राजनीति करते हैं। उन्होंने कहा कि संविधान के अनुसार धार्मिक आधार पर मुसलमानों के लिए आरक्षण संभव नहीं है। उन्होंने कहा-पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण की सुविधा है तथा मुस्लिम समाज में जो बहुत पिछड़े और गरीब हैं, वे इसमें शामिल हैं। आप कहते हैं कि हम धर्म के आधार पर आरक्षण देंगे। क्यों उनकी आंखों में धूल झोंक रहे हैं।

### समानता के इच्छुक लोगों को नक्सली बताने वाले नड्डा इस्तीफा दें: राहुल गांधी



**शिवमोगा।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने यह आरोप लगाते हुए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा के इस्तीफे की बृहस्पतिवार को मांग की कि भाजपा नेता ने समानता चाहने वालों को नक्सली करार दिया है। उन्होंने आरोप लगाया-भाजपा नेताओं ने एक बार फिर संविधान पर हमला बोला है। नड्डा कह रहे हैं कि यदि दलित, पिछड़ी जातियां और आदिवासी समानता चाहते हैं तो वे नक्सली हैं। संविधान पर इससे बड़ा कोई हमला नहीं हो सकता।" गांधी ने यहां एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा अध्यक्ष को तुरंत इस्तीफा देना चाहिए और प्रधानमंत्री को "संविधान पर हमले" के लिए दलितों, आदिवासियों और अन्य पिछड़ा वर्ग से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने कहा है कि उनकी पार्टी संविधान की रक्षा करेगी। उन्होंने कहा, "यदि भाजपा संविधान की रक्षा करना चाहती है, तो उसके अध्यक्ष समानता पर हमला क्यों कर रहे हैं?

# सर्वेक्षणों की आड़ में मतदाताओं का ब्योरा मांगना बंद करें राजनीतिक दल

नई दिल्ली, एजेंसी

- निर्वाचन आयोग ने कहा-यह भ्रष्ट आचरण के समान है

निर्वाचन आयोग ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों द्वारा अपनी प्रस्तावित योजनाओं के लिए विभिन्न सर्वेक्षणों की आड़ में मतदाताओं का विवरण मांगने को गंभीरता से लिया है, क्योंकि यह चुनाव कानून के तहत भ्रष्ट आचरण के समान है।

चुनाव प्राधिकरण ने उल्लेख किया कि कुछ राजनीतिक दल और उम्मीदवार ऐसी गतिविधियों में संलग्न हैं जो वैध सर्वेक्षणों और चुनाव के बाद लाभार्थी-उन्मुख योजनाओं के मद्देनजर व्यक्तियों को पंजीकृत करने के पक्षपातपूर्ण प्रयासों के बीच की रेखाओं को पार कर रहे हैं। आयोग ने सभी राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों को किसी भी विज्ञापन, सर्वेक्षण या मोबाइल





एप्लिकेशन के माध्यम से चुनाव के बाद लाभार्थी-उन्मुख योजनाओं के लिए लोगों को पंजीकृत करने वाली किसी भी गतिविधि को तुरंत बंद करने के लिए एक सलाह जारी की। इसमें कहा गया है कि चुनाव के बाद के लाभों के मद्देनजर पंजीकरण के लिए निजी तौर पर मतदाताओं को आमंत्रित करने या बुलाने का कार्य निर्वाचक और प्रस्तावित लाभ के बीच एक लेन-देन जैसे संबंध का आभास पैदा कर सकता है और एक प्रलोभन जैसा है।

# दिल्ली में सहपाठी ने छात्रा पर किया ब्लेड से हमला, चेहरे पर लगे 17 टांके

**नई दिल्ली।** राजधानी के गुलाबी बाग इलाके में 14 वर्षीय लड़की पर उसके साथ पढ़ने वाली छात्रा ने कथित तौर पर ब्लेड से हमला कर दिया, जिसकी वजह से पीड़िता के चेहरे पर 17 टांके लगाने पड़े। पुलिस ने यह जानकारी दी। इस बीच, पीड़िता का परिवार घटना में शामिल छात्राओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहा है। मामला बुधवार को तब सामने आया जब दिल्ली पुलिस ने घटना से जुड़ा कथित वीडियो वायरल होने पर स्वतः संज्ञान लिया। वीडियो में दिख रहा है कि एक छात्रा के चेहरे पर गंभीर चोटें आई हैं। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया-शुरुआत में हमें पता चला कि एक सरकारी स्कूल की कुछ छात्राओं के बीच हाथापाई हुई है और उनमें से एक ने दूसरी छात्रा पर धार वाली चीज से हमला कर दिया था।

# दहशत फैलाना, व्यवस्था बिगाड़ना था ईमेल भेजने का मकसद

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली के 100 से अधिक स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी संबंधी ईमेल भेजने का मकसद बड़े पैमाने पर दहशत पैदा करना और सार्वजनिक व्यवस्था को बिगाड़ना था। दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ द्वारा दर्ज प्राथमिकी में यह दावा किया गया है।

प्राथमिकी तक पहुंच रखने वाले आधिकारिक सूत्र के अनुसार

### दिल्ली के स्कूलों में बम धमकी का मामला

बुधवार को सुबह 5:47 बजे से अपराह्न 2:13 बजे के बीच कई स्कूलों की तरफ से, बम धमकी मिलने के बारे में कम से कम 125 कॉल आईं। सूत्र ने कहा कि कॉल आने के बाद पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) वाहन स्कूल पहुंचे और जिला पुलिस, बम निरोधक दस्ता (बीडीएस), एमएसी, विशेष प्रकोष्ठ और अपराध नियंत्रण कक्ष, डीडीएमएस, एनडीआरएफ, 'फायर कैट्स' व अन्य एजेंसियों को सतर्क किया गया। सूत्र के अनुसार प्राथमिकी में कहा गया है कि स्कूलों की ओर इन इकाइयों की आवाजाही के कारण काफी असुविधा हुई। उन्होंने कहा कि अधिकारियों ने एक व्यापक अभ्यास के तहत स्कूलों को खाली कराया और पूरे शहर में जांच-पड़ताल की।

# मेघालय में सीआरपीएफ कैंप पर अज्ञात बदमाशों ने किया पेट्रोल बम से हमला

**शिलांग।** पिछले कुछ हफ्तों में मेघालय की राजधानी में पेट्रोल बम हमलों में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक शिविर नवीनतम हमला किया गया। अज्ञात बदमाशों ने बुधवार और गुरुवार की मध्यरात्रि को लगभग 0030 बजे शहर के मावलाई इलाके में सीआरपीएफ शिविर पर कथित तौर पर तीन पेट्रोल बम फेंके। रिपोर्ट्स के मुताबिक पेट्रोल बम जमीन पर गिरा जिसके परिणामस्वरूप कोई भी व्यक्ति घायल नहीं हुआ और न ही संपत्ति को कोई नुकसान हुआ। बुधवार तड़के शिलांग सदर पुलिस स्टेशन और शहर के रिनजाह पुलिस स्टेशन पर पेट्रोल बम फेंके गए। पेट्रोल बम हमलों की एक श्रृंखला के मद्देनजर पुलिस ने शहर में रात की निगरानी बढ़ा दी है, जिनमें ज्यादातर पुलिस स्टेशनों और पुलिस वाहनों को निशाना बनाया गया है।

# चुनाव बाद शुरू होगा इंडियन रीडरशिप सर्वे

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

- कोरोना काल की वजह से टल गया था पिछला सर्वे

**अमृत विचार:** लंबे अरसे बाद इंडियन रीडरशिप सर्वे शुरू होने जा रहा है। पिछला सर्वे 2019 में हुआ था। कोरोना की वजह से यह सर्वे बराबर टलता रहा था। अब लोकसभा चुनाव के बाद घर-घर जाकर पाठकों के बीच सर्वे किया जाएगा। बता दें कि प्रिंट मीडिया में उक्त सर्वे की रिपोर्ट को अहम माना जाता है और निजी क्षेत्र के राष्ट्रीय विज्ञापन दाता इसकी रिपोर्ट को काफी महत्व देते हैं।

रीडरशिप सर्वे शुरू करने के लिए इंडियन न्यूज पेपर समिति (आईएनएस) के ऊपर भी काफी दबाव है और हाल ही में हुई बैठक में प्रस्ताव पारित हुआ है कि यह सर्वे जल्द से जल्द शुरू कराया जाए। भारतीय मीडिया अनुसंधान उपयोगकर्ता परिषद (मुंबई) द्वारा उक्त सर्वे कराया जाएगा। इस समय परिषद के अध्यक्ष शैलेश गुप्ता है जो आईएनएस के भी अध्यक्ष रह चुके हैं। इसलिए माना जा रहा है कि आईएनएस के प्रस्ताव को एमआरयूसीआई गंभीरता से लेगा।

सूत्रों के मुताबिक इस बार पाठक सर्वेक्षण की खासियत यह होगी कि उसके दायरे में मंझोले अखबारों को भी लिया जाएगा। उदाहरण के लिए यदि किसी शहर में राष्ट्रीय स्तर के तीन समाचार पत्रों की प्रसार संख्या ज्यादा है बावजूद इसके उस शहर में क्षेत्रीय स्तर का कोई समाचार पत्र भी ठीक-ठाक ढंग से प्रसारित होता है तो सर्वे के दायरे में क्षेत्रीय समाचार पत्र को भी शामिल किया जाएगा और आईआरएस रिपोर्ट में उसका उल्लेख भी किया जाएगा। क इंडियन रीडरशिप सर्वे विश्व का सबसे बड़ा पाठक सर्वेक्षण है। इस बार यह सर्वे दिल्ली सहित 29 राज्यों में होगा। जिसमें 4 लाख से ज्यादा घरों में एमआरयूसीआई के सर्वेक्षक व्यक्तिगत रूप से जाएंगे और पाठकों से समाचार पत्रों एवं पत्रिकाओं के बारे में राय लेंगे। इसमें रीडरशिप स्टडी काउंसिल के विशेषज्ञ का भी सहयोग लिया जाएगा। संभावना है कि लगभग 8 से 10 महीने में यह सर्वे पूरा हो जाएगा।

# न्यायालय ने निलंबित अधिकारी की पत्नी को जमानत देने से किया मना

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को दिल्ली सरकार के निलंबित अधिकारी प्रेमोदय खाखा की पत्नी को जमानत देने से मना कर दिया। अधिकारी पर आरोप है कि उसने एक नाबालिग लड़की से कई बार बलात्कार किया और उसे गर्भवती कर दिया। न्यायमूर्ति सी. टी. रविकुमार और एस. वी. एन भट्टी की पीठ ने अधिकारी की पत्नी सीमा रानी की याचिका खारिज कर दी और कहा कि वह दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश में हस्तक्षेप करने की इच्छुक नहीं है, जिसने उनकी याचिका खारिज कर दी थी। निलंबित अधिकारी पर एक नाबालिग लड़की से कई बार दुष्कर्म करने का आरोप है।

# 70,000 किलो हेरोइन गायब होने पर केंद्र से मांगा जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिल्ली उच्च न्यायालय ने नोटिस जारी करते हुए चार हफ्ते का दिया समय
- याचिकाकर्ता ने सरकारी आंकड़ों में दी गई जानकारी में विसंगति का किया है दावा

दिल्ली उच्च न्यायालय ने 2018 से 2020 के बीच मालखाने से 70,772.48 किलोग्राम हेरोइन के गायब होने का आरोप लगाने वाली याचिका पर केंद्र सरकार का रुख जानना चाहा है।

न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने बी आर अरविंदाक्षन द्वारा दायर याचिका पर नोटिस जारी किया और केंद्र से चार सप्ताह के भीतर अपना जवाब दाखिल करने को कहा। पेशे से पत्रकार याचिकाकर्ता ने दावा किया है कि 2018 से 2020 तक देश में दवाओं की जब्ती के संबंध में राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की रिपोर्ट और गृह मंत्रालय के आंकड़ों के बीच भारी विसंगति है। अदालत ने बुधवार को पारित अपने आदेश में कहा-उन्होंने (याचिकाकर्ता) कहा है कि 2018 और 2020 के बीच कुल मिलाकर 70,772.48 किलोग्राम हेरोइन मालखाने से गायब हो गई है। नोटिस जारी करें। चार सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल किया जाए। याचिकाकर्ता ने कहा है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार





में लगभग पांच लाख करोड़ रुपये मूल्य की 70,000 किलोग्राम से अधिक हेरोइन का "भयानक रूप से गायब होना" राष्ट्रीय सुरक्षा, सामाजिक स्थिरता और आर्थिक नतीजों को लेकर चिंताएं बढ़ाता है। याचिका में कहा गया है कि "विसंगति" की भयावहता इतनी बड़ी है कि अगर इसे तुरंत हल नहीं किया गया तो इससे समाज में अराजकता फैल सकती है, लेकिन इस मुद्दे पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। याचिका के अनुसार-याचिकाकर्ता ने जोर देकर कहा है कि भारत में जब्त की गई पांच लाख करोड़ रुपये की 70,772.54 किलोग्राम हेरोइन गायब हो गई है, इसलिए मंत्रालय पर जोर दिया गया है कि देश की सुरक्षा और कल्याण के लिए तत्काल जांच का आदेश दिया जाना चाहिए। याचिकाकर्ता ने ब्योरे के बेमेल होने के संबंध में कई दिशा-निर्देश जारी करने का अनुरोध किया है, जिसमें गृह मंत्रालय को एक निर्धारित समय अवधि में जांच के आदेश देने का निर्देश भी शामिल है। मामले की अगली सुनवाई नौ सितंबर को होगी।

# पल-पल बदला मैच, लड़कर हारे रॉयल्स

## रोमांचक मुकाबले में हैदराबाद को 1 रन से मिली जीत, यशस्वी और पराग ने लगाए अर्धशतक

**हैदराबाद, एजेंसी**

नितीश कुमार रेड्डी नाबाद (76) और ट्रैविस हेड (58) की शानदार अर्धशतकीय पारियों और उसके गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर सनराइजर्स हैदराबाद ने गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 50वें मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स को एक रन से हरा दिया है।

मुकाबला इतना रोमांचक था कि राजस्थान रायल्स की टीम जीता हुआ मैच आखिरी गेंद पर रोवमन पॉवेल के पगबाधा आउट होने से एक रन से हार गई। 202 रनों के लक्ष्य पीछा करने उतरी राजस्थान की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने पहले ही ओवर में जॉस बटलर (शून्य) का विकेट गवां दिया। कप्तान संजू सैमसन भी (शून्य) पर पवेलियन लौट गये। ऐसे में यशस्वी और रियान ने ना केवल पारी को संभाला और तेजी के साथ रन भी बटोरे। यशस्वी जायसवाल 67 रन बनाए। रियान पराग ने 77 रनों की पारी खेली। शिमरॉन हेटमायर (13) और रोवमन पॉवेल (27) बनाकर आउट हुए। रवि अश्विन (दो) रन पर नाबाद रहे। राजस्थान की टीम निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 200 रन ही बना सकी और मुकाबला एक रन से हार गई। इससे पहले नितीश कुमार रेड्डी नाबाद (76) और ट्रैविस हेड (58) की शानदार अर्धशतकीय पारियों की मदद से सनराइजर्स हैदराबाद ने राजस्थान रॉयल्स को जीत के लिए 202 रनों का लक्ष्य दिया है। राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज करनी का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी हैदराबाद की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पांचवें ओवर में अभिषेक शर्मा (12) का विकेट गवां दिया। ऐसे संकट के समय नितीश कुमार रेड्डी ने ट्रैविड हेड के साथ पारी को संभाला और तीसरे विकेट के लिए ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए (96) रन जोड़े।



### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| टी नटराजन (हैदराबाद) | 10 | 15 |
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 10 | 14 |
| मुस्तफिजुर रहमान (चेन्नई) | 10 | 14 |

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 10 | 509 |
| विराट कोहली (आरसीबी) | 10 | 500 |
| साई सुदर्शन (गुजरात टाइटंस) | 10 | 418 |

### अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 10 | 8 | 2 | 16 | +0.622 |
| कोलकाता | 9 | 6 | 3 | 12 | +1.096 |
| लखनऊ | 10 | 6 | 4 | 12 | +0.094 |
| हैदराबाद | 10 | 6 | 4 | 12 | +0.072 |
| चेन्नई | 10 | 5 | 5 | 10 | +0.627 |
| दिल्ली | 11 | 5 | 6 | 10 | -0.442 |
| पंजाब | 10 | 4 | 6 | 8 | -0.062 |
| गुजरात | 10 | 4 | 6 | 8 | -1.113 |
| मुंबई | 10 | 3 | 7 | 6 | -0.272 |
| बेंगलुरु | 10 | 3 | 7 | 6 | -0.415 |

### हैदराबाद 201/3
20 ओवर, अतिरिक्त : 8

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| ट्रैविस हेड बो आवेश | 58 | 44 | 6/2 |
| अभिषेक शर्मा का जुरेल बो आवेश | 12 | 10 | 0/1 |
| अनमोलप्रीत सिंह का जायसवाल बो संदीप | 5 | 5 | 1/0 |
| नितीश कुमार रेड्डी नाबाद | 76 | 42 | 3/8 |
| हेनरिक क्लासेन नाबाद | 42 | 19 | 3/3 |

गेंदबाजी : बोल्ट 4-0-33-0, अश्विन 4-0-36-0, आवेश 4-0-39-2, संदीप 4-0-31-1, चहल 4-0-62-0

### राजस्थान 200/7
20 ओवर, अतिरिक्त : 13

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल बो नटराजन | 67 | 40 | 7/2 |
| जोस बटलर का यानसेन बो भुवनेश्वर | 0 | 1 | 0/0 |
| संजू सैमसन बो भुवनेश्वर | 0 | 3 | 0/0 |
| रियान पराग का यानसेन बो कमिंस | 77 | 49 | 8/4 |
| हेटमायर का यानसेन बो नटराजन | 13 | 9 | 1/1 |
| रोवमैन पावेल पगबाधा बो भुवनेश्वर | 27 | 15 | 3/1 |
| ध्रुव जुरेल का अभिषेक बो कमिंस | 1 | 3 | 0/0 |
| रविचंद्रन अश्विन नाबाद | 2 | 2 | 0/0 |

गेंदबाजी : भुवनेश्वर 4-0-41-3, यानसेन 4-0-44-0, कमिंस 4-0-34-2, नटराजन 4-0-35-2, उनादकट 2-0-23-0, नितीश 1-0-12-0, शाहबाज 1-0-11-0



रियान पराग
77 रन
49 गेंद
8/4 चौके/छक्के

## खेल डायरी



### वंचित बच्चों के लिए शुरू किया टेनिस कार्यक्रम

**नई दिल्ली।** भारत के शीर्ष टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना ने वंचित तबके के बच्चों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से असम के माजुली द्वीप और बोंगाईगांव के दूरदराज के इलाकों से 25 ऐसे बच्चों को सहायता के लिए चुना है। रोहन बोपन्ना टेनिस अकादमी (आरबीटीए) और कमल इंडिया फाउंडेशन यूके के बीच इस साझेदारी के तहत नौ से 11 साल के चयनित बच्चों को व्यापक टेनिस प्रशिक्षण मुहैया कराया जाएगा। बच्चों को एक कौशल और फिटनेस मूल्यांकन प्रक्रिया से गुजरना पड़ा तथा उनका चयन ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन बोपन्ना ने किया। चयनित खिलाड़ी बेंगलुरु जाएंगे जहां उन्हें अत्याधुनिक बुनियादी ढांचा, विश्व स्तरीय टेनिस पाठ्यक्रम, अनुभवी कोच, स्कूल परिसर में खाने और रहने की व्यवस्था, शिक्षा और आरबीटीए में खुद बोपन्ना द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। बोपन्ना ने कहा हम कमल इंडिया फाउंडेशन यूके के साथ साझेदारी करके इस अवसर को उन प्रतिभाशाली युवाओं तक पहुंचाने के लिए रोमांचित हैं जिनकी अन्यथा ऐसे संसाधनों तक पहुंच नहीं होती।

### शुभंकर की सर्वश्रेष्ठ शुरुआत, चीन में संयुक्त सातवें स्थान पर

**बीजिंग।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा 2024 की अपनी सर्वश्रेष्ठ शुरुआत करते हुए गुरुवार को पहले दौर में छह अंडर 66 के स्कोर से वॉल्वो चीन ओपन में संयुक्त रूप से सातवें स्थान पर चल रहे हैं। शुभंकर संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रहे रोमेन लांगेस्क और सबेस्टियन सोडरबर्ग से तीन शॉट पीछे हैं। रोमेन और सबेस्टियन ने पहले दौर में 63 का समान स्कोर बनाया। टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे एक अन्य भारतीय ओम प्रकाश दो अंडर 70 के स्कोर से संयुक्त रूप से 51वें स्थान पर चल रहे हैं।

### आयरलैंड, इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 के लिए हारिस की वापसी

**लाहौर।** पाकिस्तानी चयनकर्ताओं ने आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 शृंखलाओं के लिए लेग स्पिनर उसामा मीर को टीम में जगह नहीं दी है जबकि तेज गेंदबाज हारिस रऊफ की वापसी हुई है। चयनकर्ता मोहम्मद युसूफ, अब्दुल रज्जाक और वहाब रियाज ने बताया कि पाकिस्तान की विश्व कप टीम आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ प्रदर्शन के आधार पर चुनी जाएगी। आयरलैंड में तीन मैचों की शृंखला 10 मई से और इंग्लैंड के खिलाफ चार मैचों की शृंखला 22 मई से शुरू होगी।

### उबर कप क्वार्टर फाइनल में हारी भारतीय टीम



**चेंगदू (चीन)।** अश्मिता चालिहा ने कड़ा संघर्ष किया लेकिन युवा और अनुभवहीन भारतीय महिला टीम को उबर कप बैडमिंटन टूर्नामेंट में गुरुवार को जापान ने 3-0 से हराया। पी वी सिंधू के बगैर खेल रही भारतीय टीम ने ग्रुप चरण में कनाडा और सिंगापुर को हराकर नॉकआउट के लिए क्वालीफाई किया था लेकिन आखिरी लीग मैच में उसे चीन ने 5-0 से मात दी थी। दुनिया की 53वें नंबर की खिलाड़ी चालिहा को 67 मिनट तक चले मुकाबले में दुनिया की 11वें नंबर की खिलाड़ी आया ओहोरी ने 21-10, 20-22, 21-15 से हराया। ईशारानी बरूआ को दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी नोजोमी ओकुहारा ने 21-15, 21-12 से शिकस्त दी। वहीं राष्ट्रीय चैंपियन प्रिया के और श्रुति मिश्रा को दुनिया की चौथे नंबर की जोड़ी नामी मत्सुयामा और चिहारू शिडा ने 21-8, 21-9 से हराया। भारत तीन बार 1957, 2014 और 2016 में उबर कप सेमीफाइनल में पहुंचा है। पुरूष टीम थॉमस कप क्वार्टर फाइनल में चीन से खेलेगी।

### एफआईएच प्रो लीग के लिए महिला टीम की घोषणा

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने गुरुवार को बेल्जियम में 22 से 26 मई तक होने वाली एफआईएच प्रो लीग 2023-24 चरण के लिए 24 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा कर दी है। एफआईएच प्रो लीग 2023-24 का बेल्जियम चरण 22 से 26 मई तक चलेगा, जबकि इंग्लैंड चरण एक जून को शुरू होगा और नौ जून को समाप्त होगा। भारत 22 मई को सलीमा टेटे की अगुवाई में अर्जेंटीना के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करते हुए दोनों चरणों में अर्जेंटीना, बेल्जियम, स्पेन, इंग्लैंड और जर्मनी के खिलाफ दो-दो मैच खेलेगा। भारत फिलहाल आठ मैचों में आठ अंक लेकर छठे स्थान पर है। इस बीच, मिडफील्डर नवनीत कौर उपकप्तान बनाया गया। गोलकीपिंग की जिम्मेदारी सविता और बिचू देवी खारीबाम पर होगी, जबकि रक्षात्मक पंक्ति में निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी, मोनिका, ज्योति छत्री और महिमा चौधरी शामिल हैं। मिडफील्ड सलीमा टेटे, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, नवनीत कौर, नेहा, ज्योति, बलजीत कौर, मनीषा चौहान और लालरेम्सियामी जैसे गतिशील खिलाड़ियों द्वारा किया जाएगा। फॉरवर्ड पंक्ति में मुमताज खान, संगीता कुमारी, दीपिका, शर्मिला देवी, प्रीति दुबे, वंदना कटारिया, सुनेलिता टोप्पो और दीपिका सोरेंग हैं।

# कमजोरियों से पार पाने उतरेगी केकेआर



**मुंबई, एजेंसी**

खराब फॉर्म से जूझ रही मुंबई इंडियंस के खिलाफ शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स अपनी कमजोरियों से पार पाने के इरादे से उतरेगी। श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली टीम को हालांकि हर विभाग में लगातार अच्छा प्रदर्शन करके किसी तरह की कोताही से बचना होगा।

केकेआर ने पिछले छह में से तीन मैच गंवाये हैं और पंजाब किंग्स ने रिकॉर्ड लक्ष्य का पीछा करके उसे हराया। बल्लेबाजी में अति आक्रामक रवैये का केकेआर को फायदा मिला है लेकिन गेंदबाजी में सुधार की गुंजाइश है। दूसरी ओर मुंबई प्लेआफ की दौड़ से लगभग बाहर है उसे पांच मैच और खेलने हैं। बुमराह (14 विकेट) और कोएत्जी (13 विकेट) मुंबई के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहे हैं लेकिन एक ईकाई के रूप में टीम गेंदबाजी में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकी है।

**आज का मुकाबला**
मुंबई इंडियंस
बनाम
कोलकाता नाइट राइडर्स
शाम 7:30 बजे

# भारतीय महिला टीम ने बांग्लादेश को हराकर 3-0 से बनाई विजयी बढ़त

**सिलहट (बांग्लादेश), एजेंसी**



गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन के बाद सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा के अर्धशतक से भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने तीसरे टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में गुरुवार को बांग्लादेश को सात विकेट से हराकर पांच मैच की शृंखला में 3-0 की विजयी बढ़त बना ली।

बांग्लादेश के 118 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने शेफाली (51 रन, 38 गेंद, आठ चौके) के अर्धशतक और स्मृति मंधाना (47 रन, 42 गेंद, पांच चौके, एक छक्का) के साथ उनकी पहले विकेट की 12.1 ओवर में 91 रन की साझेदारी से 18.3 ओवर में तीन विकेट पर 121 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। इस साल टी-20 महिला विश्व कप बांग्लादेश में ही होना है। बांग्लादेश की टीम इससे पहले सलामी बल्लेबाज अख्तर (39) और कप्तान सुल्ताना (28) की उम्दा पारियों के बावजूद 20 ओवर में आठ विकेट पर 117 रन ही बना सकी। भारत की ओर से राधा यादव ने दो विकेट चटकाए। रेणुका सिंह, पूजा वस्त्राकर और श्रेयंका को एक-एक विकेट मिला।

# मुक्केबाजी चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में चार भारतीय

**अस्ताना (कजाखस्तान)**



एएसबीसी एशियाई अंडर-22

भारतीय मुक्केबाजों मांदेंगबाम जादुमणि सिंह, निखिल, अजय कुमार और अंकुश ने गुरुवार को यहां अपने-अपने मुकाबले जीतकर एएसबीसी एशियाई अंडर-22 और युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप के पुरुष अंडर-22 सेमीफाइनल में जगह बनाई।

जादुमणि ने 51 किग्रा के क्वार्टर फाइनल में भूटान के फुंटशो किनले को 5-0 से हराकर भारत को अच्छी शुरुआत दिलाई। निखिल (57 किग्रा) ने भी इसी तरह का दबदबा बनाया और उज्बेकिस्तान के बख्तियोरोव अयूबखोन को 4-0 से शिकस्त दी। अजय (63.5 किग्रा) और अंकुश (71 किग्रा) ने रेफरी के मुकाबले रोकने (आरएससी) पर अपने-अपने मुकाबले जीते। अजय ने मंगोलिया के दमदिंडोरज पी के खिलाफ पहले दौर में ही मुकाबला जीत लिया जबकि अंकुश ने कोरिया के ली जू सांग के खिलाफ तीसरे दौर में जीत दर्ज की। आशीष हालांकि पुरुषों के क्वार्टर फाइनल में मंगोलिया के ओयुन एर्डेन ई के खिलाफ 2-3 से हार गए। बुधवार देर रात आर्यन, निशा, आकांक्षा फलसवाल और रुद्रिका ने युवा वर्ग में अपने-अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबले जीते।



# कार्लोस का तीसरी बार मैड्रिड ओपन जीतने का सपना टूटा

**मैड्रिड।** रूस के टेनिस खिलाड़ी आंद्रे रूबलेव ने शानदार खेल का मुजाहिरा करते हुए स्पेन के कार्लोस अलकराज के लगातार तीन बार मैड्रिड ओपन खिताब जीतने के सपने को तोड़ दिया है। मैड्रिड ओपन टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल मुकाबले में सातवीं वरीयता प्राप्त आंद्रे रूबलेव ने एक सेट में पिछड़ने के बाद स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अलकराज को 4-6, 6-3, 6-2 से हराया। दो बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन 20 वर्षीय अलकराज ने 41 मिनट में शुरुआती सेट जीतने के बावजूद अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सके। रुबलेव ने एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में जोरदार प्रदर्शन करते हुए अलकराज की 14 मैचों की जीत की लय को तोड़ते हुए मुकाबला जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। रुबलेव ने मैच के बाद कहा, सर्विस ने आज मुझे कई बार बचाया। मुझे लगता है कि सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यह मेरे पहले मैचों में से एक था जहां मैं पूरी तरह से शांत था। मैंने एक शब्द भी नहीं कहा, भले ही मैं हार रहा था। मैं और भी बेहतर सर्विस करने में सक्षम था क्योंकि शुरुआत में, मैं उतनी अच्छी सर्विस नहीं कर पा रहा था, लेकिन धीरे-धीरे, एक सेट के बाद मैं बेहतर होता गया और मैंने वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया।

# विश्वकप में अमूल होगा अमेरिका-दक्षिण अफ्रीका का प्रायोजक

**नई दिल्ली।** भारतीय दुग्ध उत्पाद निर्माता अमूल जून में टी-20 विश्व कप के दौरान अमेरिका और दक्षिण अफ्रीका टीम का प्रायोजक होगा।

अमेरिका एक जून से हो रहे टूर्नामेंट में सह मेजबान के तौर पर पदार्पण करेगा। टूर्नामेंट में सेमीफाइनल और फाइनल समेत कई मुकाबले वेस्टइंडीज में होंगे। अमूल के प्रबंध निदेशक जयेन मेहता ने कहा अमूल दूध की गुणवत्ता से अमेरिकी क्रिकेट टीम दुनिया भर में दिल जीत सकेगी। दक्षिण अफ्रीका के प्रायोजन के बारे में उन्होंने कहा अमूल 2019 वनडे शृंखला और 2023 वनडे विश्व कप से दक्षिण अफ्रीकी टीम से जुड़ा है। इस साझेदारी को आगे बढाने में हमें गर्व हो रहा है।

# आईपीएल के हिसाब से नहीं बनती टीम : रोहित

**मुंबई, एजेंसी**



भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने गुरुवार को कहा कि टीम प्रबंधन टी-20 विश्व कप में चार स्पिनरों के चयन को लेकर स्पष्ट था और अंतिम 15 खिलाड़ी चुनने में आईपीएल की बहुत भूमिका नहीं थी। भारत ने वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए चार स्पिनर और तीन तेज गेंदबाज चुने हैं। कुलदीप यादव और युजवेंद्र चहल कलाई के स्पिनर हैं जबकि अक्षर पटेल और रविंद्र जडेजा स्पिन हरफनमौला हैं।

रोहित ने प्रेस कांफ्रेंस में सवालों के जवाब में कहा मैं इस बारे में तफ्सील से बात नहीं करूंगा लेकिन मैं चार स्पिनर चाहता था। मैच सुबह दस बजे से शुरू होते हैं और इसमें काफी तकनीकी पहलू है। चार स्पिनरों को चुनने का कारण मैं अभी नहीं बताऊंगा। मैं चार स्पिनर चाहता था जिनमें से दो हरफनमौला है और इससे टीम को संतुलन मिलता है। विरोधी टीम को देखकर हम टीम संयोजन चुनेंगे। भारतीय टीम का चयन मंगलवार को किया गया। रोहित ने कहा कि बीच के ओवरों में टीम की जरूरत का काफी ध्यान रखा गया। शिवम दुबे को रिंकू सिंह पर तरजीह देने पर भी काफी सवाल उठे हैं। हमें यह समझना होगा कि पिचें और विरोधी टीम संयोजन कैसा होगा।

### पंड्या जो कर सकता है, उसका कोई विकल्प नहीं : अगरकर

**मुंबई।** मुख्य चयनकर्ता अजित अगरकर ने भारत की टी-20 विश्व कप टीम में हार्दिक पंड्या के चयन का बचाव करते हुए कहा कि टीम को संतुलन देने के अलावा फिट रहने पर वह जो कर सकता है, उसका कोई विकल्प नहीं है। मुंबई इंडियंस के कप्तान के तौर पर आईपीएल में खराब फॉर्म से जूझ रहे हार्दिक को टी20 विश्व कप टीम का उपकप्तान बनाए जाने से क्रिकेट जगत को हैरानी हुई है। उन्होंने वनडे विश्व कप में भारत के लिए एकमात्र मैच अक्टूबर 2023 में बांग्लादेश के खिलाफ खेला था। अगरकर ने कहा कि उपकप्तानी को लेकर कोई बात नहीं हुई। उसने अभी तक मुंबई इंडियंस के लिए सारे मैच खेले हैं।

# साद बिन जफर करेंगे टी-20 विश्व कप में कनाडा की अगुवाई

**टोरंटो।** कनाडा पहली बार पुरूष टी-20 विश्व कप में खेलेगा और पाकिस्तानी मूल के साद बिन जफर को जून में होने वाले टूर्नामेंट के लिए टीम की कमान सौंपी गई है। टीम में अधिकांश खिलाड़ी भारतीय या विदेशी मूल के हैं।

कनाडा को ग्रुप ए में भारत, पाकिस्तान, अमेरिका और आयरलैंड के साथ रखा गया है। कनाडा को पहला मैच एक जून को डल्लास में अमेरिका से खेलना है। पिछले साल आईसीसी टी-20 विश्व कप अमेरिकास क्षेत्र के फाइनल में बरमूडा को हराकर कनाडा ने विश्व कप के लिये क्वालीफाई किया था। कनाडा टीम में साद बिन जफर (कप्तान), आरोन जॉनसन, डिलोन हेलाइगर, दिलप्रीत बाजवा, हर्ष ठाकेर, जेरेमी गोर्डन, जुनैद सिद्दीकी, कलीम सना, कंवरपाल ठाकुर, नवनीत धालीवाल, निकोलस किर्टोन, परगट सिंह, रविंदर पाल सिंह, रयान खान पठान, श्रेयस मोवा शामिल हैं। वहीं, रिजर्व में ताजिंदर, आदित्य, अम्मार, जतिंदर, परवीन को रखा गया है।

## बॉलीवुड हलचल

# नंद घर मुहिम से जुड़े मनोज



**मुंबई।** बॉलीवुड के जाने माने अभिनेता मनोज वाजपेयी नंद घर मुहिम से जुड़ गये हैं, जिसका उद्देश्य सात करोड़ बच्चों और दो करोड़ महिलाओं के जीवन को बेहतर बनाना है। 14 लाख आंगनवाड़ियों में सुधार करने के लक्ष्य के तहत, नंद घर ने अभिनेता मनोज बाजपेयी के साथ पूरे देश में एक विशेष कैंपेन की शुरुआत की है, जिसका शीर्षक है अगर बचपन से पूछा खाना खाया, तो देश का कल बनाया। नंद घर द्वारा चलाए जा रहे इस कैंपेन का उद्देश्य भावी पीढ़ी को पोषित करना है, जिसमें समग्र स्वास्थ्य देखभाल, गुणवत्तापूर्ण पोषण और बच्चों को सर्वोत्तम प्री-स्कूल शिक्षा प्रदान करना शामिल है। इस मुहिम में शामिल होने पर मनोज बाजपेयी का स्वागत करते हुए, अनिल अग्रवाल, चेयरमैन, वेदांता, ने कहा प्रोजेक्ट नंद घर पूरे देश में बच्चों और महिलाओं को स्वस्थ और सुपोषित रहने में मदद करने पर केंद्रित है। मनोज बाजपेयी का इस महत्वपूर्ण मुहिम से जुड़ना हमारे लिए गर्व का विषय है। उनके निजी जीवन के अनुभव भावी पीढ़ियों के जीवन को बेहतर और सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं, जो कि नंद घर के उद्देश्य के साथ बखूबी मेल खाते हैं। नंद घर के साथ जुड़ने को लेकर उत्साहित, मनोज बाजपेयी ने कहा, व्यक्तिगत तौर पर भूख की पीड़ा से गुजरने के कारण मेरा मानना है कि जो व्यक्ति भूख का सामना करता है, उसका शरीर, मस्तिष्क और भावनाएं काफी प्रभावित होती हैं।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# धार्मिक स्वतंत्रता पर भेदभावपूर्ण टिप्पणी पर भारत का पलटवार

नई दिल्ली, एजेंसी

- विदेश मंत्रालय ने कहा-राजनीतिक एजेंडा वाला पक्षपाती संगठन है अमेरिकी आयोग



भारत ने गुरुवार को अंतर्राष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता पर अमेरिकी आयोग यूएससीआईआरएफ की उस रिपोर्ट को खारिज दिया। जिसमें भारत में भेदभावपूर्ण राष्ट्रवादी नीतियों को बढ़ावा देने का आरोप लगा था। भारतीय विदेश मंत्रालय ने भारत की आलोचना करने वाली इस रिपोर्ट को पक्षपाती बता दिया है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि यूएससीआईआरएफ अपनी वार्षिक रिपोर्ट में भारत को लेकर दुष्प्रचार जारी है। हमें उम्मीद नहीं है कि यूएससीआईआरएफ कभी भारत की विविध और लोकतांत्रिक लोकाचार को समझने की कोशिश करेगा। भारत ने रिपोर्ट पर तीखा हमला करते हुए कहा कि दुनिया की सबसे बड़ी चुनावी प्रक्रिया में हस्तक्षेप करने की उनकी कोशिश कभी सफल नहीं होगी। अमेरिकी आयोग ये सब कुछ भारतीय लोकसभा चुनाव में हस्तक्षेप करने के लिए कर रहा है लेकिन वो कभी भी इसमें सफल नहीं हो पाएगा। यूएससीआईआरएफ को अंतर्राष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम के तहत अमेरिकी संघीय सरकार के एक आयोग के रूप में बनाया गया था, जिसके सदस्यों में राजनीतिक दलों के नेताओं द्वारा नियुक्त किया जाता है।

# यौन क्षमता से जुड़ी दवा विगोरा बेचने पर कोर्ट की रोक

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने होमियोपैथी दवा निर्माता कंपनी द्वारा यौन क्षमता से जुड़ी समस्याओं के लिए बाजार में बेची रही दवा के विगोरा स्थायी रूप से रोक लगा दी। अदालत ने यह फैसला फाइजर प्रोडक्ट्स इंक द्वारा दाखिल याचिका पर सुनाया।

कंपनी वियाग्रा नाम से यौन समस्या के लिए अंग्रेजी दवा का उत्पादन करती है। न्यायमूर्ति संजीव नरुला की अदालत ने कहा कि दोनों नाम में समानता होने और एक तरह के वाणिज्यिक इस्तेमाल की वजह से भ्रम की बहुत अधिक आशंका है। अदालत ने रेनोविजन एक्सपोर्ट प्रा. लि. को निर्देश दिया कि वह विगोरा या कोई ऐसे नाम का इस्तेमाल न करे जो फाइजर के ट्रेडमार्क वियाग्रा से भ्रामक रूप से समान हो।

# जाओ फांसी लगा लो...कहना आत्महत्या को उकसाना नहीं

बेंगलुरु, एजेंसी

- कर्नाटक हाईकोर्ट की टिप्पणी उकसाने की श्रेणी में नहीं रखा जा सकता बयान

कर्नाटक हाईकोर्ट ने चर्च के पादरी की मौत के मामले में अहम टिप्पणी की। अदालत ने कहा कि केवल ऐसा कहना कि 'जाओ फांसी लगा लो', आत्महत्या के लिए उकसाने का प्रयास नहीं माना जा सकता।

अदालत में जस्टिस एम नागप्रसन्ना ने विवादास्पद बयानों से जुड़े मामलों में आत्महत्या के लिए उकसाने की मंशा से जुड़े जटिल सवाल पर स्पष्ट किया कि जाओ फांसी लगा लो जैसा बयान फांसी के लिए उकसाने की श्रेणी में नहीं रखा जा सकता। तटीय कर्नाटक के इस मामले में याचिकाकर्ता पर आरोप है कि उसने उसकी पत्नी के साथ कथित संबंधों को लेकर पादरी से आक्रामक बहस की। खबर के मुताबिक पादरी के साथ आक्रामक बहस के दौरान उसने आवेश में पादरी से पीछा छुड़ाने के लिए 'जाओ फांसी लगा लो' जैसे कथन का इस्तेमाल कर डाला।

बचाव पक्ष के वकील ने कहा कि पादरी ने केवल उनके मुवक्किल के कहने पर ही आत्महत्या जैसा कदम उठाया। ऐसा नहीं माना जा सकता। वकील ने अदालत से कहा कि 'जाओ फांसी लगा लो' जैसे कथन का इस्तेमाल पत्नी के संबंध की जानकारी मिलने पर गुस्से और हताशा के कारण हुआ।

# देश में बढ़ रहे पार्सल स्कैम, न करें ये गलती



*पार्सल के नाम पर शहरों तक फैल गया है। इसमें किसी कूरियर कंपनी से होने का दावा करने वाला व्यक्ति कोई घरेलू या अंतर्राष्ट्रीय पार्सल की सूचना देता है। यदि आप इस झांसे में आ गए तो आपके साथ फ्रॉड हो सकता है। जानें कि इस तरह के फ्रॉड कैसे होते हैं और इनसे कैसे बचा जा सकता है...*

### कैसे मिलती है अपराधियों को जानकारी

विदेश से पार्सल के नाम पर जालसाज इसकी जानकारी ई-कॉमर्स कंपनी, वेयरहाउसिंग या उनके लॉजिस्टिक्स पार्टनर से चुरा लेते हैं। यदि पूर्व सूचना नहीं है तो कॉल पर भरोसा न करें। फिर भी आपको परेशान करे तो पुलिस को सूचना दे सकते हैं।

### ऐसे करेंगे तो नहीं होगी ठगी

पार्सल के नाम से कॉल आए तो उसे नजरअंदाज करें और फोन उठा भी लें तो किसी ऑपशन पर बटन न दबाएं। किसी भी लिंक पर क्लिक न करें। ठगी होने पर नजदीकी साइबर पुलिस स्टेशन या 1930 पर शिकायत दें। www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दें।

### कैसे रखें सुरक्षित

- ऐसी घटनाओं के बारे में संचार माध्यमों में खबरें आती हैं। इनकी जानकारी रखें ताकि आप ऐसी घटनाओं में पैटर्न को पहचान सकें।
- अगर धोखाधड़ी का संदेह है, तो कॉल करने वालों को ब्लॉक कर दें। गोपनीयता, डेटा सुरक्षा और कानून प्रवर्तन के विशेषज्ञों से परामर्श करें।
- यदि आपसे कहा जाता है कि आपके किसी शिपमेंट को कस्टम ने रोक लिया गया है, तो उसके बारे में आधिकारिक सम्मन मांगें।
- संवेदनशील व्यक्तिगत या वित्तीय जानकारी साझा करने या ओटीपी देने से बचें। किसी भी वित्तीय लेनदेन में जल्दबाजी न करें।
- धोखाधड़ी का शिकार हुए हैं, तो तुरंत स्थानीय पुलिस को सूचना दें और राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज करें।

## एक नजर

### नवाज के करीबी बोले-पाकिस्तान में फिर से हो सकते हैं आम चुनाव

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की पीएमएल-एन पार्टी के नेता ने बताया कि वह अगले दो सालों में नए चुनाव हो सकते हैं। नवाज शरीफ को चौथी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए हो सकते हैं, यदि वह चुनाव जीतते हैं, तो यह उनका चौथा कार्यकाल होगा। पाकिस्तान में 8 फरवरी को आम चुनाव हुए। इस चुनाव में नेशनल असेंबली बहुमत पाने में असफल रही। इस कारण से 74 वर्षीय नवाज शरीफ चौथी बार प्रधानमंत्री नहीं बन सके। लेकिन अगले दो सालों में अगर आम चुनाव होते हैं तो उनके प्रधानमंत्री बनने की पूरी संभावना हैं। ऐसा एक पाकिस्तान मुस्लिम लीग नवाज के नेता जावेद लतीफ ने कहा। उन्होंने कहा कि अगले दो साल में या पांच साल कभी भी चुनाव हों, पीएमएल-एन नवाज शरीफ ही चौथी बार सत्ता की कमान संभालेंगे।

### घाटी में आतंकी संगठन में शामिल होने जा रहा युवक गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस की काउंटर इंटेलीजेंस कश्मीर (सीआईके) ने एक कट्टरपंथी युवक को गिरफ्तार किया है जो बडगाम में आतंकवादियों के साथ शामिल होने जा रहा था। अधिकारियों ने बताया, सीआईके ने बीरवाह गांव के एक कट्टरपंथी व्यक्ति वसीम अहमद शेख को गिरफ्तार किया, जो आतंकवादी के पाकिस्तान में बैठे कुछ आकाओं के उकसाने पर आतंकवाद में शामिल होने वाला था। वैश्विक आतंकवादी संगठन की शाखा अंसार गजवत-उल-हिंद अपने पैर फिर जमाने की कोशिश कर रहा है। सूचना के आधार पर सीआईके ने कार्रवाई दौरान एक वसीम को गिरफ्तार किया है।

### भारत-इंडोनेशिया संयुक्त रक्षा सहयोग समिति की बैठक कल

**नई दिल्ली।** भारत और इंडोनेशिया के बीच संयुक्त रक्षा सहयोग समिति की सातवीं बैठक कल होगी। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि बैठक की सह-अध्यक्षता रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने और इंडोनेशिया के रक्षा मंत्रालय के महासचिव एयर मार्शल (सेवानिवृत्त) डोनी एर्मावान टौफैंटो करेंगे। बैठक में दोनों पक्ष साझा हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे। दोनों देशों के बीच रक्षा गतिविधियों में विविधता आई है जिसमें सेवाओं के बीच व्यापक संपर्क, सैन्य आदान-प्रदान, उच्च-स्तरीय यात्राएं, क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण कार्यक्रम, संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना में सहयोग और द्विपक्षीय अभ्यास शामिल हैं।

### यूएई में फिर खराब हुआ मौसम भारी बारिश के कारण कई उड़ानें रद

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में गुरुवार को भारी बारिश और आंधी के कारण कई अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें रद कर दी गईं। इससे दो सप्ताह पहले दुबई में आए अभूतपूर्व तूफान के चलते कई दिन तक जन-जीवन अस्त व्यस्त रहा था। बुधवार को देश के राष्ट्रीय आपात संकट एवं आपदा मोचन प्राधिकरण (एनसीईएमए) ने हालात से निपटने के लिए तैयारियां तेज कर दीं। हालांकि अब बारिश के पिछले महीने हुई बारिश की तुलना में कम गंभीर रहने का अनुमान है, लेकिन फिर भी लोगों से ऐहतियात बरतने का आग्रह किया गया है।

# नाराज चीन ने शहबाज के अनुरोध के बाद फिर ठुकराया राजकीय न्योता

## पाकिस्तान के पीएम क्षुब्ध, दो देशों की राजकीय यात्रा करने की परंपरा खत्म

इस्लामाबाद, एजेंसी

चीन इन दिनों पाकिस्तान से नाराज चल रहा है, जिसकी वजह से शपथ लेने के करीब दो महीने बाद भी पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ चीन की आधिकारिक राजकीय यात्रा का इंतजार कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के बार-बार अनुरोध के बावजूद चीन ने कोई जवाब नहीं दिया है।

अब मई के अंत में या जून में पीएम शहबाज शरीफ चीन- पाकिस्तान आर्थिक गलियारे पर संयुक्त सहयोग समिति (जेसीसी) की 13वीं बैठक में भाग लेने चीन की यात्रा पर जा सकते हैं, लेकिन यह राजकीय यात्रा नहीं होगी। बता दें, पाकिस्तान में नए पीएम के शपथ लेने के तुरंत बाद दो देशों की राजकीत यात्रा की परंपरा है। एक चीन और दूसरा सऊदी अरब। इस बार चीन और सऊदी अरब दोनों ने शहबाज को राजकीय यात्रा का निमंत्रण नहीं दिया है। शहबाज 28-29 अप्रैल को सउदी अरब गए लेकिन राजकीय दौरा नहीं था।

### नाराजगी की वजह सीपैक और अमेरिका, हमले रोकने में नाकामी



पाकिस्तान के बर्ताव से चीन खफा है। चीन-पाकिस्तान इकोनोमिक कॉरिडोर (सीपैक) प्रोजेक्ट पर काम कर रहे चीनी इंजीनियरों और नागरिकों पर हो रहे हमलों को पाकिस्तान रोकने में नाकाम रहा है। 26 मार्च को खैबर पख्तूनख्वा में 5 चीनी नागरिकों की हत्या के बाद चीन ने पाकिस्तान से स्पष्ट कहा था कि मामले की गहन जांच होनी चाहिए। चीन ने के इंजीनियरों को प्रोजेक्ट साइट तक पहुंचने के लिए बम रोधी वाहन उपलब्ध नहीं कराया गया। फिलाहल चीन की एक समिति पाकिस्तान में घटना की जांच कर रही है।

### पाकिस्तान के अमेरिका की ओर बढ़ते लगाव से भी चिंतित है चीन

चीन पाकिस्तान के अमेरिका की ओर बढ़ते लगाव से भी चिंतित है। पिछले साल 12 सितंबर 2023 को पाकिस्तान में अमेरिकी राजदूत डोनाल्ड ब्लोम ने चीन की फंडिंग से बलूचिस्तान में बने ग्वादर पोर्ट का दौरा किया था। पहली बार इतने बड़े अधिकारी ने ग्वादर का दौरा किया था। जिस अमेरिका ने 15 साल तक जिस प्रोजेक्ट से दूरी बनाई रखी, उसी ग्लादर पोर्ट प्रोजेक्ट को लेकर अमेरिका की रुचि ने चीन को परेशान कर दिया है।

### बिजली कंपनियों की बकाया राशि को लेकर भड़का चीन

पाकिस्तान से चीन ने बिजली कंपनियों का 550 अरब पाकिस्तानी रुपये की मांग की है। चीन की कंपनियां लंबे समय से यह पैसा मांग रही हैं लेकिन शहबाज सरकार उसे देने का नाम नहीं ले रही है। चीन के स्वतंत्र बिजली उत्पादकों का 550 अरब रुपये बकाया है और इसको चुकाने के लिए शहबाज सरकार कोई सिड्यूल नहीं दे पा रही है। शहबाज शरीफ अब जून के पहले सप्ताह चीन जा रहे हैं और माना जा रहा है कि यह मुद्दा प्रमुखता से उठ सकता है। वहीं चीन ने जोर देकर कहा है कि शहबाज शरीफ की इस यात्रा से पहले सभी लंबित मुद्दों का समाधान कर लिया जाए।

# अमेरिकी विवि में फिलिस्तीन समर्थकों के तेवर आक्रामक


**वाशिंगटन।** अमेरिका में फिलिस्तीन के समर्थन में आवाज उठने का सिलसिला जारी है। कोलंबिया यूनिवर्सिटी से शुरू हुआ विरोध-प्रदर्शन अब दूसरे कैंपस में भी अपना असर दिखा रहा है। लॉस एंजिल्स के कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय में फिलिस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारियों के कथित कब्जे से कैंपस को मुक्त कराने के लिए पुलिस को बल प्रयोग करना पड़ा है।

रिपोर्ट के मुताबिक पुलिस ने बैरिकेड्स हटा दिए हैं। फिलिस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारियों ने जब पुलिस के आदेश को मानने से इनकार कर दिया तो 24 घंटे बाद उनके मजबूत कब्जे को हटाने के लिए पुलिस ने बलप्रयोग किया। कई लोगों को हिरासत में भी लिया गया। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को लाउडस्पीकर पर चेतावनी दी और कहा कि उन्हें कई घंटों तक हिरासत में रखा जा सकता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक अमेरिकी प्रशासन के बलप्रयोग का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पुलिस के हेलीकॉप्टर कैंपस के ऊपर मंडराते देखे गए। फ्लैश-बैंग्स की तेज आवाजें भी सुनी गईं। इसकी मदद से पुलिस भीड़ को तितर-बितर करने का प्रयास करती है।

# यूएन में फिलिस्तीन मुद्दे पर भारत-पाकिस्तान एकमत

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

- रूचिरा बोलीं- दो राष्ट्र सिद्धांत ही दोनों देशों के बीच विवाद का हो सकता है समाधान



संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने एक बार फिर इजराइल-फिलिस्तीन विवाद पर भारत का रुख साफ किया और कहा कि 'दो राष्ट्र सिद्धांत ही दोनों देशों के बीच विवाद का समाधान कर सकता है। वहीं पड़ोसी पाकिस्तान ने भी फिलिस्तीन को पूर्ण सदस्यता को लेकर पुनर्विचार करने की मांग की है। युद्धग्रस्त फिलिस्तीन को लेकर दोनों देश यूएन में एकमत रहे और दोनों फिलिस्तीन का समर्थन किया।

रुचिरा कंबोज ने कहा कि भारत, दो राष्ट्र सिद्धांत का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है। तभी फिलिस्तीन के लोग सुरक्षित सीमाओं के साथ आजादी से रह सकेंगे। साथ ही इजराइल की सुरक्षा चिंताओं का भी समाधान हो सकेगा।

भारत ने संयुक्त राष्ट्र की सदस्यता के लिए फिलिस्तीन की मांग का समर्थन किया है। बता दें कि पिछले महीने अमेरिका ने फिलिस्तीन की इस मांग का विरोध किया था। रुचिरा कंबोज ने कहा कि 'हमें उम्मीद है कि संयुक्त राष्ट्र में फिलिस्तीन की सदस्यता पर उचित समय पर पुनर्विचार किया जाएगा और संयुक्त राष्ट्र का सदस्य बनने के फिलिस्तीन के प्रयास को समर्थन मिलेगा।

### पाकिस्तान ने भी किया फिलिस्तीन का समर्थन

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के राजदूत मुनीर अकरम ने सुरक्षा परिषद से विश्व की बहुसंख्यक आबादी की राय के अनुरूप संयुक्त राष्ट्र की पूर्ण सदस्यता के लिए फिलिस्तीन के आवेदन पर पुनर्विचार करने और उसका समर्थन करने की पुरजोर वकालत की है। पाकिस्तानी संयुक्त राष्ट्र मिशन ने कहा कि यह कदम फिलिस्तीनी लोगों के खिलाफ ऐतिहासिक अन्याय में सुधार करेगा और द्विराष्ट्र समाधान की स्थापना का मार्ग प्रशस्त करेगा।

## खतरे का निशान पार



**श्रीनगर :** भारी बारिश के चलते जम्मू-कश्मीर की कई नदियों का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया है। श्रीनगर, जम्मू, रामबन और बनिहाल सहित कई स्थानों पर भूस्खलन की घटनाएं हो रही हैं। भूस्खलन के चलते जम्मू को कश्मीर से जोड़ने वाले 270 किमी लंबे ऑल वेदर रोड पर यातायात रोक दिया गया है। श्रीनगर में झेलम नदी का जलस्तर बढ़ने से कई शिकारों को नुकसान पहुंचा है। ● एजेंसी

# यूक्रेन के खिलाफ रासायनिक हथियारों का इस्तेमाल कर रहा है रूस : अमेरिका

**वाशिंगटन, एजेंसी।** रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध जारी है। इस बीच बुधवार को संयुक्त राज्य अमेरिका ने रूस पर यूक्रेन के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय रसायनिक हथियार प्रतिबंध का उल्लंघन करने का आरोप लगया। अमेरिका का कहना है कि रूस ने यूक्रेनी सैनिकों के खिलाफ चोकिंग एजेंट क्लोरोपिक्रिन को तैनात किया है। अमेरिका ने रूस पर यूक्रेन में दंगा नियंत्रण एजेंटों को इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है। बता दें, क्लोरोपिक्रिन को रासायनिक हथियार निषेध संगठन (ओपीसीडब्ल्यू) ने प्रतिबंधित चोकिंग एजेंट के रूप में सूचीबद्ध किया है।

अमेरिकी विदेश विभाग ने एक बयान में बताया कि रूसी सेना यूक्रेनी सेनाओं को उनके गढ़ से हटाने के लिए ऐसे रसायनों का इस्तेमाल कर रही है। दरअसल, हाल ही में एक मीडिया रिपोर्ट ने यूक्रेनी सेना के हवाले से कहा था कि रूस ने एजेंटों के अवैध उपयोग को बढ़ा दिया है। यूक्रेनी सेना का कहना है कि रूस क्लोरोपिक्रिन के अलावा, सीएस और सीएन गैसों से भरे ग्रेनेड का भी इस्तेमाल कर रहा है।

# अंतरिक्ष में हथियारों पर लगाम के लिए अब रूस का प्रस्ताव पेश

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

- अमेरिकी मसौदा पर वीटो के बाद रूस ने की हथियारों पर हमेशा के लिए प्रतिबंध लगाने की अपील

अमेरिका और जापान की ओर से लाए गए एक प्रस्ताव को वीटो करने के कुछ दिनों बाद रूस खुद अंतरिक्ष में हथियारों पर लगाम लगाने वाला एक प्रस्ताव लेकर आया है। इस प्रस्ताव में सभी देशों से अंतरिक्ष में हथियारों पर हमेशा के लिए प्रतिबंध लगाने की अपील की गई है।

रूस का मसौदा प्रस्ताव अमेरिका और जापान के प्रस्ताव से कहीं आगे है। इसमें न केवल अंतरिक्ष में हथियारों की तैनाती पर रोक के प्रयास की अपील की गई है, बल्कि हमेशा के लिए अंतरिक्ष में खतरा या बल प्रयोग रोकने की बात कही गई है। साथ ही कहा गया है कि अंतरिक्ष से पृथ्वी के खिलाफ और पृथ्वी से अंतरिक्ष में मौजूद उपकरणों के खिलाफ हथियार तैनात न करने की बात भी शामिल होनी चाहिए। यूएन में रूस की राजदूत वासिली नेबेंजिया ने यूएन में वीटो के वक्त कहा था कि प्रस्ताव में केवल परमाणु हथियारों सहित सामूहिक विनाश के हथियारों पर ध्यान केंद्रित किया गया है और अंतरिक्ष में अन्य हथियारों का कोई उल्लेख नहीं है। 24 अप्रैल को अमेरिका और जापान के प्रस्ताव पर मतदान होने से पहले, रूस और चीन ने एक संशोधन का प्रस्ताव रखा था, जिसमें सभी देशों से विशेष रूप से अंतरिक्ष क्षमताओं वाले देशों से, अंतरिक्ष में हथियारों की तैनाती को हमेशा के लिए रोकने का आह्वान किया था।

# जेल जाने की चेतावनी पर ट्रंप ने न्यायाधीश को कहा कुटिल

**वाशिंगटन।** अदालत की अवमानना के मामले में दोषी ठहराए जाने और इस बारे में कुछ न कहने के 'गैग आदेश' का उल्लंघन करने पर जेल जाने की चेतावनी दिए जाने के एक दिन बाद डोनाल्ड ट्रंप ने अपने खिलाफ रिश्वत मामले में सुनवाई कर रहे न्यायाधीश को 'कुटिल' कहा। राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप पर वयस्क फिल्मों की अभिनेत्री स्टॉर्मी डेनियल्स को, उन दोनों के कथित अवैध संबंधों के बारे में चुप्पी साधने के बदले 130,000 डॉलर की रिश्वत देने का तथा इस राशि के भुगतान को छिपाने के लिए कारोबारी रिकॉर्ड में हेराफेरी करने का आरोप है। जज ने मंगलवार को ट्रंप को गैग आदेशों पर दोषी ठहराया है और जुर्माना भी लगाया है।

**विज्ञान** हबल व वेब के नए शोध से हुआ रहस्य का खुलासा, वैज्ञानिक कर रहे गहराइयों की खोज

# तेजी से होता था प्रारंभिक आकाशगंगाओं का विकास

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** अनंत में फैले ब्रह्मांड की थाह पाना मुमकिन नही तो नामुमकिन भी नही है। जिसे लेकर वैज्ञानिकों का बड़ा वर्ग इसकी गहराइयों की खोज में खोया रहता है। इस कड़ी में आई नई जानकारी के अनुसार प्रारंभिक ब्रह्मांड में आकाशगंगाओं का विकास आश्चर्यजनक तेजी के साथ हुआ था।

खगोल विज्ञान की बेसिक जानकारी रखने वाला कोई भी व्यक्ति जानता है कि आकाशगंगाएं आम तौर पर काफी सीमित आकार की होती हैं। जिनमें सर्पिल, अण्डाकार, वर्जित-सर्पिल और अनियमित आकार लिए होती हैं। वर्जित-सर्पिल आकाशगंगा को आधुनिक ब्रह्मांड मे विशेष रूप से जाना जाता है। मगर हबल स्पेस टेलीस्कोप के जरिए खगोलविदों के नए अध्ययन ने पुराने दृष्टिकोण को चुनौती दी है। जिसकी पुष्टि के लिए जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप द्वारा अध्ययन किए गए और खुलासा किया गया कि 11 अरब साल पहले प्रारंभिक ब्रह्मांड में आकाशगंगाएं वर्तमान की अपेक्षा तेजी से विकसित हुईं। अपनी आकाशगंगा का जिक्र करें तो मिल्की वे एक सर्पिल आकाशगंगा है। जिसमें एक केंद्रीय नाभिक और केंद्र से निकलने वाली सर्पिल भुजाएं हैं। हमारा सौर मंडल केंद्र से लगभग 25 हजार प्रकाशवर्ष की दूरी पर स्थित है। नेचर में प्रकाशित यह शोध पहली प्रत्यक्ष पुष्टि है कि सुपरमैसिव ब्लैक होल आकाशगंगाओं को बंद करने में सक्षम हो सकता है। हम जानते है कि आकाशगंगाएं स्थिर नहीं हैं। वे चलती हैं और विकसित होती हैं, साथ ही अपना आकार बदलते रहती हैं।



प्राचीन आकाशगंगा की तस्वीर।

### आकाशगंगाओं के भविष्य के बारे में जानकारी देगी खोज

आकाशगंगा हमारे ब्रह्मांड की सबसे बड़ी वस्तु है। जिनकी संख्या अनगिनत हैं और हमारी पृथ्वी भी मिल्की वे का हिस्सा है, जो ब्रहमांड में एक तिनके जितनी भी हैसियत नही रखती है। मगर ब्रह्मांड का ज्ञान उतना ही जरूरी है, जितना कि हम अपने जीवन से रखते हैं। क्योंकि हमारे जीवन की तरह ब्रह्मांड के हर वस्तु का जीवन है और उसकी एक उम्र सुनिश्चित है। इस उद्देश्य को लेकर ब्रह्मांड के प्राचीन व वर्तमान आकाशगंगाओं की उम्र के ज्ञान को लेकर यह शोध महत्वपूर्ण है।

# अप्रैल में 77 आतंकी हमलों से थर्राया पाकिस्तान, 70 की मौत

**इस्लामाबाद।** इस्लामाबाद स्थित एक थिंक टैंक की सुरक्षा आकलन रिपोर्ट में दावा किया गया है मार्च माह की तुलना में अप्रैल में आतंकी हमलों में बढोतरी दर्ज की गई है।

पाकिस्तान में मार्च महीने में 56 आतंकी हमले हुए, जबकि अप्रैल में अलग-अलग स्थानों पर 77 हमले हुए जिनमें 70 लोगों की जान चली गई। पाकिस्तान इंस्टीट्यूट फॉर कॉन्फ्लिक्ट एंड सिक्योरिटी स्टडीज (पीआईसीएसएस) की रिपोर्ट के अनुसार, हमले में खैबर पख्तूनख्वा में भारी नुकसान हुआ है। इन हमलों में 35 नागरिक और 31 सुरक्षा कर्मियों समेत 70 लोग मारे गए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, हमलों के दौरान चार आतंकी मारे गए और 32 नागरिक और 35 सुरक्षा कर्मी हमले में घायल हुए हैं। तुलनात्मक रुप से, मार्च में 56 आतंकी हमले हुए जिनमें 77 मौत हुईं और 67 लोग घायल हुए थे।

# 13 साल तक बच्चों को न दें स्मार्टफोन

- फ्रांस के राष्ट्रपति द्वारा गठित विशेषज्ञों की समिति ने तीन माह तक किया शोध

पेरिस, एजेंसी

बच्चों को 13 वर्ष की आयु तक स्मार्टफोन का इस्तेमाल नहीं करने देना चाहिए। इसके अलावा उनके इंस्टाग्राम, स्नैपचैट आदि जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म - के इस्तेमाल पर पूरी तरह से रोक - लगानी चाहिए।

यह सिफारिश फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों द्वारा गठित विशेषज्ञों की रिपोर्ट में की गई है। समिति ने तीन महीने तक किए गए शोध के आधार पर अपनी रिपोर्ट तैयार की है। इसके अनुसार, तीन साल तक के बच्चों को टेलीविजन - समेत किसी भी तरह की स्क्रीन के संपर्क में नहीं आना चाहिए। वहीं, 11 साल तक के बच्चों को किसी भी तरह का फोन नहीं देना चाहिए। अगर 11 से 13 वर्ष की आयु के बच्चों को फोन देना जरूरी है तो उसमें इंटनेट कनेक्टिविटी नहीं होनी चाहिए।

सिर्फ 13 वर्ष की आयु के बाद ही बच्चों को इंटरनेट से जुड़ा स्मार्टफोन इस्तेमाल करने देना चाहिए। रिपोर्ट में 18 वर्ष की आयु तक बच्चों के सोशल मीडिया इस्तेमाल पर रोक लगाने का भी कहा गया है। वहीं, 6 वर्ष की आयु तक बच्चों का हर तरह का स्क्रीन टाइम बहुत सीमित होना चाहिए। रिपोर्ट के अनुसार, इंटरनेट से जुड़े खिलौनो पर भी प्रतिबंध लगाना चाहिए, अगर संभव नहीं है दूर रखना चाहिए।

### इंटरनेट से जुड़े खिलौनों पर भी प्रतिबंध लगाने का सुझाव

न्यूरोलॉजिस्ट, मनोवैज्ञानिक और अन्य विशेषज्ञों की समिति की रपोर्ट में कहा गया है कि नर्सरी स्कूल में स्क्रीन पर पूरी तरह रोक लगानी चाहिए। कहानी सुनाने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले उपकरणों के अलावा इंटरनेट से जुड़े सभी खिलौनों पर भी प्रतिबंध लगाने का सुझाव है। तकनीक के बाजार में बच्चे वस्तु बन रहे हैं : रिपोर्ट में कहा गया कि बच्चों को तकनीकी उद्योग के फायदे के लिए वस्तु की तरह इस्तेमाल किए जाने से बचाने की जरूरत हैं। कंपनियां अपने लाभ के लिए बच्चों को इस ओर आकर्षित कर रही हैं, इससे बच्चों को बचाने की जरूरत है। इस नए तकनीकी बाजार में बच्चे वस्तु बन रहे हैं। तकनीकी कंपनियां अपने लाभा के लिए बच्चों को स्क्रीन से जोड़े रखना चाहती हैं और वह अपने अनुसार चीजों को नियंत्रित कर रही हैं।

